■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित | www.navbihartime.com | ■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 35, अंक : 341
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, शुक्रवार
16 मई 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

### देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

**1975:** सिक्किम को 22वें राज्य के रूप में भारतीय संघ में शामिल किया गया।

**2004:** टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडेरर ने हेम्बर्ग मास्टर्स ख़िताब जीता।

**2006 :** हॉलीवुड की चर्चित अदाकारा नाओमी वाट्स को संयुक्त राष्ट्र संस्था का राजदूत बनाया गया।

**2013:** अमेरिकी वैज्ञानिकों को पहली बार क्लोन किए गए इंसानी भ्रूण से स्टेम सेल निकालने में सफलता मिली।

**मूर्ख व्यक्ति दूर-दूर तक खुशी तलाशता था, ज्ञानी बिना कुछ कर ही उसे पा लेता है।**

## संक्षिप्त समाचार

### महिलाओं के लिए पिंक बस सेवा की शुरुआत आज से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** परिवहन विभाग द्वारा राज्य की महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा और सशक्तिकरण की दिशा में पहल करते हुए पिंक बस सेवा की शुरुआत की जा रही है। इस विशेष बस सेवा का फ्लैग ऑफ आज शुक्रवार को एक अणे मार्ग से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में पिंक बस एक ऐतिहासिक पहल है।

### बांग्लादेशी गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** एसएसबी की 41वीं बटालियन ने भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मोहम्मद रेडॉय खान के रूप में हुई है। वह बांग्लादेश के नाटोर जिले का रहने वाला है। प्राप्त जानकारी के आधार पर एसएसबी की सी कंपनी ने बॉर्डर पिलर नंबर 90/1 के पास से आरोपी को पकड़ा। यह स्थान भारतीय क्षेत्र में बीओपी पनी टंकी से करीब 800 मीटर अंदर है।

### महिला सिपाही ने की खुदकुशी

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय स्थित मंडल कारा में एक महिला सिपाही ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृत महिला पुलिस सिपाही शिवानी कुमारी कटिहार जिले की रहने वाली थी और पिछले एक साल से मंडल कारा काको में तैनात थी। बताया जा रहा है कि वह पिछले कुछ दिनों से मानसिक तौर पर परेशान चल रही थी। यह जहानाबाद में एक महीने के अंदर पुलिस विभाग में हुई तीसरी आत्महत्या है। इससे पहले दारोगा परमेश्वर पासवान ने फांसी लगाकर जान दे दी थी।

## बेगूसराय से दिल्ली जा रही यात्री एसी बस में लगी आग

# पांच यात्री जिंदा जले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बेगूसराय से दिल्ली जा रही एसी बस यात्री बस में गुरुवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पास आग लग गई। हादसे में 5 यात्रियों की जलकर मौत हो गई। मृतकों में मां-बेटी, भाई-बहन और एक युवक है। बस में करीब 80 यात्री सवार थे। स्लीपर बस बिहार के बेगूसराय से दिल्ली जा रही थी। हादसा सुबह 4.40 बजे आउटर रिंग रोड (किसान पथ) पर मोहनलालगंज के पास हुआ। उस वक्त ज्यादातर यात्री सो रहे थे। यात्रियों ने बताया कि बस में अचानक धुआं भरने लगा। लोगों को कुछ समझ में नहीं आया। कुछ ही मिनटों में आग की तेज लपटें उठने लगीं। बस के अंदर भगदड़ मच गई। ड्राइवर और कंडक्टर बस छोड़कर भाग गए। ड्राइवर की सीट के पास एक एक्स्ट्रा सीट लगी थी। ऐसे में यात्रियों को नीचे उतरने में दिक्कत हुई। कई यात्री फंसकर गिर गए। आसपास के लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जब तक दमकल की गाड़ियां पहुंचीं, तब तक पूरी बस जल चुकी थी। दमकल ने करीब 30 मिनट में आग बुझाई। टीम अंदर पहुंची तो जले हुए पांच शव मिले। यूपी के



परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने कहा कि बस का परमिट 2023 में ही समाप्त हो चुका था। मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यात्री राम बालक महतो ने बस मालिक, ड्राइवर और क्लीनर के खिलाफ मोहनलालगंज थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि राम बालक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। हादसे में मरने वालों की पहचान समस्तीपुर मधेपुर हसनपुर, बिहार निवासी अशोक महतो की पत्नी लक्खी देवी एवं उनकी पुत्री सोनी, सीतामढ़ी जिले के गमभार निवासी राम बालक महतो के पुत्र देवराज एवं पुत्री साक्षी और बेगूसराय देहात निवासी मधुसूदन के रूप में हुई है। एम्बुलेंस चालक ने बताया कि बच्चों के शव सीट पर मिले जबकि महिलाओं और युवक का शव सीट के नीचे मिला।

### सीएम नीतीश ने जताया शोक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बेगूसराय से दिल्ली जा रही बस में लखनऊ के मोहनलाल गंज के निकट आग लगने से बिहार के पांच लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि यह घटना अत्यंत दुखद है और वे इस घटना से मर्माहत हैं। मुख्यमंत्री ने स्थानिक आयुक्त, नई दिल्ली को निर्देश दिया है कि उत्तर प्रदेश सरकार से समन्वय स्थापित कर मृतकों के पार्थिव शरीर को उनके मूल निवास स्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था करें। उन्होंने मृतकों के निकटतम आश्रितों को दो-दो लाख मुख्यमंत्री राहत कोष से देने की घोषणा की है।

## बहुचर्चित सृजन घोटाले में पटना हाई कोर्ट ने सीबीआई को लगाई फटकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना हाईकोर्ट ने बिहार के बहुचर्चित सृजन घोटाले में सीबीआई की लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाया है। घोटाले की आरोपी रजनी प्रिया की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सीबीआई को चेतावनी दी कि यदि 16 मई तक काउंटर एफिडेविट दाखिल नहीं किया गया तो एजेंसी को पटना हाईकोर्ट लीगल सर्विसेज कमेटी में 10 हजार रुपये का जुर्माना जमा करना होगा। इस मामले की सुनवाई के दौरान रजनी प्रिया के अधिवक्ता अजीत कुमार ने कोर्ट को जानकारी दी कि 26 मार्च को सीबीआई को एफिडेविट दाखिल करने का आदेश मिला था परंतु 25 अप्रैल तक भी एजेंसी ने इसे दाखिल नहीं किया जबकि सीबीआई ने कोर्ट से अल्प अवधि की मांग करते हुए आश्वासन दिया था कि वह जल्द ही एफिडेविट दाखिल कर देगी लेकिन वह भी नहीं हुआ। बता दें कि रजनी प्रिया सृजन महिला विकास सहयोग समिति लिमिटेड की सचिव रही हैं। उनके खिलाफ 18 से अधिक मामले दर्ज हैं और उन पर सरकारी धन के गबन का गंभीर आरोप है। वे फिलहाल बेऊर जेल में बंद हैं। सृजन घोटाला बिहार का एक बड़ा वित्तीय घोटाला है, जो 2003 से लेकर 2017 तक चलता रहा। इस घोटाले में एक एनजीओ ने कई सरकारी विभागों की करोड़ों की राशि को अपने खातों में ट्रांसफर करवा लिया। यह संस्था मूलतः महिलाओं के सशक्तिकरण के नाम पर बनाई गई थी लेकिन बाद में घोटाले का अड्डा बन गई। सरकारी विभागों की आंखों में धूल झोंककर करोड़ों रुपये का गबन किया गया। इस मामले में सीबीआई की धीमी जांच और कोर्ट के आदेशों की अनदेखी से एजेंसी की पारदर्शिता और गंभीरता पर सवाल खड़े हो गए हैं। कोर्ट की फटकार यह साबित करती है कि न्यायिक व्यवस्था इस तरह की लापरवाहियों को बर्दाश्त नहीं करेगी। इस मामले की अगली सुनवाई 16 मई को तय की गई है।

## राहुल गांधी समेत 20 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित 20 लोगों के खिलाफ जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक कुमार के आवेदन पर लहेरियासराय थाने प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इन लोगों के खिलाफ पुलिस ने बीएनएस की धारा-163/144 के उल्लंघन का मामला दर्ज किया है। जिला कल्याण पदाधिकारी ने लिखा है कि आंबेडकर छात्रावास में कार्यक्रम के लिए कोई विधिवत अनुमति के बिना आयोजन किया गया था। थाने में दर्ज प्राथमिकी में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पूर्व विधान पार्षद डॉ. मदन मोहन झा, जमाल हसन, पूर्व जिलाध्यक्ष सीताराम चौधरी, विधायक शकील अजमद खान, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम सहित 20 कांग्रेस नेताओं को नामजद किया गया है। इस संबंध में सदर एसडीओ विकास कुमार एवं सदर डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि आंबेडकर छात्रावास में बिना अनुमति के आयोजित कार्यक्रम भारतीय न्याय संहिता की धारा-163 का उल्लंघन है।

## राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यालय में लगी आग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यालय में गुरुवार सुबह शॉट सर्किट के कारण आग लग गई। निर्वाचन विभाग के मशीनरी रूम में आग लगी जिससे वहां रखे कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और फर्नीचर जलकर राख हो गए। हालांकि, समय रहते दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया जिससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज सुरक्षित हैं। दरअसल, सुबह करीब सात बजे निर्वाचन विभाग के दफ्तर में शॉट सर्किट के कारण आग लग गई। आग की लपटें देखकर कर्मचारियों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचित किया। दमकल की कई गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। घंटे भर में आग पर काबू पा लिया गया। इस दौरान विभाग के सर्वर रूम और कॉन्फ्रेंस हॉल में रखा कुछ सामान जलकर राख हो गया। हालांकि, आग की इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना की सूचना मिलते ही जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में शॉट सर्किट को आग लगने का कारण माना जा रहा है। प्रशासन ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार आग से कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, फर्नीचर और दस्तावेज जलकर नष्ट हो गए हैं। हालांकि, सर्वर रूम और महत्वपूर्ण दस्तावेज सुरक्षित रहे। आग से हुए नुकसान का आकलन करने के साथ आवश्यक मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। इस घटना के बाद प्रशासन ने सभी सरकारी दफ्तरों में आग सुरक्षा उपायों की समीक्षा करने का निर्णय लिया है।

## कर्नाटक के लिए दो नई रेलवे लाइनों की फाइनल लोकेशन सर्वे को मंजूरी

**नयी दिल्ली(नयी दिल्ली)।** रेलवे बोर्ड ने कर्नाटक में दो अहम नई रेल परियोजनाओं के लिए फाइनल लोकेशन सर्वे (क्कव्रट्ट) को मंजूरी दे दी है। इनमें 162 किमी लंबी अलमट्टी-यादगीर रेल लाइन के सर्वे के लिए 4.05 करोड़ और 73 किमी लंबी भद्रावती-चिकजाजूर (चन्नगीरी के माध्यम से) रेल लाइन के सर्वे के लिए 1.825 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं जबकि कुल लागत 5.875 करोड़ होगी। अलमट्टी-यादगीर लाइन उत्तर कर्नाटक को प्रमुख आर्थिक गलियारों से जोड़ेगी, जबकि भद्रावती-चिकजाजूर लाइन से राज्य के मध्य भागों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। यह पहल राज्य में व्यापार, औद्योगिक विकास और यात्रियों की सुविधा को बढ़ावा देगी।




### ट्रेन से कटकर मां-बेटी की मौत

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्व मध्य रेल के दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा स्टेशन एवं जमीरा हाल्ट के बीच गुरुवार को ट्रेन की चपेट में आने से मां-बेटी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान यह हादसा हुआ। मृतकों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के मिल्की गांव निवासी मनोज कुमार की 40 वर्षीया पत्नी सुनीता देवी और 28 वर्षीया बेटी रिंकी कुमारी शामिल है। मृतका सुनीता देवी के भतीजे सरोज कुमार ने बताया कि चाची और चचेरी बहन बाजार गई थी। वे दोनों बहिरो लख के पास रेलवे ट्रैक पार कर रही थी। इसी दौरान दोनों ट्रेन की चपेट में आ गई जिससे दोनों मां-बेटी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने सूचना परिजन को दी। मामले की जानकारी रेल पुलिस को भी दी गई। सूचना पाकर रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शवों का पोस्टमॉर्टम कराया है।

### सदर अस्पताल में जीएनएम कर्मचारी ने की आत्महत्या

**सीतामढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** सदर अस्पताल में गुरुवार को जीएनएम स्टॉफ आशीष शर्मा ने एक कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक राजस्थान के निवासी थे और कुछ समय से सीतामढ़ी सदर अस्पताल में कार्यरत थे। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। बताया गया कि आशीष शर्मा ने अस्पताल के एक कमरे में खुद को बंद कर लिया था और दुपट्टे से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जब तक अन्य कर्मचारी दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद अस्पताल के कर्मचारियों ने अस्पताल अधीक्षक पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

## पीएनबी किसान बचत खाता : वेरिएंट-हरित

| मापदंड | विशेषताएँ* |
| --- | --- |
| पात्रता | 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के किसान |
| लाभ प्राप्त करने के लिए न्यूनतम अर्धवार्षिक औसत (HYAB) | ₹5000/- (अर्धवार्षिक औसत शेष) |
| व्यक्तिगत दुर्घटना मृत्यु बीमा (PAI) | ₹10 लाख (पशु, सांप व कीट काटने की स्थिति भी शामिल) |
| स्थायी पूर्ण विकलांगता दुर्घटना बीमा (PTD) | ₹10 लाख |
| हवाई दुर्घटना मृत्यु बीमा (AAI) | ₹20 लाख |
| स्थायी आंशिक विकलांगता दुर्घटना बीमा (PPD) | ₹5 लाख (विकलांगता प्रतिशत GPA शेड्यूल के अनुसार होगा; कई चोटों की स्थिति में अधिकतम दावा बीमा राशि तक) सीमित |
| PAI से जुड़े अतिरिक्त लाभ (प्राथमिक खाताधारक की मृत्यु की स्थिति में) | उच्च शिक्षा – 25 वर्ष की आयु तक के 2 आश्रित बच्चों के लिए दुर्घटना मृत्यु के मामले में 3 वर्ष के लिए पीए कवर का 25% (अधिकतम ₹2.50 लाख)<br>बालिका विवाह कवर (18–25 वर्ष) : बीमित PA कवर का 10% (प्रत्येक बालिका के लिए अधिकतम ₹1 लाख), दो बालिकाओं के लिए<br>एम्बुलेंस शुल्क – ₹10,000/-<br>अंतिम संस्कार व्यय – ₹10,000/-<br>घरेलू हवाई यात्रा के लिए खोए हुए सामान का बीमा – ₹25,000/- तक |
| प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं | निःशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाः शाखा के पास ई-क्लिनिक या मोबाइल ऐप के माध्यम से असीमित ऑडियो/वीडियो टेली-कंसल्टेशन योग्य डॉक्टरों से<br>ई-क्लिनिक पर नर्स की सहायता से ऑडियो/वीडियो कंसल्टेशन |
| कृषि ऋण (ट्रैक्टर, पावर टिलर आदि के लिए) | बैंक की वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार शुल्क लागू |
| चेक बुक | निःशुल्क चेक पन्नों की संख्या : 25 प्रति अर्धवर्ष |
| एसएमएस अलर्ट | लागू सेवा शुल्क के अनुसार |
| लॉकर किराया | लागू सेवा शुल्क के अनुसार |
| RTGS/NEFT शुल्क (Online) | निःशुल्क |
| डिमांड ड्राफ्ट | प्रति अर्धवर्ष 1 ड्राफ्ट निःशुल्क लाभ |
| शिक्षा ऋण | शून्य प्रोसेसिंग/डॉक्युमेंटेशन शुल्क (पीएनबी सरस्वती/प्रतिभा योजना के तहत, सह-उधारकर्ता के रूप में) |
| वाहन ऋण | दोपहिया वाहन ऋण हेतु शून्य प्रोसेसिंग/डॉक्युमेंटेशन शुल्क |
| गृह ऋण | प्रोसेसिंग व डॉक्युमेंटेशन शुल्क में 25% की छूट |

## पीएनबी किसान बचत खाता : वेरिएंट-समृद्धि

| मापदंड | विशेषताएँ* |
| --- | --- |
| पात्रता | किसान जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो |
| न्यूनतम अर्धवार्षिक औसत बैलेंस (HYAB) लाभ लेने हेतु | ₹25000/- (अर्धवार्षिक औसत शेष) |
| पर्सनल एक्सिडेंटल इंश्योरेंस (PAI) | ₹20.00 लाख (पशु, सांप व कीट काटने की स्थिति भी शामिल) |
| परमानेंट टोटल डिसएबिलिटी (PTD) | ₹20.00 लाख |
| हवाई एक्सिडेंटल इंश्योरेंस (AAI) | ₹40.00 लाख |
| स्थायी आंशिक दुर्घटना विकलांगता बीमा (PPD) | ₹10 लाख (डिसएबिलिटी का % GPA Schedule के अनुसार होगा; एक से अधिक चोटों की स्थिति में अधिकतम दावा बीमा राशि तक सीमित होगा) |
| PAI से जुड़े अतिरिक्त लाभ (प्राथमिक खाताधारक की मृत्यु की स्थिति में) | उच्च शिक्षा – 25 वर्ष की आयु तक के 2 आश्रित बच्चों के लिए दुर्घटना मृत्यु के मामले में 3 वर्ष के लिए पीए कवर का 25% (अधिकतम ₹2.50 लाख)<br>बालिका विवाह कवर (18–25 वर्ष) : बीमित PA कवर का 10% (प्रत्येक बालिका के लिए अधिकतम ₹1 लाख), दो बालिकाओं के लिए<br>एम्बुलेंस शुल्कः ₹10,000/-<br>अंतिम संस्कार व्ययः ₹10,000/-<br>घरेलू हवाई ट्रैवल के लिए लॉस्ट बैगेज प्रोटेक्शन इंश्योरेंसः ₹25,000/- |
| प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा | सर्विस अकाउंट होल्डर को फिजिकल ई-क्लिनिक (ब्रांच या मोबाइल ऐप के माध्यम से<br>अनलिमिटेड टेली-कंसल्टेशन (ऑडियो-वीडियो) क्वालिफाइड डॉक्टर से ई-क्लिनिक में विजिट्स (नर्स की सहायता से) |
| एग्री लोन (फार्म मशीनरी, ट्रैक्टर-पॉवर टिलर्स) | फार्म उपकरण लोन में अपफ्रंट फीस/डॉक्युमेंटेशन चार्ज शून्य (सरकारी सब्सिडी स्कीम छोड़कर)<br>ब्याज दर में 0.05% की छूट (सरकारी सब्सिडी स्कीम छोड़कर) |
| चेक बुक | निःशुल्क चेक पन्नों की संख्या : 50 प्रति अर्धवर्ष |
| SMS अलर्ट | NIL |
| लॉकर किरायों में छूट | छोटे लॉकर पर जीवनभर के लिए 20% छूट |
| RTGS/NEFT (Online) चार्जेस | NIL |
| RTGS/NEFT (Branch) चार्जेस | निःशुल्क 10 प्रति अर्धवर्ष NEFT/RTGS (Branch) |
| डिमांड ड्राफ्ट | प्रति अर्धवर्ष 2 ड्राफ्ट निःशुल्क |
| एजुकेशन लोन | NIL – प्रोसेसिंग/अपफ्रंट फीस और डॉक्युमेंटेशन चार्जेस शून्य (सरस्वती व प्रतिभा स्कीम के तहत, सह-उधारकर्ता के रूप में) |
| व्हीकल लोन | NIL – प्रोसेसिंग/अपफ्रंट फीस और डॉक्युमेंटेशन चार्जेस (Two/Wheeler व Car Loan के लिए) |
| हाउसिंग लोन | NIL – प्रोसेसिंग फीस/अपफ्रंट फीस व डॉक्युमेंटेशन चार्जेस |

Call at Toll Free: 1800-1800, 1800-2021 | Follow us: | www.pnbindia.in

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक! punjab national bank ...the name you can BANK upon!

मंडल कार्यालय : गया (बिहार)

# राहुल गांधी ने पटना में 400 लोगों के साथ देखी फिल्म 'फुले'

## कांग्रेसियों ने किया हंगामा, कहा पास के बावजूद थियेटर में जाने से रोका गया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को पटना के सिटी सेंटर स्थित आईनॉक्स थियेटर में करीब 400 लोगों के साथ चर्चित फिल्म 'फुले' देखी। राहुल गांधी के साथ फिल्म देखने वालों में विभिन्न संगठनों के बुद्धिजीवी वर्ग के लोग शामिल थे। कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं को थियेटर के अंदर जाने की अनुमति नहीं थी। इसके बावजूद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के साथ फिल्म देखने के लिए थियेटर के बाहर हंगामा किया।

राहुल गांधी गुरुवार को दरभंगा में शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम में भाग लेने के बाद दोपहर दो बजे पटना पहुंचे। एयरपोर्ट से वह सीधे बुद्धमार्ग स्थित सिटी सेंटर मॉल पहुंचे, जहां सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने फुले सिनेमा देखा। यह फिल्म समाज सुधारक ज्योतिबा फुले पर बनाई गई है। राहुल गांधी एक ओर जहां सिनेमा देख रहे थे तो दूसरी ओर इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने थियेटर के बाहर जमकर हंगामा किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि पास होने के बावजूद राहुल गांधी के साथ थियेटर में जाने नहीं दिया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पुलिस और सरकार मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। आईनॉक्स में 2.20 से 5.20 बजे तक के शो के लिए 400 टिकट बुक किए गए थे। वहीं, फिल्म के लिए स्पेशल पास बांटे गए थे। कहा जा रहा है कि पास में राहुल गांधी की फोटो लगी थी। उस फोटो के जरिये उन्हें 'सामाजिक न्याय का नायक' बताया गया। इसके साथ ही उसमें बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम का फोटो भी लगाया गया। कहा जा रहा है कि, कुछ ही नामचीन नेताओं को राहुल गांधी के साथ फिल्म देखने की अनुमति मिली थी। उनके अलावा बिहार के कई जिलों से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी फिल्म देखा।

प्रदर्शन करने वालों का कहना था कि उनके पास राहुल गांधी के साथ फिल्म देखने का पास था। बावजूद इसके प्रशासन ने सिर्फ राहुल गांधी और कुछ अन्य लोगों को जाने दिया। शेष लोगों को पास होने के बाद भी मॉल के बाहर रोक दिया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि इसके पहले भी कई बार भाजपा की ओर से पूरे हॉल को बुक कराकर फ़िल्में देखी गई। तब भाजपा को ऐसा करने से नहीं रोका गया, लेकिन अब कांग्रेस और राहुल से डर चुकी नीतीश सरकार हमें रोक रही है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस की ओर से पूरे बिहार में ''शिक्षा न्याय संवाद'' का आयोजन किया गया है। बिहार के 60 अलग-अलग स्थानों पर हो रहे इस आयोजन को कांग्रेस ने 'गूंजेगी बदलाव की बुलंद आवाज' बताकर अपने कई राष्ट्रीय नेताओं को बिहार में उतरा है। इसमें खुद राहुल गांधी दरभंगा और पटना में दौरा किया। इससे पहले राहुल गांधी ने दरभंगा में कहा कि हमारी तीन मांग है- जातिगत जनगणना करवाई जाए, प्राइवेट शिक्षण संस्थानों में आरक्षण हो और एससी-एसटी सब-प्लान लागू किया जाए। दरभंगा में प्रशासन की अनुमति नहीं मिलने के बाद भी सभा करने पर राहुल ने कहा कि जैसे ये हमें यहां आने से नहीं रोक पाए, वैसे ही आगे भी नहीं रोक पाएंगे। जब तक ये प्राइवेट संस्थानों में आरक्षण लागू नहीं करेंगे, तब तक हम आगे बढ़ते जाएंगे, लड़ते जाएंगे।

## प्रशासन की अनुमति के बिना राहुल पहुंचे अंबेडकर छात्रावास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा/पटना।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एक दिवसीय दौरे पर गुरुवार को बिहार आए। वह पहले दरभंगा पहुंचे। दरभंगा पहुंचने के बाद राहुल गांधी अपने काफिले के साथ अम्बेडकर छात्रावास की ओर निकले, लेकिन प्रशासन ने उन्हें खानकाह चौक के पास रोक दिया। एयरपोर्ट पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने राहुल गांधी को बताया था कि अंबेडकर छात्रावास के आसपास धारा 163 लागू है। ऐसे में वहां 'शिक्षा न्याय संवाद' कार्यक्रम नहीं हो सकता है। इसके बाद भी राहुल गांधी पैदल ही छात्रावास पहुंचे और पुलिस के साथ धक्का-मुक्की के बावजूद छात्रों को संबोधित किया। राहुल छात्रों से संवाद तो नहीं कर सके, लेकिन मंच से ही छात्रों को कुछ देर संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा कि प्रशासन के लोग और एनडीए की सरकार मुझे यहां नहीं आने देना चाहती थी। लेकिन, जब तक मेरे पास आप लोगों का साथ है, मुझे कोई नहीं रोक सकता है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र की सरकार लोकतंत्र और संविधान को नहीं मानती। नरेंद्र मोदी ने डरकर जातीय जनगणना कराने का फैसला किया है। राहुल गांधी ने कहा कि ये लोग अभी भी आरक्षण की पचास प्रतिशत की सीमा को तोड़ने की हमारी मांग को स्वीकार नहीं कर रहे हैं। निजी संस्थाओं में आरक्षण की मांग इन लोगों को स्वीकार नहीं है। हम चाहते हैं कि निजी संस्थाओं में भी ओबीसी, दलित और आदिवासियों को आरक्षण मिले। उन्होंने कहा कि हमने संसद में मांग रखी कि पीएम संविधान को माथे से लगाएं। उसके बाद उन्होंने यह काम किया, लेकिन ये लोग लोकतंत्र के खिलाफ हैं। राहुल गांधी ने कहा की केंद्र में अडानी-अंबानी की सरकार है। यह आपकी सरकार नहीं है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार के इशारे पर प्रशासन यहां आने से मुझे रोक रही थी, लेकिन रोक नहीं पाई, क्योंकि आप लोगों की ताकत हमारे साथ हैं। जब तक आपकी ताकत हमारे साथ है, कोई शक्ति रोक नहीं सकती है। दुनिया की कोई शक्ति उसको रोक नहीं सकती है। करीब पांच मिनट के अपने संबोधन में राहुल गांधी का मुख्य फोकस आरक्षण ही रहा। राहुल गांधी ने कहा कि मुझे पता है कि इस छात्रावास में दलित छात्रों के साथ कैसा सलूक होता है, जैसे ही बिहार में हमारी सरकार बनेगी सब कुछ ठीक कर देंगे। दलित छात्रों के साथ कोई गलत नहीं कर पाएगा। उन्होंने भाषण के अंत में अंबेडकर की तस्वीर दिखाई। इस दौरान वो एक-दो युवाओं से बातचीत करते दिखे। आंबेडकर छात्रावास के पास पहले ही छात्र और कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे। अपने सक्षिप्त संबोधन के बाद राहुल गांधी वहां से पटना के लिए रवाना हो गए।इससे पूर्व राहुल गांधी दरभंगा एयरपोर्ट से ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय परिसर स्थित डॉ. नागेंद्र झा स्टेडियम पहुंचे। वहां से वे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम स्थल आंबेडकर छात्रावास की ओर रवाना हुए, पर खानकाह चौक पर प्रशासन ने उनके काफिले को आगे बढ़ने से रोक दिया। इसके बाद वे पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ पैदल ही अम्बेडकर छात्रावास की ओर रवाना हो गए। राहुल गांधी ने रास्ते से एक्स पर वीडियो बयान जारी करते हुए कहा कि बिहार में एनडीए की डबल इंजन धोखेबाज़ सरकार मुझे अंबेडकर हॉस्टल में दलित और पिछड़े छात्रों से बातचीत करने से रोक रही है। संवाद कब से अपराध हो गया। नीतीश जी किस बात से डर रहे हैं? क्या बिहार में शिक्षा और सामाजिक न्याय की स्थिति छुपाना चाहते हैं? उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी के दरभंगा दौरे को लेकर बुधवार से ही आयोजकों और प्रशासन के बीच तनाव देखा जा रहा था।

# सुप्रीम कोर्ट से पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला को लगा बड़ा झटका

## कोर्ट ने उनकी उम्र कैद की सजा को रखा बरकरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पूर्व मंत्री बृजबिहारी प्रसाद हत्याकांड में उम्रकैद की सजा काट रहे राजद के पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है।

कोर्ट ने मुन्ना शुक्ला की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सजा को लेकर दायर पुनर्विचार याचिका को खारिज भी कर दिया है। उल्लेखनीय है कि साल 1998 में हुए बृज बिहारी हत्याकांड में आरोपी मुन्ना शुक्ला और मंटू तिवारी की उम्रकैद की सजा को सुप्रीम कोर्ट ने साल 2024 में बरकरार रखा था। इसके बाद उम्रकैद की सजा पर फिर से विचार करने की याचिका के साथ इन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। लेकिन कोर्ट ने याचिका पर फिर से विचार करने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले 6 मई को सुनवाई फैसले में कहा था कि पुनर्विचार का कोई केस नहीं बनता।

बता दें कि साल 1998 में बिहार के दिग्गज नेता बृजबिहारी प्रसाद की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस समय वह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इसी के साथ वो इंजीनियरिंग एडमिशन घोटाले में आरोपी थे और उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था। गिरफ्तारी के बाद ही उनकी तबीयत खराब हो गई थी। जिसके बाद इलाज के लिए उन्हें पटना स्थित आईजीआईएमएस में भर्ती कराया गया था। उसके बाद अस्पताल में ही टहलने के दौरान उन पर हमला हो गया था और गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। बृज बिहारी प्रसाद की हत्या के बाद इस मामले में बिहार के बाहुबली सूरजभान सिंह और मुन्ना शुक्ला समेत 8 आरोपियों को साल 2009 में निचली अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी। फिर साल 2014 में पटना हाईकोर्ट ने सभी को बरी करने का बड़ा फैसला सुनाया था। इसके बाद बृज बिहार प्रसाद की पत्नी रमा देवी और केंद्रीय सीबीआई ने आरोपियों को बरी करने का फैसला सुनाए जाने के बाद सबूत इकट्ठे किए थे। इसके बाद आरोपियों को बरी करने के सुप्रीम कोर्ट के 2014 के आदेश को चुनौती दी गई थी। 4 अक्टूबर, 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने इस हत्याकांड में मुन्ना शुक्ला और मंटू तिवारी की उम्र कैद की सजा को बरकरार रखा था। इसी को लेकर अब पुनर्विचार याचिका दाखिल की थी। हालांकि इस हत्या मामले में सूरजभान सिंह और राजन तिवारी सहित अन्य को अदालत ने बरी कर दिया था।

# रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने ट्रैफिक थाना में लगाया वाटर कूलर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने गुरुवार को रामाशीष चौक स्थित ट्रैफिक थाना में जरूरतमंदों के लिए वाटर कूलर लगाया। साथ ही क्लब द्वारा रोटरी व्हील का भी शुभारंभ किया गया। इस रोटरी व्हील एवं वाटर कूलर का शुभारंभ मुख्य अतिथि ट्रैफिक डीएसपी वैशाली ओम प्रकाश सिंह, विशिष्ट अतिथि डीटीओ वैशाली धीरेन्द्र कुमार कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद हाजीपुर सुशील कुमार, एसएचओ ट्रैफिक थाना हाजीपुर अजय कुमार मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक निहित डालमिया एवं क्लब की अध्यक्ष सोनल जैन ने संयुक्त रूप से किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ट्रैफिक डीएसपी वैशाली ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि इस वाटर कूलर के लगने से थाना में आने-जाने वाले लोगों को पीने के लिए शुद्ध पानी मिल सकेगा। इस प्रचंड गर्मी के मौसम में निःशुल्क शीतल जल के लिए लोगों को यहाँ-वहाँ नहीं भटकना पड़ेगा। वहीं अन्य अतिथियों ने भी रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम के इस पहल की सराहना की। रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम की अध्यक्ष सोनल जैन ने कहा कि रोटरी क्लब जनसेवा के लिए सदैव तत्पर रहता है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य गर्मी के मौसम में आम जनता को शुद्ध और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम संयोजक रोटेरियन निहित डालमिया ने कहा कि यह कदम समाज के प्रति क्लब कि सेवा भावना का एक हिस्सा है और भविष्य में ऐसे और प्रकल्पों को शुरू करने की योजना है। थाना के कर्मियों एवं स्थानीय नागरिकों ने इस सुविधा का स्वागत करते हुए रोटरी पटना मिलेनियम का आभार व्यक्त किया। मौके पर रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम के सचिव डॉ. अमिताभ बंका, कोषाध्यक्ष सीए अभिषेक लोहिया, पूर्व अध्यक्ष चिंतन जैन, आरसीसी प्रतिनिधि निशांत गांधी सहित क्लब से जुड़े अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड में टेराकोटा कला कार्यशाला का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना द्वारा आयोजित तीन दिवसीय टेराकोटा कला कार्यशाला का आज भव्य शुभारंभ हुआ। यह कार्यशाला 15, 16 और 17 मई 2025 को बोर्ड कार्यालय के बापू कक्ष में प्रत्येक दिन अपराह्न 1:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में प्रशिक्षण राज्य पुरस्कार प्राप्त, अनुभवी एवं प्रतिष्ठित टेराकोटा कलाकार श्री भोला पंडित एवं उनके साथियों द्वारा दिया जा रहा है। इस अवसर पर बोर्ड द्वारा उनका गरिमामय स्वागत किया गया और टेराकोटा कला के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य पारंपरिक मिट्टी शिल्प के प्रति युवाओं और आमजन में रुचि जगाना तथा उन्हें स्वरोजगार के नवीन अवसरों से जोड़ना है। इसमें 10 वर्ष या उससे अधिक आयु के प्रतिभागी शामिल हो सकते हैं, जिन्हें श्री पंडित जैसे दक्ष शिल्पियों से प्रत्यक्ष प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है।



कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर भोला पंडित ने कहा, बोर्ड द्वारा ऐसे आयोजनों से बच्चों और आमजनों में पारंपरिक कलाओं के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और वे इन्हें उद्योग में परिवर्तित करने की दिशा में प्रेरित होंगे। टेराकोटा एक प्राचीन और बहुपयोगी कला है, जिससे सुराही, मटका, कुल्हड़, सजावटी वस्तुएँ, तथा अन्य उपयोगी उत्पाद बनाए जाते हैं, जिनकी मांग आज भी बनी हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य एवं केंद्र सरकार की ग्रामोद्योग योजना और पीएम विश्वकर्मा योजनाओं के माध्यम से इस कला से जुड़े कारीगरों को वर्किंग कैपिटल, टूल-किट, प्रशिक्षण सहायता जैसी सुविधाएँ मिलती हैं। विश्वकर्मा योजना के तहत 5% की रियायती ब्याज पर 3 लाख तक का ऋण दो किस्तों में एवं 15,000 मूल्य की टूल-किट निःशुल्क प्रदान की जाती है। टेराकोटा उत्पाद पर्यावरण के अनुकूल होते हैं, जो अत्यंत कम बिजली और पानी की खपत में तैयार किए जा सकते हैं। यही कारण है कि देश-विदेश में इनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। बोर्ड का यह प्रयास न केवल पारंपरिक हस्तकलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक सशक्त पहल है, बल्कि यह युवाओं को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने का प्रेरक माध्यम भी है। कार्यशाला का उद्घाटन समारोह कला प्रेमियों, मीडिया प्रतिनिधियों और विभाग के अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

**मुख्य विशेषताएं**

- राज्य पुरस्कार प्राप्त शिल्पकारों द्वारा प्रशिक्षण
- पारंपरिक टेराकोटा तकनीकों की जानकारी
- मिट्टी से सुंदर कलाकृतियाँ बनाने का अभ्यास
- स्वरोजगार की दिशा में प्रोत्साहन
- योजनाओं के लाभों की जानकारी

# मिसेज ब्यूटी मॉम्स ऑफ बिहार सीजन-5 की विजेताओं को मिला सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** न्यू बूगी वूगी अकेडमी द्वारा आयोजित मिसेज ब्यूटी मॉम्स ऑफ बिहार सीजन-5 की विजेताओं को पटना में सम्मानित किया गया। शो की तीनों विजेताओं को बुके और सर्टिफिकेट देकर शो के आयोजक अनिल राज ने सम्मानित किया। शो की विजेता प्रियंका सोनी, फर्स्ट रनर अप स्मिता कृष्णा और सेकंड रनर अप दुर्गा सिंह ने सम्मानित होने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए शो के आयोजक और बिहारवासियों को धन्यवाद दिया।



शो के आयोजक और न्यू बूगी वूगी अकेडमी के निदेशक अनिल राज ने बताया कि हमारा उद्देश्य महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम करते हुए महिलाओं को उनके मुकाम तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि हम खासकर ऐसी महिलाओं के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं जो घर के कामकाज में उलझी हुई हैं और अपने सपने को पूरा नहीं कर पा रही हैं। वैसी महिलाओं के लिए हमने मिसेज ब्यूटी मॉम्स ऑफ बिहार शो का निर्माण किया है ताकि इसके माध्यम से वो अपने अधूरे सपने को पूरा कर सकें। अनिल राज ने कहा कि शो की विजेताओं को हम जल्द ही कई प्रोजेक्ट्स देने जा रहे हैं। अनिल राज ने मिसेज ब्यूटी मॉम्स ऑफ बिहार को इतना प्यार देकर सफल बनाने के लिए बिहारवासियों का आभार व्यक्त किया।

# कांग्रेस ने की राहुल गांधी को रोकने के प्रयास की कड़ी निंदा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली/पटना।** कांग्रेस ने बिहार के दरभंगा में लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को दलित, वंचित और पिछड़े वर्ग के छात्रों से मिलने से रोकने के प्रयासों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह घटना लोकतंत्र और बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान की पूरी तरह से अवमानना है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट करते हुए सवाल किया कि अब क्या दलित, वंचित, पिछड़े वर्ग के छात्रों से संवाद करना संविधान के खिलाफ है क्या उनकी शिक्षा, उनकी भर्ती परीक्षा और नौकरियों के बारे में उनसे बातचीत करना कोई पाप है। जेडीयू -भाजपा सरकार द्वारा 'शिक्षा न्याय संवाद' कार्यक्रम में राहुल गांधी को शामिल होने से रोकना तानाशाही की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की जन्मस्थली, बिहार इस अन्याय को याद रखेगी और समय आने पर जदयू-भाजपा को इसका उचित जवाब भी देगी। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के ओबीसी विभाग के चेयरमैन डॉ. अनिल जयहिंद और बिहार के लिए एआईसीसी की संचार समन्वयक रितु चौधरी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को केंद्र की मोदी सरकार की कठपुतली बताते हुए कहा कि वे राहुल गांधी को दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों से मिलने से रोकना चाहते हैं। एआईसीसी ओबीसी विभाग के चेयरमैन डॉ. जयहिंद ने कहा कि एनडीए सरकार दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों और आदिवासियों की शिक्षा में लगातार बाधा डालने का प्रयास कर रही है। उनके वजीफ़े बंद किए जा रहे हैं, सरकारी स्कूलों और कॉलेजों की हालत बिगाड़ी जा रही है और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू नहीं किया जा रहा है। अखिल भारतीय कांग्रेस के ओबीसी विभाग के चेयरमैन डॉ. जयहिंद ने राहुल गांधी को सामाजिक न्याय आंदोलन का योद्धा बताया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी वंचित वर्गों की लड़ाई लड़ रहे हैं। अगर केंद्र की मोदी या बिहार की नीतीश सरकार सोचती है कि वे राहुल गांधी जी को रोक लेंगे, तो यह उनकी गलतफहमी है। मनुवादी ताकतें अपने मंसूबों में कामयाब नहीं होंगी।

# राजद ने एनडीए में भगदड़ मचने का किया दावा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सियासी गहमागहमी बढ़ती जा रही है। इस बीच राजद ने दावा किया है कि बिहार एनडीए में चुनाव के पहले भगदड़ होने वाली है। राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने गुरुवार को कहा कि सामाजिक न्याय परिचर्चा का सकारात्मक प्रभाव बिहारवासियों पर स्पष्ट रूप से दिख रहा है। इसका असर एनडीए में भी देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार एनडीए में अब जल्द ही भगदड़ मचने वाली है। मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि सामाजिक न्याय परिचर्चा से न केवल आम लोग प्रभावित हुए हैं, बल्कि एनडीए के सहयोगियों पर भी इसका व्यापक असर पड़ा है। एनडीए के कई महत्वपूर्ण साथी हमारे नेता के संपर्क में आ चुके हैं। जल्द ही एनडीए में अस्थिरता का माहौल बनेगा। एनडीए छोड़कर आने वाले लोग तेजस्वी यादव के हाथों को मजबूत करेंगे। हमारी पार्टी सभी का स्वागत करेगी। वहीं राजद प्रवक्ता के इस बयान और सामाजिक न्याय के दावे पर निशाना साधते हुए भाजपा प्रवक्ता अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि जिसने हमेशा जनता के साथ अन्याय किया वो लोग सामाजिक न्याय की क्या बात करेंगे? तेजस्वी यादव की पार्टी जिस भगदड़ की बात कह रही है वह तो राजद में मचने वाली है। बस चुनाव का इंतजार कीजिए और फिर देखिये उनकी पार्टी में कितने लोग बचते हैं वहीं, जदयू प्रवक्ता अभिषेक झा ने कहा कि राजद के लोगों को कोई हक नहीं है कि ये लोग सामाजिक न्याय की चर्चा करें। इन लोगों ने पिछड़े समाज का सबसे अधिक दमन किया। अब तो महागठबंधन के विधायक हमलोगों की तरफ आ रहे हैं। जबकि कांग्रेस प्रवक्ता शिशिर कौण्डिल्य ने कहा कि बिहार में अगर सामाजिक न्याय की बात करें तो दो नेताओं का नाम सबसे आगे है। पहला डॉ श्री कृष्ण सिंह जी, जो बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री थे और दूसरे लालू प्रसाद यादव जी। ऐसे में जो भी सामाजिक न्याय की बात करेगा वह एनडीए में नहीं रहेगा। ऐसे में एनडीए में भगदड़ मचना तय है।

# रेलवे सुरक्षा बल के बीच बोलेरो, कैमरा एवं फोन का किया गया वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह द्वारा रेलवे सुरक्षा बल के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट को बेहतर प्रदर्शन हेतु 08 बोलेरो गाड़ी, 22 कैमरा एवं 44 मोबाइल फोन प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार तथा मुख्य सुरक्षा आयुक्त के उपस्थिति में मंडलो को वितरित किया गया। विदित हो कि मानव तस्करी के विरुद्ध किये गए कार्यो को देखते हुए गृह मंत्रालय द्वारा रेलवे सुरक्षा बल की गठित मानव तस्करी के विरुद्ध इकाई (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट) के बेहतर प्रदर्शन के लिए फंड प्रदान किया गया था । इस फंड का उपयोग करते



हुए 08 बोलेरो गाड़ी, 22 कैमरा एवं 44 मोबाईल फ़ोन का क्रय किया गया था। इन 08 बोलेरो में से दानापुर, धनबाद, सोनपुर तथा डीडीयू को 01-01 तथा समस्तीपुर एवं मुख्यालय को 02-02 गाड़ी तथा 22 कैमरों में से दानापुर को 02, धनबाद को 06, सोनपुर को 04, डीडीयू को 04 एवं समस्तीपुर को 06 कैमरों का वितरण किया गया । इसी प्रकार 44 मोबाईल फ़ोन में से दानापुर को 04, धनबाद को 11, सोनपुर को 08, डीडीयू को 08, समस्तीपुर को 11 तथा मुख्यालय को 02 मोबाईल फोन का वितरण किया गया।

# नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पटना एयरपोर्ट पर किया गया स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** देश के विपक्ष के नेता राहुल गांधी पटना और दरभंगा में आयोजित शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम में छात्रों से संवाद करने सबसे पहले पटना एयरपोर्ट पर उतरे तो प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने उनका फूल मालाओं और गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। एयरपोर्ट पर देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का स्वागत करने वाले प्रमुख नेताओं में राहुल गांधी के पटना एयरपोर्ट पर स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ,पार्टी के वरिष्ठ नेता मोतीलाल शर्मा, जमाल अहमद भल्लू, छत्रपति यादव, कपिलदेव प्रसाद यादव, शरबत जहां फातिमा, शशि रंजन, राजीव मेहता, शकीलुर रहमान, अनुराग चंदन एवं अन्य नेतागण मौजूद रहें।

# आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ करने को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** आपदा की स्थिति में निर्बाध संचार व्यवस्था बनाए रखने तथा जनसुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दूरसंचार विभाग, बिहार लाइसेंस्ड सेवा क्षेत्र द्वारा 14 मई 2025 को सारण जिले के सोनपुर में एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास विभाग के अतिरिक्त महानिदेशक एवं उप महानिदेशक (तकनीकी), बिहार एलएसए के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़ एवं भूकंप के समय दूरसंचार सेवा प्रदाताओं की तत्परता और उनकी प्रतिक्रिया क्षमताओं का आकलन करना था। इस अभ्यास में रिलायंस जियो, एयरटेल, वोडाफोन आइडिया, बीएसएनएल एवं इंडस टावर्स जैसी प्रमुख दूरसंचार कंपनियों ने सक्रिय भागीदारी की। इसके अतिरिक्त राज्य आपदा प्रबंधन विभाग, राष्ट्रीय आपदा



मोचन बल तथा राज्य आपात संचालन केंद्र के अधिकारी भी इसमें सम्मिलित हुए। मॉक ड्रिल के माध्यम से विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत करने, परिचालन तत्परता का मूल्यांकन करने तथा आपातकालीन परिस्थितियों में संचार सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। यह संपूर्ण अभ्यास दूरसंचार विभाग के अधिकारियों विनोद शर्मा (आई.टी.एस.), निदेशक एम. ए. हक, सहायक महानिदेशक; तथा आलोक कुमार, सहायक निदेशक की निगरानी में संपन्न हुआ। जिला प्रशासन की ओर से सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी सारण उपस्थित रहे तथा एनडीआरएफ की ओर से शंभू सिंह, एस.आई. ने प्रतिनिधित्व किया। अभ्यास के दौरान एक सेल ऑन व्हील्स इकाई की भी तैनाती की गई, जिससे संचार नेटवर्क की त्वरित पुनःस्थापना की तैयारी को दर्शाया गया। दूरसंचार विभाग, बिहार एलएसए द्वारा किया गया यह समन्वित प्रयास इस बात को स्पष्ट करता है कि सभी हितधारक आपात स्थितियों में प्रभावी प्रतिक्रिया और जनसुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सशक्त संचार व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध हैं।

# रंगदारी को लेकर मारी गोली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नासरीगंज (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के इटिम्हां गांव में चली गोली से एक व्यक्ति गम्भीर रुप से घायल हो गया। अपराधी गोली मारकर पल्सर बाइक और हथियार छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। बताया जाता है कि उक्त गांव के बाजार में पंचरत्न सेठ के गहना दुकान में घुस अपराधी ने सोने-चांदी का गहना खरीदने के बहाने घुसा औऱ उन्हें गोली मारकर फ़रार हो गया। गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति का स्थानीय निजी क्लिनिक में इलाज के बाद बिक्रमगंज करुणा अस्पताल में इलाज जारी है। घटना गुरुवार दोपहर की बताई जाती है। 42 वर्षीय गहना व्यवसायी पंचरत्न सेठ के दुकान में गहना लेने के बहाने आया और लेन देन करते समय ही झोले से देशी कट्टा निकाल उन्हें गोली मारकर हथियार और पल्सर बाइक छोड़कर फरार हो गया। उक्त अपराधी की पहचान कर ली गई है। उक्त अपराधी इटिम्हां गांव के ही रवि शंकर सोनी उर्फ रवि सोनी बताया जाता है। मौके पर पुलिस पहुंचकर जांच में जुट गई है। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। प्रथम दृष्टया रंगदारी मांगने की बात सामने आ रही है। घायल दुकानदार के परिजन आनन-फानन में उन्हें करुणा अस्पताल में इलाज के लिए ले गए हैं। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। फोरेंसिक की टीम भी पहुंच चुकी है। हथियार और बाइक को जब्त कर लिया गया है। अपराधी को चिन्हित कर लिया गया है। उसकी गिरफ्तारी को ले पुलिस तत्परता से लगी है। खबर लिखे जाने तक घटनास्थल पर पुलिस उपस्थित रहकर जांच में जुटी थी।

# पीएम की संभावित यात्रा को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक



**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विक्रमगंज अनुमंडल कार्यालय में आगामी प्रधानमंत्री की संभावित यात्रा को लेकर समीक्षा बैठक की गई। इस क्रम में जिलाधिकारी द्वारा पार्किंग को सुव्यस्थित करने हेतु टीम का गठन किया गया। सभी टीम के वरीय को चिन्हित पार्किंग स्थल का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। पार्किंग एवं कार्यक्रम स्थल पर बैरिकेडिंग हेतु भवन निर्माण को निर्देश दिया गया। पार्किंग एवं कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, शौचालय हेतु लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को जरूरी दिशा निर्देश दिया गया। बिक्रमगंज एवं डिहरी के अनुमंडल पदाधिकारी को अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया। मुख्य स्थल की संपूर्ण व्यवस्था हेतु एनएचएआई को निर्देशित किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, बिक्रमगंज एवं डिहरी के अनुमंडल पदाधिकारी सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# तेजस्वी के नेतृत्व में बदलेगा बिहार : सुरेश पासवान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** राष्ट्रीय जनता दल द्वारा सामाजिक न्याय को लेकर आयोजित विशेष परिचर्चा कार्यक्रम का समापन सासाराम विधानसभा क्षेत्र में हो गया। 5 मई से 14 मई तक चले इस आयोजन में बक्सर, कैमुर और रोहतास जिले के कुल दस विधानसभा क्षेत्रों–ब्रह्मपुर, बक्सर, डुमरांव, राजपुर, रामगढ़, मोहनिया, भभुआ, चैनपुर, चेनारी और सासाराम–में विचार विमर्श और संगठनात्मक मंथन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने की। उनके साथ पूर्व मंत्री एवं विधायक सुरेंद्र राम, पूर्व विधायक वीरेंद्र यादव, प्रदेश महासचिव आदिब रिज़वी, युवा राजद के प्रदेश महासचिव बेलाल ख़ान, तथा युवा नेत्री श्रीमती आरती देवी ने भी हिस्सा लिया। डॉ. पासवान ने कहा कि यह परिचर्चा सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बिहार में सामाजिक न्याय आधारित बदलाव की नींव है। इसका उद्देश्य पार्टी की वैचारिक दिशा, संगठनात्मक मजबूती, चुनावी रणनीति और मीडिया की भूमिका को जमीनी स्तर तक ले जाना है। परिचर्चा के दौरान नेताओं ने पार्टी की विचारधारा, संगठन विस्तार, आगामी चुनाव अभियान की प्रमुख प्राथमिकताओं और सोशल मीडिया सहित अन्य प्रचार माध्यमों की भूमिका पर गहराई से चर्चा की। पार्टी ने तय किया है कि इन चर्चाओं को पंचायत स्तर से लेकर मतदान केन्द्रों तक ले जाया जाएगा, ताकि आने वाले विधानसभा चुनावों में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिल सके। राजद नेतृत्व ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए स्थानीय संगठनों को ज़िम्मेदारियां सौंप दी हैं।

# 14.44 ग्राम हेरोइन के साथ पांच धंधेबाज गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा(कैमूर)।** कुदरा पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर 14.44 ग्राम हेरोइन के साथ पांच धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार धंधेबाजों को पूछताछ के बाद जेल दिया गया है। बता दें कि क्षेत्र में बढ़ते हेरोइन के नेटवर्क से युवा पीढ़ी का भविष्य अंधकारमय है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर से लेकर गांव तक हेरोइन के धंधेबाज इस धंधे को पहुंचा दिया है जिसके चलते अधिकांश युवाओं को हेरोइन का लत लग गया है। परिजनों का कहना है कि हेरोइन की लत के चलते दर्जनों घर बर्बाद हो गया है। लोग अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए कुदरा से बाहर भेज रहे हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि हेरोइन के धंधेबाजों पर पुलिस पैनी नजर रखे हुए है। आये दिन हेरोइन के धंधेबाजों व उसका सेवन करने वाले को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तार धंधेबाजों में कुदरा थाना के कुदरा निवासी राजा कुमार, विकास कुमार, बजरंगी कुमार, पंचपोखरी निवासी राहुल उर्फ अभिनव कुमार तथा संदीप कुमार सिंह शामिल हैं।

# चोरी की सामान के साथ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी स्टेशन पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने चोरी की एचपी कंपनी का चार्जर सहित लैपटॉप, एक सोने की चेन, दो एंड्रॉयड मोबाइल व चार्जर, एक बोट कंपनी का हेडफोन, आठ हजार आठ सौ पचास रुपए नकद के अलावे अन्य सामानों के साथ एक चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोर की पहचान दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) जिले के सिल्लीगुड़ी थानांतर्गत मिलन पल्ली निवासी स्व. सत्यनारायण अग्रवाल के पुत्र अमित अग्रवाल के रूप में की गयी है। पूछने पर उसने स्वीकार किया कि बरामद सभी सामान गाड़ी संख्या-12308 एक्सप्रेस (हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस) पर सवार एक यात्री के पास से चुराया है। मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए सभी सामानों के साथ अभियुक्त अमित अग्रवाल को रेल थाना को सुपूर्द किया गया जहां संबंधित धाराओं में कांड पंजीकृत करते हुए न्यायालय भेजने की प्रक्रिया जारी है। बरामद सामानों की अनुमानित कीमत एक लाख पचीस हजार रुपए आंकी गयी है। इस कार्रवाई में आरपीएफ के निरीक्षक राम विलास राम, उप निरीक्षक मनोज कुमार, प्रधान आरक्षी बी.बी. मिश्रा के साथ प्रधान आरक्षी ब्रज भूषण मिश्रा, आरक्षी उमेश कुमार सिंह, आरक्षी अखिलेश कुमार सिंह, आरक्षी पवन कुमार सिंह, अपराध आसूचना शाखा गया के निरीक्षक चंदन कुमार, सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार चौधरी, आरक्षी दीपक कुमार ओझा एवं अपराध नियंत्रण एवं खोजी दल गया-2 के उप निरीक्षक जावेद इकवाल, प्रधान आरक्षी अमित कुमार शामिल थे।

# प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम के लिए दो छात्रों का चयन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास प्रखंड के नवाडीह स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के माध्यम से रोहतास जिले के 02 छात्रों का चयन प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम के लिए किया गया है। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि अकोढ़ीगोला प्रखंड स्थित प्रेमनगर हाई स्कूल की छात्रा जुली कुमारी तथा शेरशाह सूरी इंटर कॉलेज के छात्र रोहित कुमार का चयन नवोदय विद्यालय समिति मुख्यालय नोएडा के माध्यम से प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम हेतु वडनगर गुजरात के लिए चयनित किया गया है।इन दोनों छात्रों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर किया गया है। इस परीक्षा का आयोजन अप्रैल 2024 में ही किया गया था। छात्रों का चयन इनके बेहतर प्रदर्शन तथा उनके विद्यालय में आयोजित पूर्व गतिविधियों के आधार पर किया गया है। नवोदय विद्यलय समिति द्वारा छात्रों के आने-जाने तथा रहने का पूरा खर्च वहन किया जायेगा।

# चावल लदे ट्रक की चोरी के मामले का उद्भेदन, तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** अकोढीगोला थाना क्षेत्र अंतर्गत चावल से भरी ट्रक की चोरी के मामले को आयारकोठा थाने की पुलिस ने सफल उद्भेदन कर तीन अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया है। विदित हो कि बीते 15 जनवरी को चावल लदे ट्रक (संख्या बी आर 24 जीबी 5181) मझिआंव राइस मिल से लोड होकर के उत्तर प्रदेश को जा रही थी परंतु बीच में ही चावल की चोरी हो गई। इस मामले में दरिगांव थाना क्षेत्र के बड़की करपुरवा निवासी वादी राधेश्याम प्रसाद ने स्थानीय थाने में आवेदन दिया था। उक्त मामले के सफल उद्भेदन को लेकर आयरकोठा थाने की पुलिस के द्वारा लगातार छापेमारी एवं कार्रवाई की जा रही थी। इसी संदर्भ में गुप्त सूचना के आधार पर ट्रक के ड्राइवर गोपाल कुमार सिंह पिता दीनानाथ सिंह, ग्राम-बभनपुरवा, थाना-सासाराम मु. को पायलट बाबा के समीप से गिरफ्तार किया गया। कड़ाई से पूछताछ के दौरान उसने सारी सच्चाई बताई तथा चोरी के मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पूरी जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कोटा किरण कुमार ने बताया कि ट्रक ड्राइवर गोपाल कुमार के द्वारा अन्य सहयोगियों के साथ अकोढी गोला के बनिया विक्की कुमार उर्फ रामानुज प्रसाद को 8 लाख 80 हजार रुपए में सभी चावल को बेच दिया था। पैसों का लेन-देन अपने एवं कई रिश्तेदारों के फोन एवं खाते के माध्यम से हुई थी। व्यापारी विक्की कुमार ने चावल खरीदने की बात स्वीकार की है। इस मामले में एक अन्य अपराधकर्मी गोपाल मिस्त्री की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। वहीं ड्राइवर गोपाल कुमार, गिरधर सिंह और विक्की कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपूर्द कर दिया गया है।

# बीस सूत्री की बैठक में कई समस्याओं पर हुई चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकोढ़ीगोला (रोहतास)।** गुरुवार को प्रखंड अकोढी गोला बीस सूत्रि समिति की बैठक बीस सूत्री अध्यक्ष आशुतोष कुमार सिहं की अध्यक्षता में की गई। बैठक की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि रंजन, अंचलाधिकारी निधि ज्योत्सना, सहित दर्जनों अधिकारी-पदाधिकारीयों से उनके विभाग में चल रहे कार्यों की जानकारी ली गई एवं उनसे संबंधित समस्याओं को अवगत कराते हुए उसे अविलंब दूर कराने का निर्देश दिया गया ताकि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जन तक सरलता एवं सहजता से पहुंच सके। विद्यालय में मध्यान्ह भोजन, बिजली विभाग से विद्युत पोल को मुख्य रास्ते से हटा कर लगाने, पीडीएस में लाभुक को कैशमेमो देने, कृषि में बीज वितरण करने, उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मनरेगा अंतर्गत रोजगार सुनिश्चित करने, पंचायत में कचरा उठाव की सतत निगरानी करने आदि विषयों को उठाया गया। अकोढीगोला मुख्य बज़ार में जाम की समस्या को दूर करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से दिया गया। बैठक में बीस सूत्री उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार, शशि भूषण राय, वीरेन्द्र शर्मा, रामजी गुप्ता, बबन महतो, कामेश्वर पासवान, मंजू देवी, विनय सिंह, नागेंद्र पासवान, परवेज आलम, सुरेन्द्र पंडित, सभी बैंको के प्रबंधक उपस्थित रहें।

# अनुराग पांडेय बने राजभाषा अधिकारी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** अकोढ़गोला प्रखंड क्षेत्र स्थित पीएम श्री चौबे जवाहर उच्च माध्यमिक विद्यालय में 2011 के मेधावी छात्र अनुराग पाण्डेय ने अपने परिवार, विद्यालय और जिला का नाम रौशन किया है। प्रखंड के बलिगांव निवासी अनुज पाण्डेय के पुत्र अनुराग पाण्डेय का चयन बैंक ऑफ ऑफ बड़ोदा में राजभाषा अधिकारी के रूप में हुआ है। इनके पिता का कहना है कि अनुराग बचपन से ही किताबों को दोस्त बनाया और अधिक समय उसी के साथ ही बिताता। पढ़ने में उसी समय से तेज़ रहा, जिसका परिणाम उसे आज मिला, हमें बहुत ख़ुशी है। चौबे जवाहर उच्च विद्यालय भीमकरूप के प्रभारी प्रधानाध्यापक दीपक कुमार चौधरी ने अनुराग के इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में हमेशा से छात्रों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाता रहा है।

# मारपीट मामले में चार गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढीगोला(रोहतास)।** दरिहट थाना अंतर्गत भुसउला गांव में मारपीट के मामले में दोनों पक्षों से चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपूर्द कर दिया गया। इस संबंध में दरिहट थाना अध्यक्ष कुमारी नेहा सिन्हा ने बताया कि आपसी विवाद में भुसउला निवासी रूबी देवी एवं सविता देवी के बीच मारपीट हुई थी। इस मामले में रूबी देवी ने छोटे लाल पासवान पर जबकि सविता देवी ने जीतू पासवान, विजय पासवान, शंकर पासवान और सूरज पासवान पर मारपीट का आरोप लगाया था। इस मामले में कार्रवाई करते हुए एक पक्ष से छोटेलाल पासवान जबकि दूसरे पक्ष से जीतू, विजय और शंकर पासवान की गिरफ्तार किया गया है। वहीं सूरज पासवान की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं०–02, गढ़वा
## Corrigendum (शुद्धि पत्र)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/ GARHWA/18/2024-25_RE(2nd Call), PR 352285 Rural Develo-pment (25-26)D द्वारा आमंत्रित निविदा के क्रमांक–02,03 एवं 05 में आंशिक संशोधन किया जता है :–

2. बेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि–15.06.2025 के स्थान पर दिनांक–15.05.2025 तक पढ़ा जाय।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–15.06.2025 से दिनांक–22.06.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक के स्थान पर दिनांक–15.05.2025 से दिनांक–22.05. 2025 5:00 बजे तक तक पढ़ा जाय।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–24.06.2025 अपराह्न 2:00 बजे के स्थान पर दिनांक–24.05.2025 अपराह्न 2:00 बजे तक पढ़ा जाय।

आमंत्रित निविदा के शेष सभी कंडिका यथावत् बनी रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं0–02,
गढ़वा।

PR.NO.352437 Rural Development(25-26):D


# शहीद इम्तियाज व रामबाबू की अमर गाथा युगों तक गूंजेगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस फाउंडेशन ने कचहरी कैंपस में प्रो. हरिहर सिंह की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित कर सीमा सुरक्षा में वीरगति को प्राप्त करने वाले सारण निवासी सीमा सुरक्षा बल के सब इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह की शहादत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। लोगों ने वीरगति प्राप्त करने वाले दोनों शहीद जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेंद्र पासवान ने अपने शोक संदेश में कहा कि भारत-पाकिस्तान सीमा पर देश की सेवा करते हुए शहीद हुए बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर इम्तियाज व आर्मी के जवान रामबाबू सिंह की अमर कथा युगों तक गूंजेगी। वे सदा याद किए जाएंगे। मौके पर प्रो. हरिहर सिंह, उपेंद्र राय, अली हुसैन इदरीसी, लालू सिंह, फिरोज आलम, प्रो. एसपी सिंह, अब्दुल कुद्दूस, राजेश सोनकर, संजय कुमार सिंह, महेंद्र पांडे, हरे राम सिंह, अनुग्रह नारायण सिंह, धनंजय पटेल, राम नगीना पासवान, रामेश्वर शर्मा अधिवक्ता, लाल साहब, पासवान वकील सहित दर्जनों संपर्क बुद्धिजीवि शामिल थे।


पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।
आवश्यक सूचना।
(बरामद अज्ञात मृत महिला के शव का फोटो)



केतार थाना (जिला–गढ़वा), झारखण्ड के द्वारा दिनांक 22.09.2024 को केताऱ थाना अंतर्गत ग्राम–गमहरिया स्थित सोन नदी के किनारे बालू पर पड़ा एक अज्ञात मृत महिला का शव बरामद किया गया था, जिसका शरीर पानी से गला एवं फुला हुआ था, तथा पूरा सिर कंकाल हो गया था तथा उसमें किड़ा भी लग हुआ था एवं शरीर के पेट का आधा भाग सड़ गया था। जिसकी उम्र करीब–25–35 वर्ष था। इस संबंध में केताऱ थाना कांड सं0–58/24 दिनांक–22.09.2024 धारा–103(1), 238, बी0एन0एस0 अंकित किया गया है। उक्त बरामद अज्ञात मृत महिला के शव की पहचान एवं इसके अभिभावक तथा अन्य संबंधी के बारे में पता लगाया गया परन्तु उक्त बरामद अज्ञात मृत महिला के शव के बारे में या इसके परिजन के बारे में अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त बरामद अज्ञात मृत महिला के शव का पहचान या इसके परिजन के बारे में किसी भी प्रकार कि लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया :– उम्र करीब–25–35 वर्ष, लम्बाई करीब–160 से0मी0,
पहनावा–उजला टि–सर्ट एवं निचे भूरा रंग का पैजामा(लैगीज),
एवं दाहिने हांथ में एक कंगन एवं बायें हांथ में कलावा, तथा
दोनों पैर में पायल।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा।

PR 352436 Police(25-26)D


# उत्कृष्ट संरक्षा कार्य के लिए डीआरएम ने रेलकर्मियों को किया पुरस्कृत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्णतः संरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित रखने हेतु पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) निरंतर रूप से प्रतिबद्ध है। मंडल में संरक्षा की दिशा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले रेलकर्मियों को नियमित रूप से पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया जाता है। इसी क्रम में आज गुरुवार को मंडल कार्यालय के सभागार में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा परिचालन, इंजीनियरिंग तथा कैरिज एंड वैगन विभाग के छह चयनित रेलकर्मियों को अपनी सतर्कता, कार्यकुशलता एवं जिम्मेदारी का परिचय देते हुए संभावित दुर्घटनाओं को रोकने एवं संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए संरक्षा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन संरक्षा विभाग के समन्वय से किया गया। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। मंडल रेल प्रबंधक श्री मीना ने सभी पुरस्कृत रेलकर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है और पूर्ण संरक्षा बनाए रखने में जमीनी स्तर पर कार्यरत रेल कर्मियों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी रेलकर्मियों को आगे भी इसी तरह सतर्क एवं सजग रहकर कार्य जारी रखने तथा मंडल में पूर्णतः संरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित बनाए रखने के प्रति प्रेरित किया।


## न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,सदर मेदिनीनगर पलामू

नोटिस
दा0 खा0 अपील वाद सं0 – 99/2023–24

1. विनोद यादव वो विनय यादव दोनो पिता– बालेशवर यादव, ग्राम– गरिहारा, पो0–द्वारिका, थाना–पांकी,जिला–पलामू।

– प्रथम पक्ष

बनाम

1. रामसुन्दर यादव पिता–स्व0 बउधा यादव
2. दयाल यादव पिता–स्व0 मनोहर यादव
3. देव नारायण यादव, पिता– सबुर यादव
4. अम्बिका यादव, पिता–भुनेश्वर यादव
5. सतारी यादव पिता–टैत यादव

सभी ग्राम–गरिहारा ,पो0–द्वारिका,थाना–पांकी,पलामू, झारखण्ड।

– विपक्षी

एतद द्वारा सूचित करना है कि अपीलार्थी/आवेदक ने मेरे न्यायालय में उपर्युक्त दा0 खा0 अपील वाद दायर किया है। जिसमें आपको पक्षकार बनाया गया है तथा आपको दिनांक– 02.03.2024 को सूचना निर्गत की गयी जिसकी सुनवायी की तिथि 25.04.2024 निर्धारित थी परन्तु उपरोक्त वाद में निर्धारित तिथि को आप उपस्थित नहीं हुये। वाद में अगली तिथि दिनांक 26.06.2025 निर्धारित है।

अतः आपको आगाह किया जाता है कि आप उक्त निर्धारित तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब दें/अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपके अनुपस्थित रहने पर एकतरफा सुनवाई करते हुए निर्णय लिया जा सकता है। बाद में कोई सुनवाई नहीं होगी।

इसे सख्त ताकिद जानें।

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
सदर मेदिनीनगर

PR 352524 (District)25-26*D



## कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू

–: FMD टीकाकरण अभियान Round 5 Phase 1 एवं LSD टीकाकरण 2025–26 का सफल कार्यान्वयन :–

पलामू जिला के सभी पशुपालकों को सूचित करना है कि पशुओं में होने वाले मुँहपका एवं खुरपका रोग एवं चर्म रोग से निजाद पाने हेतु दिनांक 19.05.2025 से पलामू जिला के सभी ग्रामों में FMD टीकाकरण अभियान Round 5 Phase 1 एवं LSD टीकाकरण 2025–26 निःशुल्क प्रारम्भ हो रही है। जिसके सफल संचालन हेतु आप सभी का सहयोग अनिवार्य है।

अतः सभी पशुपालक बंधु से अनुरोध है कि दिनांक 19.05.2025 से प्रारम्भ हो रही टीकाकरण का लाभ लेने हेतु संबंधित प्रखण्ड के पशुपालन पदाधिकारी से संम्पर्क कर अपने पशुओं को टीका लगवाकर इस रोग से मुक्त रखना चाहेंगे।

निवेदक –
जिला पशुपालन पदाधिकारी,पलामू

PR 352520 Animal Husbandry(25-26).D

# मनीष की शहादत पर नम हुईं सारी आंखें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)।** देश की रक्षा में अपनी जान गंवाने वाले नवादा जिले के लाल, भारतीय सेना के जवान मनीष कुमार की शहादत ने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया है। कौआकोल प्रखण्ड अंतर्गत पाण्डेयगंगौट गांव के इस वीर सपूत की शहादत की खबर जैसे ही बुधवार सुबह गांव पहुंची, हर आंख नम हो गई। वीरगति को प्राप्त जवान के घर पर दूसरे दिन भी मातमी सन्नाटा पसरा रहा। गांव में कोई चूल्हा नहीं जला, लोग उनके अंतिम दर्शन को बेचैन हैं।






महज दो महीने पहले विवाह बंधन में बंधी पत्नी खुशबू सदमे में बार-बार बेहोश हो रही हैं। माता-पिता अशोक राम व सुशीला देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में लोगों का तांता लगा है। हर कोई शोक-संतप्त परिवार से मिलकर ढाढ़स बंधा रहा है और मनीष की शहादत पर गर्व भी जता रहा है।

सेना की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, मनीष कुमार कारगिल के एमएच अस्पताल में आर्मी मेडिकल कोर में तैनात थे। 14 मई की सुबह ड्यूटी के दौरान वे अचानक बेहोश हो गए, अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पार्थिव शरीर को सड़क मार्ग से कारगिल से लेह भेजा गया है। वहां से दिल्ली होते हुए शुक्रवार रात तक उनके गांव पहुंचने की संभावना है। पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।

**तेजस्वी यादव ने पिता से की बात, नेताओं का जताया शोक**

शहीद मनीष की खबर से पूरा जिला स्तब्ध है। नेता प्रतिपक्ष व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मनीष के पिता अशोक राम से वीडियो कॉल कर संवेदना व्यक्त की और कहा कि राजद परिवार इस दुख की घड़ी में पूरी मजबूती से साथ है। उन्होंने स्थानीय विधायक मोहम्मद कामरान को राजद की ओर से अनुग्रह राशि देने का निर्देश भी दिया। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, सांसद विवेक ठाकुर, पूर्व विधायक कौशल यादव, पूर्णिमा यादव, जदयू जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, राजद जिलाध्यक्ष उदय यादव सहित तमाम जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

गुरुवार को कौआकोल प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन हुआ। दो मिनट का मौन रखकर शहीद को श्रद्धांजलि दी गई। अधिकारियों और कर्मचारियों ने मनीष की शहादत पर गर्व जताते हुए कहा कि उनका बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा।

**एक बेटा गया, पर देश को मिला अमर शहीद**

मनीष कुमार की शहादत से जहां परिवार टूट गया है, वहीं नवादा को एक ऐसा वीर मिला है जिसकी कहानी आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति का पाठ पढ़ाएगी।

## मनीष के शहीद होने पर मुख्यमंत्री मर्माहत, जताई गहरी शोक संवेदना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी के दौरान बिहार के नवादा जिले के पांडेय गंगौट गांव के निवासी सेना के जवान वान मनीष कुमार के शहीद होने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है और कहा है कि उनकी शहादत को देश हमेशा याद रखेगा। वे इस घटना से काफी मर्माहत हैं। मुख्यमंत्री ने वीर सपूत की शहादत पर उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि शहीद जवान मनीष कुमार के निकटतम आश्रित को राज्य सरकार की ओर से अनुमान्य सम्मान राशि दी जायेगी, साथ ही शहीद जवान मनीष कुमार का राज्य सरकार की ओर से पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा।

## शहीद मनीष के स्वजनों से मिल सांसद ने जताई संवेदना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** कारगिल में पदस्थापित भारतीय सेना के जवान मनीष कुमार की शहादत के खबर के बाद गुरुवार को नवादा के सांसद विवेक ठाकुर एवं वारिसलीगंज के विधायक अरुणा देवी कौआकोल प्रखण्ड के पाण्डेयगंगौट पहुंचकर पीड़ित शहीद परिवार से भेंट कर उन्हें सांत्वना दिया। इस अवसर पर सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में सरकार की पीड़ित परिवार के प्रति पूरी संवेदना है। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर सम्भव सहायता करने का भरोसा दिलाया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता,स्थानीय मुखिया दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

## महिला संवाद कार्यक्रमः सशक्तिकरण की ओर एक प्रभावी कदम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण की दिशा में चलाए जा रहे महिला संवाद कार्यक्रम के माध्यम से नवादा जिला की महिलाएं तेजी से जागरूक एवं आत्मनिर्भर बन रही हैं। यह कार्यक्रम न केवल महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी दे रहा है, बल्कि उन्हें अपनी सफलता की कहानियां साझा करने और अपनी समस्याओं व आकांक्षाओं को खुलकर रखने का मंच भी प्रदान कर रहा है।



जिले के 26 गांवों में प्रतिदिन आयोजित हो रहे इस संवाद कार्यक्रम में अब तक 708 ग्राम संगठनों में कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया जा चुका है, जबकि कुल 1510 ग्राम संगठनों में इसे संपन्न किया जाना है। इस अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन लगभग चार हजार महिलाएं सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं, जो अपने अनुभवों के माध्यम से समाज में बदलाव की प्रेरणा बन रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, अक्षर आंचल योजना, मुख्यमंत्री बालिका पोषाक योजना, बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका), सतत जीविकोपार्जन योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

15 मई 2025 को सिरदला प्रखंड के चौकिया पंचायत अंतर्गत भोला चौकिया गांव में आयोजित संवाद कार्यक्रम में महिलाओं ने विभिन्न विकासात्मक मुद्दों को सामने रखाः वार्ड संख्या 04 की संजू देवी ने सार्वजनिक शौचालय की मांग की, समांतर देवी ने समूह में मिलने वाली आईसीएफ राशि बढ़ाने, मालती देवी ने बैंक ऋण पर ब्याज दर कम करने, सरिया देवी ने जीविका भवन निर्माण की मांग रखी वहीं वार्ड संख्या 02 की सुलेखा देवी ने सामुदायिक कुआं, सोनभा देवी ने सोलर लाइट, मुन्नी देवी ने लाइब्रेरी और बसंती देवी ने महादलित भवन निर्माण की मांग की। नवादा सदर प्रखंड के सोनसिहारी पंचायत स्थित मंझनपुर गांव में आयोजित संवाद कार्यक्रम में भी महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और वार्ड संख्या 9 में लाइब्रेरी, सार्वजनिक नाली, सार्वजनिक तालाब, आयुष्मान कार्ड बनवाने, सोलर लाइट लगवाने, पशु अस्पताल एवं सड़क मरम्मत जैसी आवश्यकताओं को प्रमुखता से उठाया। महिला संवाद कार्यक्रम न केवल महिलाओं की आवाज को मंच दे रहा है, बल्कि यह उन्हें गाँव की समस्याओं की पहचान कर प्राथमिकता तय करने और विकास योजनाओं के निर्माण में भागीदारी का अवसर भी दे रहा है।

## पूर्व प्रशासक स्वर्गीय मिथिलेश प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण, ग्रामीण विकास मंत्री ने दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी डॉ. सत्य प्रकाश के पिता एवं पूर्व प्रशासनिक अधिकारी स्वर्गीय मिथिलेश प्रसाद की स्मृति में ग्राम बलवापर (हिलसा) में आयोजित ब्रह्मभोज सह श्रद्धांजलि सभा में उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि स्व. मिथिलेश प्रसाद एक कुशल प्रशासक और नेक दिल इंसान थे। उन्होंने कई जिलों में प्रशासनिक पदों पर रहते हुए अपनी ईमानदारी और कठोर अनुशासन के लिए विशेष पहचान बनाई। वे जमीन से जुड़े अधिकारी थे और अपने गांव से विशेष लगाव रखते थे। श्रद्धांजलि सभा में जदयू के वरिष्ठ नेता एवं चर्चित चिकित्सक डॉ. निर्मल कुशवाहा, डॉ. प्रेम प्रकाश, डॉ. शैलेश चंद्रा, प्रफुल्ल प्रकाश, आनंद प्रकाश, शुभांकर चंद्रा, सतीश प्रसाद, गुड्डू पटेल, वेद प्रकाश, हिलसा विधायक प्रेम सिंह, नगर परिषद चेयरमैन धनंजय कुमार, पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पांडे, आनंद सिंह, अखिलेश सिंह, वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र मिश्रा, मदन कुमार सहित औरंगाबाद व रोहतास जिले के कई प्रशासनिक अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

सभा में स्व. मिथिलेश प्रसाद के व्यक्तित्व और कर्तव्यों की सराहना करते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया गया।

## मंत्री विजय शाह के बयान पर बवाल, आज़ाद अधिकार सेना ने देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की जांबाज़ अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी पर सियासी बवाल तेज हो गया है। आज़ाद अधिकार सेना के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अरविंद मिश्रा ने एक बयान जारी कर विजय शाह पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि विजय शाह का बयान न केवल एक वीरांगना का अपमान है, बल्कि इससे पूरे देश की भावना को ठेस पहुंची है। कर्नल सोफिया कुरैशी भारत माता की सच्ची सपूत हैं, जिन्होंने अपने साहस और पराक्रम से पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। उनका नाम देश की शान और सम्मान का प्रतीक है, और ऐसे वीर सैनिकों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करना भाजपा मंत्री की मानसिक दिवालियापन को दर्शाता है। अरविंद मिश्रा ने कहा कि जिस तरह से अब तक मध्य प्रदेश सरकार ने विजय शाह को मंत्रिमंडल से नहीं हटाया, वह भी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा, ऐसे मंत्री को तुरंत बर्खास्त कर जेल भेजा जाना चाहिए। उन पर देशद्रोह का मुकदमा चलना चाहिए, क्योंकि उनका बयान न केवल कर्नल सोफिया का अपमान है, बल्कि समूचे सैनिक समाज का भी अपमान है। आज़ाद अधिकार सेना बिहार अध्यक्ष ने एलान किया कि यदि मंत्री विजय शाह पर कार्रवाई नहीं हुई, तो पार्टी बिहार के विभिन्न जिलों में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराएगी और आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि सेना की शूरवीर बेटियों का अपमान देश कतई बर्दाश्त नहीं करेगा।

## नवादा में नियोजन-सह-मार्गदर्शन मेला का सफल आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** गुरुवार को समाहरणालय, नवादा के संयुक्त श्रम भवन प्रांगण में जिला स्तरीय एक दिवसीय नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन अपर समाहर्ता चन्द्रशेखर आजाद एवं उप निदेशक (नियोजन), मगध प्रमंडल, गया राजीव रंजन कुमार, प्राचार्य आईटीआई नवादा, प्राचार्य महिला आई.टी.आई., नवादा, जिला योजना पदाधिकारी तथा जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत जिला नियोजन पदाधिकारी सुनील कुमार सुमन द्वारा पौधारोपण कर किया गया। वहीं स्थानीय बालिकाओं द्वारा सुमधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का अभिनंदन किया गया। अपर समाहर्ता चन्द्रशेखर आजाद ने अपने संबोधन में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी एवं युवाओं को इन योजनाओं से जुड़ने तथा अधिकाधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है, तथा इसके लिए जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। साथ ही उन्होंने नियोजकों से आग्रह किया कि चयनित कर्मियों को सम्मानजनक पारिश्रमिक एवं सामाजिक सुरक्षा के लाभ प्रदान किए जाएं।



जिला कृषि पदाधिकारी ने स्वरोजगार से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी, जबकि जिला योजना पदाधिकारी ने स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता भत्ता एवं कुशल युवा कार्यक्रम जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में युवाओं को अवगत कराया।

इस नियोजन मेले में 26 निजी क्षेत्र के नियोजकों ने भाग लिया, जिनमें कुल 806 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। इनमें से 657 अभ्यर्थियों का बायोडाटा प्राप्त किया गया, तथा साक्षात्कार के उपरांत 328 अभ्यर्थियों का तत्काल स्थल पर चयन किया गया।

मेले में डी.आर.सी.सी., डी.आई.सी. एवं आरसेटी द्वारा सूचना स्टॉल लगाए गए, जहाँ अभ्यर्थियों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर जिला नियोजनालय की ओर से रेखा कुमारी (निम्न वर्गीय लिपिक), राजु अम्बेदकर (यंग प्रोफ़ेशनल), पवन कुमार एवं प्रिंस कुमार (जिला कौशल प्रबंधक), सदानंद कुमार (डाटा एंट्री ऑपरेटर) सहित कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। मंच संचालन का कार्य सुभाष चन्द्र बोस द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का समापन सुनील कुमार सुमन (जिला नियोजन पदाधिकारी) के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स राजगीर स्पोर्ट एकेडमी में फेंसिंग प्रतियोगिता आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** हरियाणा ने बृहस्पतिवार को राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के इनडोर स्टेडियम में खेले गए खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 बिहार की फेंसिंग स्पर्धा के अंतिम दिन तीनों स्वर्ण पदक जीतकर प्रतियोगिता का शानदार समापन किया। हरियाणा के लड़कों ने सेबर टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, जबकि लड़कियों ने एपे और फॉयल स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस प्रकार हरियाणा ने फेंसिंग प्रतियोगिता में कुल सात स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया। महाराष्ट्र ने दो स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक हासिल किए। चंडीगढ़, तमिलनाडु और राजस्थान ने एक-एक स्वर्ण पदक जीतकर शीर्ष पांच टीमों में जगह बनाई। हरियाणा की गर्ल्स एपे टीम की कप्तान दीपांशी ने कहा कि खिलाड़ी अपने कोचिंग स्टाफ के प्रयासों के लिए आभारी हैं। उन्होंने कहा, ‘‘हमारी टीम अपनी सफलता का श्रेय अपने कोचों की




ट्रेनिंग और मार्गदर्शन को देती है। यह मेरा टीम इवेंट में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक है और मुझे हमारी लगातार जीत पर गर्व है। लड़कों की सेबर टीम के कप्तान उज्जवल ने अपनी टीम के प्रदर्शन पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, ‘‘यह मेरा खेलो इंडिया में पहला अनुभव था और मैं टीमवर्क और दृढ़ संकल्प के बल पर स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहा। मैं हमारे कोचेज‘‘कपिल सर, राजपाल यादव सर, नरेंद्र सिंह सर और सुरेश सर का धन्यवाद करता हूं, जिनका योगदान हमारे इस जीत में अहम रहा। हरियाणा के हेड कोच नरेंद्र सिंह ने गर्व से कहा, ‘‘हमारे फेंसरों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, जो हमारे नतीजों में साफ दिखाई दे रहा है। हरियाणा ने पिछले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भी अपना दबदबा दिखाया था और इस बार भी वही प्रदर्शन दोहराया। मैं हर खिलाड़ी की लगन और मानसिकता पर गर्व करता हूं, जिसने इस उपलब्धि को संभव बनाया। खेलो इंडिया यूथ गेम्स, खेलो इंडिया कार्यक्रम का हिस्सा हैं, जिसकी शुरुआत 14 अक्टूबर 2017 को हुई थी। खेलो इंडिया का उद्देश्य खेलों में जन भागीदारी को बढ़ाना और उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करना है। इस कार्यक्रम ने भारत की खेल उपलब्धियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और कई खेलो इंडिया एथलीट्स ने ओलंपिक और एशियाई खेलों जैसे वैश्विक आयोजनों में देश का प्रतिनिधित्व किया है।

## बिहारशरीफः पंचायती विवाद में गोलीबारी, अधेड़ की हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र के बेरौटी गांव में पंचायती विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट और गोलीबारी में एक अधेड़ की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

मृतक की पहचान कामता प्रसाद के 45 वर्षीय पुत्र विनीत सिंह के रूप में हुई है। घायलों में गांव के सरपंच शंभू सिंह और उनका पुत्र दिलखुश कुमार शामिल हैं। सदर डीएसपी नुरुल हक ने बताया कि कुछ दिन पहले आरोपी अरुण सिंह और विनीत सिंह के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इस विवाद को सुलझाने के लिए बुधवार को गांव में पंचायती हुई, जिसमें मामले को खत्म करने पर सहमति बनी थी। घटना के दिन शाम को विनीत सिंह के घर सत्यनारायण स्वामी की पूजा चल रही थी। पूजा के बाद आरोपी पक्ष ने विनीत सिंह के दामाद के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडों से मारपीट शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और गोलीबारी शुरू हो गई। गोली लगने से विनीत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचे सरपंच शंभू सिंह और उनके पुत्र दिलखुश कुमार घायल हो गए।

सूचना मिलते ही दीपनगर पुलिस ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर घेराबंदी की और तीन आरोपितों–अरुण सिंह के पुत्र नीतीश कुमार, शिवम कुमार और कतरीसराय थाना क्षेत्र के सैंदी गांव निवासी श्रवण सिंह के पुत्र भागीरथ कुमार–को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देशी कट्टा, 13 खोखे और 8 कारतूस बरामद किए हैं।

## बिहार के गांव बन रहे स्वच्छ और सुंदर, चंडासी पंचायत में 43 लाख की योजनाओं का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने गुरुवार को नूरसराय प्रखंड के चंडासी पंचायत में 43 लाख रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य और सचेतक रीना यादव भी उपस्थित थीं।



मंत्री श्रवण कुमार ने चंडासी पंचायत के जोलहपुरा गांव में 16 लाख रुपये, चंडासी गांव में 17.80 लाख रुपये की मिट्टी भराई और उच्च विद्यालय में चारदीवारी निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इसके अलावा, जयप्रकाशपुर भेड़िया गांव में 9.64 लाख रुपये की लागत से मिट्टी भराई कार्य का भी शिलान्यास किया गया। जनता को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा, बिहार के गांव स्वच्छ और सुंदर बन रहे हैं। सरकार का लक्ष्य है कि गांवों में शहरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध हों। हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि कोई भी गांव सड़क सुविधा से वंचित न रहे। वर्ष 2026 तक बिहार का कोई भी गांव बिना सड़क का नहीं होगा। उन्होंने यह भी बताया कि नूरसराय प्रखंड में 25,000 लोगों का प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए सर्वे पूरा हो चुका है और प्रत्येक पात्र गरीब को इस योजना का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य रीना यादव ने कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में अभूतपूर्व विकास हुआ है, जिसका कोई सानी नहीं है। महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें मुखिया, प्रमुख, वार्ड पार्षद, पंचायत समिति सदस्य और मेयर जैसे पदों पर सेवा का अवसर प्रदान किया गया है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, जीविका दीदियां और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। यह आयोजन बिहार सरकार की ग्रामीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने की दिशा में एक और कदम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार 15 मई 2025 को समाहरणालय परिसर में दिव्यांगजन कोषांग के तत्वावधान में सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सहायक निदेशक, दिव्यांगजन कोषांग डॉ. राजकुमार सिंहा ने चयनित पांच दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण प्रदान किए। इन उपकरणों से दिव्यांगजनों के दैनिक जीवन को न केवल सुलभ बल्कि आत्मनिर्भर बनाने में सहायता मिलेगी। **वितरित उपकरणों का विवरण इस प्रकार है:** रौशन कुमार, पिता- यमुना राम, ग्राम- ओढ़नपुर, प्रखंड- नवादा सदर को




हस्तचालित ट्राईसाईकिल।

संजना कुमारी, पिता- श्रवण रविदास, अम्बेडकर नगर, प्रखंड- नवादा सदर को कान की मशीन।

सीतो चौहान, पिता- शिवनंदन चौहान, ग्राम- मोतनाजे, प्रखंड- नवादा सदर को स्मार्ट छड़ी।

मो. दानिश आलम, पिता- मो. रफीक, न्यू अंसार नगर, प्रखंड- नवादा सदर को कान की मशीन।

राजेन्द्र प्रसाद यादव, पिता- ईश्वरी प्रसाद, ग्राम- दौपटा, प्रखंड- रजौली को स्मार्ट छड़ी। इस अवसर पर डॉ. राजकुमार सिंहा ने कहा कि दिव्यांगजनों को सशक्त बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। सहायक उपकरण उनकी आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं, जिससे वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

## एटीएम, पासबुक व नकद समेत दो साइबर ठग चढे पुलिस के हत्थे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** लहेरी थाना पुलिस ने दो साइबर ठग को एटीएम पासबुक मोबाइल फोन और रुपए के साथ गिरफ्तार किया है। सदर डीएसपी नुरुल हक ने बताया कि लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक को जानकारी मिली थी कि देवीसराय पेट्रोल पंप के पास दो युवक संदिग्ध हालत में खड़ा है। पुलिस को देखते ही दोनों युवक भागने का प्रयास किया जिसे जवानों ने खदेड़कर पकड़ लिया। पकड़े जाने के बाद तलाशी लेने पर उसके पास से विभिन्न बैंकों के 32 एटीएम कार्ड 6 पासबुक 7 मोबाइल फोन 45 सौ रुपए और बैग में गांजा बरामद किया गया है। गिरफ्तार



आरोपित की पहचान नूरसराय थाना क्षेत्र के कठनपुरा निवासी राज किशोर साव का पुत्र अजीत कुमार और संजय पासवान का पुत्र अविनाश कुमार है के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि दोनों के ऊपर राष्ट्रीय साइबर सेल में दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं दो मामले में दोनों के ऊपर पौने आठ लाख रुपये ठगी का आरोप है। पहले भी दोनों साइबर ठगी मामले में जेल जा चुका है।

## बीएलओ का दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर कौआकोल प्रखण्ड परिसर अवस्थित प्रखण्ड भवन के सभागार कक्ष में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। इसकी जानकारी देते हुए बीडीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी डॉ0 अखिलेश कुमार ने बताया कि प्रखण्ड के बूथ नम्बर 208 से 268 तक के सभी बीएलओ को पहले दिन बुधवार को प्रशिक्षण दिया गया था। वहीं गुरुवार को बूथ नम्बर 269 से 328 तक के सभी बीएलओ का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि सभी बीएलओ को प्रमंडल स्तर से नियुक्त मास्टर ट्रेनर प्रभात रंजन,धर्मेन्द्र कुमार एवं भारत निर्वाचन आयोग स्तर से नियुक्त मास्टर ट्रेनर अजित कुमार,गोविंदपुर के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। बीडीओ ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बीएलओ को उनके कार्यों, कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों के प्रति जागरूक करना तथा एक स्वस्थ,निष्पक्ष और त्रुटिरहित मतदाता सूची के निर्माण में उनकी भूमिका को सशक्त बनाना है।




प्रशिक्षण सत्र में बीएलओ को मतदाता सूची अद्यतन,विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण,पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने और अपात्र नामों को हटाने की प्रक्रिया सहित सभी आवश्यक जानकारी दी गयी। साथ ही निर्वाचन से संबंधित नवीनतम दिशा-निर्देशों एवं तकनीकी टूल्स के उपयोग पर भी विस्तृत चर्चा की गयी। मौके पर शिक्षक जयप्रकाश मेहता समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# मिट्टी से जुड़े महानायक थे ईश्वर चौधरी : डॉ प्रेम कुमार

## ईश्वर चौधरी के 34वें शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा, सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** शहीद ईश्वर चौधरी की 34वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को मानपुर स्थित ईश्वर चौधरी हाल्ट के समीप उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि ईश्वर चौधरी न केवल एक जनप्रतिनिधि थे, बल्कि वे मिट्टी से जुड़े हुए एक महानायक थे। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि ईश्वर चौधरी ने गया लोकसभा क्षेत्र का तीन बार प्रतिनिधित्व किया। वे पहली बार जनसंघ के टिकट पर संसद पहुंचे और बाद के वर्षों में 1977 तथा 1990 में भी गया से सांसद चुने गए। उन्होंने हमेशा राष्ट्रीय हित के मुद्दों को संसद में मजबूती से उठाया। सांसद रहते हुए भी वे आम आदमी की तरह जीवन जीते थे और गयाजी की सेवा को अपना धर्म मानते थे। सभा में उपस्थित ग्रामीणों ने ईश्वर चौधरी हाल्ट के जीर्णोद्धार और जनसुविधाओं के विस्तार की मांग रखी, जिस पर मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने रेल मंत्रालय से पत्राचार कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विधायक वीरेंद्र सिंह, प्रमोद चौधरी, प्रदीप कुमार चंचल, गोपाल पटवा, बाला सिंह, कौशल कुमार, चुन्नू सिंह, देवकी चौधरी, प्रकाश राम पटवा, बच्चू लाल वर्णवाल, रूपेश वर्मा, साकेत संगम, कौशल जी, जयप्रकाश कसेरा, राणा रणजीत सिंह, मुन्ना चौधरी, पवन कुमार समेत कई स्थानीय नेता और नागरिक मौजूद थे। सभा के दौरान वक्ताओं ने ईश्वर चौधरी के सरल जीवन, जनसेवा और संघर्षशील राजनीतिक यात्रा को याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# मेजर ध्यानचंद खेल परिसर में खेलो इंडिया यूथ गेम में पुरस्कार वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** भाजपा के वरीय नेता बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने गयाजी अंतर्गत ग्रामीण विकास संस्थान के मेजर ध्यानचंद खेल परिसर में खेलो इंडिया यूथ गेम में शामिल पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए। मंत्री प्रेम कुमार ने थांग टा गेम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया साथ ही विजेता टीम को ट्रॉफी वितरण किया। मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स 4 मई को शुरू हुआ था आज हम समापन के अवसर पर असम का लोकप्रिय खेल थांग टा विजेता टीम को ट्रॉफी दिया और उनका उत्साहवर्धन किया साथ ही उन्होंने कहा कि मैदान में बिहार की दहाड़, पदकों की बरसात से हर दिल हुआ गर्व से सराबोर, बता दें कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार का शानदार प्रदर्शन रहा। बिहार के धावकों को तीन रजत समेत चार पदक मिले साथ ही विभिन्न खेलों में 4 स्वर्ण पदक और 27 पदकों के साथ बिहार का अब तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। इस आयोजन से बिहार के युवाओं में काफी उत्साह बढ़ा है। अब बिहार के युवा देश के लिए मेडल लाएंगे। इस बेहतर आयोजन के लिए देश के प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को बधाई देता हूं साथ ही बेहतर ढंग से इस आयोजन को पूरा करने पर जिला प्रशासन को धन्यवाद देता हूं। भारत में खेलों को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार ने कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई। फिट इंडिया मूवमेंट, खेलो भारत योजना, खेल प्रतिभा खोज पोर्टल, राष्ट्रीय खेल विकास कोष की स्थापना, खेल पर अधिकार प्राप्त संचालन समिति का गठन, भारतीय खेल प्राधिकरण साई की योजनाएं, राष्ट्रीय खेल पुरस्कार योजना, अर्जुन अवार्ड, द्रोणाचार्य अवार्ड, मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार, पद्मश्री, पद्म विभूषण, मौलाना अबुल कलाम आजाद पुरस्कार, राष्ट्रीय खेल रत्न पुरस्कार और मेजर ध्यानचंद पुरस्कार प्रमुख रूप से शामिल है।

# कृषि और सहकारिता विभाग की संयुक्त बैठक में लिया गया अहम निर्णय – किसानों को योजनाओं का समेकित लाभ देने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** राजधानी स्थित कृषि भवन में आज एक अहम बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा तथा सहकारिता मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक में कृषि विभाग और सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं को आपस में जोड़कर अधिक से अधिक किसानों तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से व्यापक चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दोनों विभागों की सामान्य योजनाओं का एकीकृत संचालन कर सहकारी समितियों की भूमिका को और अधिक प्रभावशाली बनाया जाएगा। विशेष रूप से बीज और उर्वरक वितरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए यह चिंता जताई गई कि कुछ क्षेत्रों में पासबुक आधारित अनुमोदन में देरी हो रही है। इसको लेकर 15 दिवसीय प्रशिक्षण के बाद पासबुक स्वीकृति की प्रक्रिया अपनाने की बात कही गई है। उपमुख्यमंत्री ने वर्षभर प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई ताकि इच्छुक पासबुकधारक प्रशिक्षण प्राप्त कर समय पर अनुमोदन पा सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीज वितरण के लिए प्रशिक्षण आवश्यक नहीं होगा – इच्छुक किसान केवल ऑनलाइन आवेदन कर प्राथमिकता के आधार पर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा राज्य के 144 अनुमंडल स्तरीय उर्वरक विक्रेताओं एवं सहकारी समितियों की सूची कृषि विभाग को उपलब्ध कराई जाएगी ताकि उन्हें बीज एवं पौधा वितरण में प्राथमिकता दी जा सके। खाद्यान्न वितरण एवं प्रशिक्षण की प्रक्रिया को भी सरल और प्रभावशाली बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी करने, और किसानों को बीज भेजने हेतु 50 प्रतिशत अनुदान पर रजिस्टर्ड वाहन उपलब्ध कराने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही, सहकारी बैंकों द्वारा अधिक से अधिक किसानों को सीसीएल (फसल ऋण) देने का आग्रह भी किया गया, जिस पर दोनों विभागों के सचिवों ने सहमति जताई।

# बिहार एवं नोएडा में काम करने का सुनहरा मौका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** 16 मई दिन गुरुवार को जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (डीआरसीसी, गया) में एक दिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें एचआरभीएस इंडिया लिमिटेड तथा उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक कंपनी के द्वारा ऑपरेटर, टीसीओ, टीआरओ के पद पर कुल 35 युवकों का चयन किया जाएगा। चयनित युवकों को बिहार में तथा नोएडा में काम करने का मौका मिलेगा। फाइनेंस क्षेत्र के अंतर्गत बिहार में अभ्यर्थियों की सैलरी 14000-17000 तक होगी एवं नोएडा में अभ्यर्थियों की सैलरी 18000 तक होगी। इसके अलावा कमिशन, इंसेंटिव, पीएफ, ईएसआईसी इत्यादि की सुविधा दी जाएगी। यह रोजगार कैंप 16 मई को जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र, डीआरसीसी गया (राजकीय पॉलीटेकनिक कॉलेज के अंदर) में आयोजित होगी।

# नगर प्रखंड में बीस सूत्री बैठक में हंगामा, बेलागंज विधायक ने किया कार्यान्वयन समिति का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** जिले के नगर प्रखंड के चंदौती में गुरुवार को बेलागंज विधायक मनोरमा देवी ने नगर प्रखंड कार्यान्वयन समिति का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख सुचिता रजनी, उपप्रमुख सतीश पटेल, बीस सूत्री समिति के अध्यक्ष मोहम्मद काशिफ अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) राकेश रंजन, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में विधायक मनोरमा देवी की अध्यक्षता में बीस सूत्री समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसका संचालन समिति के सदस्य रंजीत कुशवाहा ने किया। यह बैठक काफी हंगामेदार रही, जिसमें नगर प्रखंड की विभिन्न समस्याओं पर गहन चर्चा हुई। जनप्रतिनिधियों ने पेयजल संकट, महिला संवाद कार्यक्रम, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड और वंचित वर्गों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने जैसे मुद्दों को उठाया। प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश रंजन ने सभी समस्याओं पर अपनी बात रखी और स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा, विकास के मुद्दों पर कोई समझौता नहीं होगा। अनियमितता या लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक की अध्यक्षता कर रहीं विधायक मनोरमा देवी ने कहा, ल्लनगर प्रखंड के सभी क्षेत्रों के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। हम सभी जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर समन्वय के साथ जमीनी स्तर पर कार्य करेंगे ताकि प्रखंड का सर्वांगीण विकास हो सके।

हालांकि, बैठक में सांसद प्रतिनिधि नंदलाल मांझी ने खराब चापाकलों और नल-जल योजना में भ्रष्टाचार का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि योजनाएं केवल कागजों तक सीमित हैं और जमीनी हकीकत कुछ और है। मांझी ने बीडीओ से खराब चापाकलों और नल-जल योजना की स्थिति पर सवाल किया, लेकिन पदाधिकारी का जवाब संतोषजनक नहीं होने पर उन्होंने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा, ऐसे अधिकारियों के रहते सरकार की बदनामी होती है। योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

बैठक में नगर प्रखंड के सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। यह आयोजन नगर प्रखंड में विकास कार्यों और समस्याओं को लेकर गंभीर चर्चा का मंच साबित हुआ।

# नवादा के सांसद का गया आगमन पर स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** नवादा के सांसद विवेक ठाकुर का गया आगवन पर गुरुवार को स्वागत भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा एवं भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ किया गया। सांसद के आगमन पर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया। सभी ने फूलों का भव्य बुके भेंट कर उनका स्वागत किया और उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि विवेक ठाकुर जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने वाले नेता हैं।उन्होंने विकास की नई इबारत लिखी है। चाहे सड़क निर्माण हो, शिक्षा का विस्तार हो, या किसानों की समस्याओं का समाधान हर क्षेत्र में उन्होंने सकारात्मक पहल की है। उन्होंने कहा कि विवेक ठाकुर जी का राजनीतिक जीवन पारदर्शिता, सेवा और समर्पण का प्रतीक है। डॉ. मिश्रा ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा राष्ट्रहित और जनहित को सर्वोपरि माना है। श्री ठाकुर जैसे जनप्रतिनिधि पार्टी की नीति और नीयत का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। स्वागत करने वालों में भाजपा के प्रदेश का समिति सदस्य महेश शर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, पूर्व मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, नागेंद्र प्रसाद शर्मा, दुर्गेश प्रसाद आदि शामिल रहे।

# खेत से मिट्टी निकालने को लेकर मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के अल्पा गांव में खेत से मिट्टी निकालने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस मामले में पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत पर 21 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, मारपीट की घटना में कुछ लोग घायल भी हुए हैं। अल्पा गांव के वादी राम पुकार यादव ने बताया है कि बीते दिनों मेरा गोतिया के यहां बारात आई थी। बारात को देखने गए तो देखा कि मेरा अल्पा स्कूल के पास खेत में जेसीबी लगाकर मिट्टी निकाल रहा है जिसे मना करने पर मारपीट की गयी।

# सीयूएसबी के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुनील कुमार को आईआईएएस, शिमला ने फेलो पद से किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के अंग्रेजी और विदेशी भाषा विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुनील कुमार को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडी (आईआईएएस), शिमला में प्रतिष्ठित फ़ेलो पद से सम्मानित किया गया है।फ़ेलो के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, डॉ. कुमार जून 2025 से जून 2027 तक इको-पैथोलोजिज़ ऑफ़ दी इंडो-गंगेटिक प्लेनः लिटरेसी एंड सिनेमेटिक रिप्रेजेंटेशन्स नामक शोध परियोजना पर काम करेंगे।यह अंतःविषय परियोजना पर्यावरण मानविकी में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करती है और साहित्य, सिनेमा और पारिस्थितिक क्षरण के बीच जटिल संबंधों पर भी प्रकाश डालती है। सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने डॉ. कुमार को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए प्रभावशाली शोध के उत्पादन के महत्व पर जोर दिया जो न केवल पर्यावरण मानविकी में ज्ञान को आगे बढ़ाता है बल्कि बड़े पैमाने पर समाज को भी लाभान्वित करता है।उन्होंने कहा कि यह प्रतिष्ठित पुरस्कार अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति डॉ. कुमार के समर्पण को रेखांकित करता है और नवीन शोध के केंद्र के रूप में विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को मजबूत करता है। भाषा एवं साहित्य विद्यालय के प्रमुख एवं डीन प्रो. विपिन कुमार सिंह ने डॉ. कुमार की शैक्षणिक प्रतिबद्धता पर विश्वास व्यक्त करते हुए विद्यालय के लिए इस उपलब्धि के महत्व पर प्रकाश डाला।प्रो. अर्चना कुमारी ने कहा कि यह उपलब्धि विभाग की सामूहिक उत्कृष्टता का प्रमाण है, जबकि विभाग के अन्य सहकर्मी प्राध्यापकों क्रमशः डॉ. अर्पणा झा, डॉ. सरोज कुमार और डॉ. अभय लियोनार्ड एक्का ने डॉ. कुमार को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी। आईआईएएस शिमला में इस मान्यता से विश्वविद्यालय के शोध प्रोफाइल को और बढ़ावा मिलने तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# पेयजल की समस्या के त्वरित निष्पादन हेतु जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** वर्तमान समय मे गया जिला गर्म हवा के साथ 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर के तापमान से गुजर रहा है। इस मौसम में संभावित होने वाले पेयजल समस्या को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से गुरुवार को जिले के डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम 2 माह पहले से ही पीएचईडी के अभियंताओं के माध्यम से सभी प्रखंड में खराब या बंद पड़े चापाकलों को बनवाने/ मरामती के लिये मरामती दल को रवाना किया गया था, जो काफी सफल एव कारागार सभीत हुई रहा है। आज के तिथि में 3786 खराब या बंद पड़े चापाकलों को चालू करवाया गया है।राजइजिंग पाइप से लेकर अन्य सभी सामग्री पर्याप्त है। सभी प्रखण्डों के ग्रामीण इलाके में स्थापित किए गए सरकारी चापाकल के रख-रखाव एवं मरम्मती के लिए शेरघाटी में 23 चापाकल मरम्मति दल एवं गया सदर डिवीजन में 28 चापाकल मरम्मति दल जिसमे प्लंबर, टेक्नीशियन व अन्य कर्मी लगाकर लगातार मरमत करवाया जा रहा है। जो भी पार्ट पुर्ज़ा या राइजिंग पाइप जोड़ना इत्यादि सभी लगाकर चालू करवाया जा रहा है। बताया गया कि गया डिवीजन में अब तक 383 की संख्या में एवं शेरघाटी डिवीजन में 516 की संख्या में राइजिंग पाइप जरूरत के हिसाब से लगते हुए चापाकलों को चालू करवाया गया है। नल जल योजना की समीक्षा में बताया गया कि गया डिवीजन में 2793 वार्ड में से 2715 वार्डो में पेयजल सुचारू रूप से दिया जा रहा है।विगत एक माह में 385 की संख्या में बंद नल जल योजना को चालू करवाने का कार्य किया गया है। इसके अलावा 74 स्थान पर बोरिंग फ़ेल होने के कारण जलापूर्ति बंद थी, उन स्थानों पर दोबारा से नया बोरिंग करा कर जलापूर्ति उपलब्ध करवाई गई है। विगत एक माह के अंदर 600 की संख्या में नए स्टैंड पोस्ट लगाकर दूरस्थ जल संकट वाले क्षेत्रों में पानी उपलब्ध करवाने का कार्य किया गया है। इसके अलावा 850 की संख्या में पुराने स्टैंड पोस्ट को मरामती करवा कर पानी चालू करवाया गया है। डीएम ने बताया कि अतरी के सहोड़ा वार्ड 13 में नया बोरींग के साथ साथ नए सिरे से 60 घरों में पाईप लाइन बिछाते हुए एवं 65 घरों तक पाईप लाइन पूर्ण नही होने से उनके घरों तक पानी नही जा रहा था, उसे ठीक करवाया गया है।इस प्रकार सरेन के वार्ड संख्या 10, नीमचक बथानी के मनियार वार्ड संख्या 6, वजीरगंज के सकर दास नवादा बिहियान वार्ड संख्या 6, पुनावा के मीरगंज वार्ड 07, पटरमंगरावा के मनौदी वार्ड 04 में लोगो के घरों तक नल जल पहुचाया गया, जो पिछले महीनों से बंद थी।इसके अलावा टिकारी के केसपा वार्ड संख्या 7, बोधगया के बसाढी पंचायत वार्ड 04, गफाखुर्द वार्ड 03, टनकुप्पा के भटौरा वार्ड 03 एवं 04, उतलिबारा के वार्ड 03, चौबार के वार्ड 01 एवं 11, मोहरा के आरई वार्ड 10 में पहले से बंद पड़े नल जल योजना को नया बोरिंग करा कर चालू करवाया गया है।इसके अलावा शेरघाटी डिवीजन में 1971 वार्ड में से 1904 वार्डो में पेयजल सुचारू रूप से दिया जा रहा है।103 स्थान पर नया बोरिंग कराकर नल जल योजना चालू करवाया गया है।

# कोंच पैक्स अध्यक्ष ने सैकड़ों महिलाओं के साथ कांग्रेस पार्टी की ली सदस्यता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच पैक्स अध्यक्ष रिया कुमारी ने सैकड़ों महिलाओं के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता गुरुवार को ग्रहण की। इस दौरान उन्होंने पार्टी की विचारधारा और नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल होने की बात कही। पार्टी के स्थानीय नेताओं ने उनका स्वागत किया और कहा कि उनकी भागीदारी से पार्टी को मजबूती मिलेगी। बताया गया है कि कांग्रेस पार्टी की महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती अलका लांबा की मौजूदगी में कोंच पैक्स अध्यक्ष रिया कुमारी ने लगभग 200 महिलाओं के साथ कंाग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने बताया कि ये महिलाओं का दुर्भाग्य है कि 243 सदस्यों की विधानसभा में महिला सदस्यों की संख्या मात्र 26 है।जरूरत है आज महिलाओं को राजनीति में आने की क्यूंकि अगर हिस्सेदारी की बात की जाए तो आज के समय में बिहार में महिलाओं की संख्या भी पुरुषों के बराबर है लेकिन राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बिल्कुल ही कम है ।

# भीषण गर्मी के बावजूद महिला संवाद में दिखा उत्साह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जिले में महिला संवाद कार्यक्रम के माध्यम से लाखों महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई है। अब तक 1,300 से अधिक ग्राम संगठनों के माध्यम से ढाई लाख से अधिक महिलाओं ने इन संवाद कार्यक्रमों में हिस्सा लिया है, जिससे उन्हें योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई।इनमें से 35,000 से अधिक महिलाओं की आकांक्षाओं को संवाद ऐप के माध्यम से संकलित कर संबंधित विभागों तक पहुंचाया गया है।सभी आकांक्षाओं की ऑनलाइन प्रविष्टि उसी दिन कर ली जाती है और जिलाधिकारी के माध्यम से आवश्यक सूचनाएं संबंधित विभागों को भेजी जाती हैं। महिला संवाद, महिलाओं की आकांक्षाओं को साझा करने और उनकी समस्याओं पर चर्चा करने का एक प्रभावी मंच बन गया है।इस कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाएं खुलकर अपनी स्थानीय समस्याओं को प्रस्तुत कर रही हैं और उनके समाधान की दिशा में चर्चा कर रही हैं। इसमें रोज प्रखंड से लेकर जिल सत्र के अधिकारी भी भाग लेकर महिलाओं से संवाद कर रहे हैं।वे उन्हनें विभिन्न योजनाओं की जानकरी देकर जागरूक कर रहे हैं। कार्यक्रम में संवाद रथ में लगे ऑडियो-विजुअल माध्यमों का उपयोग करके विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, साथ ही योजनाओं की जानकरी वाला लीफलेट्स साझा किया गया, जिससे महिलाओं को यह समझने में मदद मिली कि सरकार उनके सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक सशक्तीकरण के लिए कौन-कौन सी योजनाएं संचालित कर रही है।


**URBAND DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT**

Govt. of Bihar

OFFICE OF EXECUTIVE OFFICER, NAGAR PARISHAD AURANGABAD

Invitation for Bids

**Short tender vide NIT No. 02/2025-26**

Invites online proposals for Bio-Remediation / Bio-Mining of Legacy Wastes Sites Utilizing Various Methodologies/Technology in Nagar PARISHAD AURANGABAD

| | |
|---|---|
| Name of the Work | Bio-Remediation / Bio-Mining of Legacy Wastes Sites Utilizing Various Methodologies /Technology in NAGAR PARISHAD AURANGABAD |
| Estimated Project Cost (In Cr) | 1.4570050 |
| Bid Security/EMD | Rs. 300000.00 (Rupees Three lacs only) |
| Cost of Bid Document | Rs. 10,000.00 |
| Start of Bid /Downloading of RFP Document. | From 21-05-2025 (12.00 PM) www.eproc2.bihar.gov.in. |
| Last Date of Online Bid Submission | 27-05-2025 Till 2.00 PM. |
| Period during which hard copies of documents shall be physically submitted. | 28-05-2025 Till 2.00 PM at Nagar Parishad office, Aaurangabad |
| Time & date of online opening of documents. (Mandatory documents) Technical bid | 28-05-2025 at 02.30 PM at Nagar Parishad office, Aaurangabad |
| Periods of Bids Validity | 180 Days |

- The bid forms and other details can be seen & downloaded from the website portal https://www.eproc2.bihar.gov.in.
- Document fee is mandatory to be paid through online mode i.e internet payment gateway (Credit /Debit Card) , Net banking, NEFT /RTGS in favour of Executive officer Nagar PARISHAD AURANGABAD.
- The RFP May be Postponed, modified or Cancelled at any time due to administrative reasons and No Claim shall be entertained on this account.

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

Executive officer
Nagar Parishd Aurangabad

PR- 003404 (B & C) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



**पूर्व रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना सं. 33 से 43, दिनांक 08.05.2025 (सिविल और अन्य कार्य),** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर–झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं.1, निविदा सं.: 33–एमएलडीटी–25–26, कार्य का नाम और इसका स्थान:** 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए जोन संख्या 09 में एईएन/न्यू फरक्का के तहत एसएसई/डब्ल्यू/जंगीपुर रोड की शाखा में सेवा भवन, स्टाफ क्वार्टर, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म और शेड आदि के नए कार्यों सहित सभी कार्यों की मरम्मत, रखरखाव और निष्पादन (यानी सामान्य कार्य, लकड़ी के काम, पानी की पाइपलाइन और स्वच्छता कार्य आदि) के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 51,00,000/–, **क्रम सं.2, निविदा सं.: 34–एमएलडीटी–25–26, कार्य का नाम और इसका स्थान:** 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए जोन संख्या 07 में एईएन/मालदा के अधीन मालदा स्टेशन क्षेत्र में सभी सेवा भवन, गुड्स शेड, केबिन, डिविजनल रेलवे अस्पताल, कोचिंग डिपो, मालदा स्टेशन क्षेत्र में अन्य सेवा भवनों, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म और शेड, डीआरएम कार्यालय भवन, रेलवे स्टेडियम, आरआरबी मालदा और एईएन/मालदा कार्यालय, मालदा टाउन स्टेशन क्षेत्र के अलावा अन्य कार्यालय आदि, मालदा टाउन स्टेशन (छोड़कर) से न्यू फरक्का (छोड़कर) तक सभी सेवा भवन, स्टाफ क्वार्टर, एल–क्रॉसिंग गेट लॉज, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म और शेड आदि, आरपीएफ बैरक आदि सह सभी प्रकार के स्टाफ क्वार्टरों के नए कार्यों सहित सभी कार्यों की मरम्मत, रखरखाव और निष्पादन (यानी सामान्य कार्य, लकड़ी के काम, पानी की पाइपलाइन और स्वच्छता कार्य आदि) के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 70,00,000/– **क्रम सं.3, निविदा सं.: 35–एमएलडीटी–25–26, कार्य का नाम और इसका स्थान:** 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए जोन संख्या 08 में एईएन/मालदा के अधीन पुराने मालदा में सभी अधिकारी क्वार्टरों, कालिंद्री भवन और डिविजनल ट्रेनिंग स्कूल, हॉस्टल, क्वार्टर, एकेडेमिक ब्लॉक, सेंट्रल स्कूल सह एकेडेमिक ब्लॉक और आवासीय भवन एवं सर्कुलेटिंग एरिया आदि के नए कार्यों सहित सभी कार्यों की मरम्मत, रखरखाव और निष्पादन (यानी सामान्य कार्य, लकड़ी के काम, पानी की पाइपलाइन और स्वच्छता कार्य आदि) के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 60,00,000/–, **क्रम सं.4, निविदा सं.: 36–एमएलडीटी–25–26, कार्य का नाम और इसका स्थान:** 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए जोन सं. 10 में एईएन/न्यू फरक्का के तहत एसएसई/डब्ल्यू/बड़हरवा की शाखा में सेवा भवन, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म एवं शेड, स्टाफ क्वार्टर के नए कार्यों सहित सभी कार्यों की मरम्मत, रखरखाव और निष्पादन (अर्थात सामान्य कार्य, लकड़ी के काम, पानी की पाइपलाइन और स्वच्छता कार्य) के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 51,00,000/–, **क्रम सं.5, निविदा सं.: 37–एमएलडीटी–25–26, कार्य का नाम और इसका स्थान:** 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए जोन संख्या 01 में एईएन/भागलपुर के तहत भागलपुर में सभी सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टर, कोचिंग डिपो, रनिंग रूम, लोको शेड, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म और शेड एवं अन्य सेवा भवनों आदि के लिए नए कार्यों सहित सभी कार्यों की मरम्मत, रखरखाव और निष्पादन (अर्थात सामान्य कार्य, लकड़ी के काम, पानी की पाइपलाइन, सड़क कार्य और स्वच्छता कार्य) के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 55,00,000/–, **क्रम सं.6, निविदा सं.: 38–एमएलडीटी–25–26, कार्य का नाम और इसका स्थान:** 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए जोन संख्या 02 में एईएन/भागलपुर के अंतर्गत कहलगांव (लेकर) से भागलपुर (छोड़कर) और भागलपुर (छोड़कर)–बाराहाट (लेकर) तक सभी सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म और शेड आदि के लिए नए कार्यों सहित सभी कार्यों की मरम्मत, रखरखाव और निष्पादन (अर्थात सामान्य कार्य, लकड़ी के काम, पानी की पाइपलाइन और स्वच्छता कार्य) के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 55,00,000/–, **क्रम सं.7, निविदा सं.: 39–एमएलडीटी–25–26, कार्य का नाम और इसका स्थान:** 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए जोन संख्या 03 में एईएन/भागलपुर के तहत बाराहाट (छोड़कर) से बांका (लेकर) और बाराहाट (छोड़कर) से मंदारहिल–बारापलासी–दुमका (छोड़कर) एवं हंसडीहा (छोड़कर) – गोड्डा शाखा के सभी सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टर, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म और शेड आदि के लिए नए कार्यों सहित सभी कार्यों की मरम्मत, रखरखाव और निष्पादन (अर्थात सामान्य कार्य, लकड़ी के काम, पानी की पाइपलाइन और स्वच्छता कार्य) के लिए खुली ई–निविदा । **निविदा मूल्य:** रु. 51,00,000/–, **क्रम सं.8, निविदा सं.: 40–एमएलडीटी–25–26, कार्य का नाम और इसका स्थान:** 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए जोन संख्या 04 में एईएन/एल/जमालपुर के तहत भागलपुर (छोड़कर) से मुंगेर सहित जमालपुर अप आउटर तक के सभी सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टर, कोचिंग डिपो, रनिंग रूम, लोको शेड, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म और शेड एवं अन्य सेवा भवनों आदि के लिए नए कार्यों सहित सभी कार्यों की मरम्मत, रखरखाव और निष्पादन (अर्थात सामान्य कार्य, लकड़ी के काम, पानी की पाइपलाइन और स्वच्छता कार्य) के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 55,00,000/–, **क्रम सं.9, निविदा सं.: 41–एमएलडीटी–25–26, कार्य का नाम और इसका स्थान:** 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए जोन संख्या 05 में एईएन/एल/जमालपुर के तहत जमालपुर से किऊल (छोड़कर) और डीजल शेड तक के सभी सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टर, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म और शेड आदि (डीजल शेड सहित) के लिए नए कार्यों सहित सभी कार्यों की मरम्मत, रखरखाव और निष्पादन (अर्थात सामान्य कार्य, लकड़ी के काम, पानी की पाइपलाइन, सड़क कार्य और स्वच्छता कार्य) के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 55,00,000/–, **क्रम सं.10, निविदा सं.: 42–एमएलडीटी–25–26, कार्य का नाम और इसका स्थान:** 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए जोन संख्या 06 में एसएसई/बीआर/मालदा के क्षेत्राधिकार में महत्वपूर्ण, प्रमुख इस्पात संरचनात्मक पुलों अन्य इस्पात संरचनात्मक कार्यों जैसे आरओबी, ईओटी क्रेन ट्रैक, एफएलटी की मरम्मत, रखरखाव और निरीक्षण कार्य एवं आपदा प्रबंधन सामग्री आदि के रखरखाव के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 55,00,000/–, **क्रम सं.11, निविदा सं.: 43–एमएलडीटी–25–26, कार्य का नाम और इसका स्थान:** 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए जोन संख्या 11 में एईएन/साहिबगंज के अधीन महाराजपुर (लेकर) से कहलगांव (छोड़कर) तक सभी सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म और शेड आदि के लिए नए कार्यों सहित सभी कार्यों की मरम्मत, रखरखाव और निष्पादन (अर्थात सामान्य कार्य, लकड़ी के काम, पानी की पाइपलाइन और स्वच्छता कार्य) के लिए खुली ई–निविदा । **निविदा मूल्य:** रु. 55,00,000/–, **निविदा की अंतिम तिथि :** दिनांक 29.05.2025 को 15.30 बजे क्रम सं. 1 से 11 प्रत्येक हेतु। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट: www.ireps.gov.in/**डीआरएम कार्यालय/एमएलडीटी। निविदाकारों से अनुरोध है कि वे वेबसाइट पर विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें1 MLD-55/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संपादकीय

## ओछी और निंदनीय हरकत

पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर से घबराए पाकिस्तान और इससे दोनों देशों के बीच बढ़े तनाव को कम करने के लिए 'युद्धविराम' की खबर देश को देने पर भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी और उनकी बेटी के ऊपर सोशल मीडिया में जिस तरह के हमले किए गए, वह ट्रोल आर्मी की निहायत ही ओछी और निंदनीय हरकत थी। इस रवैये की मोटे तौर पर सभी ने कड़ी भर्त्सना की। राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इस का संज्ञान लेते हुए इसे अक्षम्य नैतिक अपराध बताया। विपक्षी नेताओं ने भी देश के इस प्रतिष्ठित अफसर और उनके परिवार के खिलाफ चलाए सुनियोजित निंदा अभियान की कठोर शब्दों में निंदा की। लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा और मोदी सरकार की ओर अपने ही इस वरिष्ठ अधिकारी के पक्ष में कोई बयान नहीं आया। यह भी हैरान करने वाला है। सोशल मीडिया पर किसी को ट्रोल करना या फिर उसका अतिरेकी और अवास्तविक महिमामंडन करना कोई नई बात नहीं है। क्योंकि वह स्वेच्छाचारिता का उन्मुक्त मंच है। लेकिन 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद एक एजेंडे के तहत जिस तर ट्रोल आर्मी ने विक्रम मिसरी और उनकी बेटी को निशाने पर लिया, वह अक्षम्य है। क्योंकि विक्रम मिसरी ने 10 मई की शाम अपनी एक मिनट से भी कम की प्रेस ब्रीफिंग में सिर्फ इतनी जानकारी दी थी कि भारत और पाक के डीजीएमओ के बीच संघर्ष खत्म करने पर सहमति बनी है। यहां तक कि उन्होंने 'सीजफायर' शब्द का भी इस्तेमाल नहीं किया था। इसकी जगह 'एग्रीमेंट' का उपयोग किया गया। जबकि भारत और पाकिस्तान के बीच 'सीजफायर' का श्रेय शाम को ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी एक सोशल मीडिया पोस्ट में पहले ही ले चुके थे। इसी से सारी दुनिया में बवाल मचा। तब तक भारत का कोई आधिकारिक बयान नहीं आया था। विक्रम मिसरी ने मीडिया के सामने जो कुछ कहा, वो मोदी सरकार का फैसला था। इसमें उनकी अपनी कोई भूमिका नहीं थी। इसके बाद भी किसी ने सोशल मीडिया पर विक्रम मिसरी और उनकी बेटी के सोशल मीडिया अकाउंट सार्वजनिक कर दिए, जिससे अभद्र टिप्पणियों की बाढ़ सी आ गई। शुरू में तो विक्रम मिसरी ने इसे अनदेखा किया, लेकिन ट्रोलिंग थमती नजर नहीं आई तो उन्होंने अपना अकाउंट प्रायवेट कर लिया ताकि कोई उस पर अभद्र कमेंट नहीं कर सके। गौरतलब है कि विदेश सचिव विक्रम मिसरी 1989 बैच के आईएएस अफसर हैं। वो तीन प्रधानमंत्रियों के सचिव रहे हैं। वो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भी काफी विश्वस्त माने जाते हैं। भारत ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष रोकने के लिए जो तैयारी दिखाई, वह हमारी उदारता का ही प्रमाण है। यह मोदी सरकार का उच्चस्तरीय फैसला था, जिसे अकेले मिसरी ने नहीं लिया था। मिसरी का काम उसे मीडिया को बताना भर था। लेकिन इसके लिए सोशल मीडिया में उनकी जमकर ट्रोलिंग की गई। यह नेटीजनों का नितांत असभ्य और दुष्टतापूर्ण व्यवहार था। सपा नेता अखिलेश यादव ने इसके लिए भगवा ब्रिगेड और भाजपा के लोगों को जिम्मेदार ठहराया। एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन औवेसी ने भी इसकी कड़ी निंदा की। बॉलीवुड स्टार्स और कई प्रतिष्ठित नागरिकों और नेताओं ने विक्रम मिसरी के बचाव और समर्थन में पोस्ट डाली। फिर भी भाजपा नेता मौन ही रहे। जनता में संदेश यह गया कि सत्तारूढ़ भाजपा अपने ही काबिल अफसर के खिलाफ है। अगर ट्रोल आर्मी में ज्यादातर भाजपाई थे तो यह सवाल उठता है कि अपने ही अफसर के खिलाफ कैम्पेन चलाकर वो क्या सिद्ध करना चाहते थे। क्योंकि विक्रम मिसरी ने जो बाद मीडिया ब्रीफिंग में की, वही बात 12 मई को पीएम नरेन्द्र मोदी कह रहे थे। हमारे यहां लोकतंत्र है, लेकिन इसका मतलब निरंकुशता नहीं है।

# खून से सनी पड़ोस की राजनीति

**भारत और पाकिस्तान के संबंध एक ऐसे चक्रव्यूह की तरह हैं, जिसमें रक्त की रेखाएँ, विश्वास की दरारें और इतिहास की अनकही पीड़ाएँ समाहित हैं। सीमाओं पर बिछी बारूदी सन्नाटों में केवल गोलियों की गूंज ही नहीं, वर्षों की अविश्वास की प्रतिध्वनि भी सुनाई देती है। एक ओर शांति की आकांक्षा है, तो दूसरी ओर सत्ता की शतरंजी चालें। भारत और पाकिस्तान के संबंध हमेशा ही नाजुक और अस्थिर रहे हैं। यह दो राष्ट्र न केवल भौगोलिक रूप से एक-दूसरे से जुड़े हैं, बल्कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक स्तर पर भी इनका एक साझा अतीत रहा है। परंतु विभाजन की त्रासदी और उसके बाद की राजनीतिक एवं सैन्य टकरावों ने इस रिश्ते को खून और अविश्वास की लकीरों में बांट दिया है। दोनों देशों के बीच हालिया संघर्ष विराम (सीजफायर) की घोषणा ने क्षणिक उम्मीदें जगाई थीं, लेकिन तुरंत ही उसका उल्लंघन होना इस रिश्ते की भंगुरता को दर्शाता है।**

**नृपेन्द्र अभिषेक नृप**

भारत और पाकिस्तान के बीच 2025 में घोषित संघर्ष विराम ने क्षणिक शांति का संकेत अवश्य दिया, लेकिन इसके तुरंत बाद हुई गोलाबारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि दोनों देशों के बीच अविश्वास की खाई अब भी गहरी है। भारत की ओर से आतंकवादी ढांचों को लक्षित कर की गई सीमित और निर्णायक सैन्य कार्रवाइयों ने यह संदेश स्पष्ट रूप से दिया कि अब आतंकवाद को 'रणनीतिक सब्र' के जरिए सहन नहीं किया जाएगा। उरी हमले के बाद हुई सर्जिकल स्ट्राइक और पुलवामा के बाद की बालाकोट कार्रवाई ने इस 'नई सामान्य स्थिति' की नींव रखी थी, जिसे अब 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत और मज़बूत कर दिया गया है। पाकिस्तान के रणनीतिक ढांचे, सैन्य ठिकानों और आतंकी अड्डों पर सटीक हमलों से यह स्पष्ट हो गया है कि भारत अब जवाबी कार्रवाई के बजाय प्रतिरोध की आक्रामक रणनीति अपना चुका है।

भारत-पाक रिश्तों में तीसरे पक्ष की भूमिका हमेशा जटिल रही है। पाकिस्तान ने हमेशा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत के खिलाफ ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की है। संघर्ष विराम की प्रक्रिया में पाकिस्तान की कथित मध्यस्थता की इच्छा और भारत की 'दो-तरफा संवाद' की दृढ़ नीति ने इस विरोधाभास को उजागर किया है। पाकिस्तान का यह प्रयास दरअसल उसकी वैश्विक प्रासंगिकता को फिर से स्थापित करने की चेष्टा है। अबोटाबाद में ओसामा बिन लादेन की घटना के बाद से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान की छवि धूमिल हुई थी, जिसे वह अब बदलना चाहता है। भारत को इस बात का पूरा ध्यान रखना होगा कि वह द्विपक्षीय नीति पर अडिग रहते हुए, किसी भी बाहरी हस्तक्षेप को अस्वीकार करे। यह रुख न केवल भारत की संप्रभुता को मज़बूत करता है, बल्कि पाकिस्तान की उस रणनीति को भी विफल करता है, जिसके तहत वह अंतरराष्ट्रीय दबाव के ज़रिए भारत पर कूटनीतिक दबाव बनाना चाहता है।

भारत की तेज़ आर्थिक प्रगति ने पाकिस्तान को क्षेत्रीय समीकरणों में हाशिए पर डाल दिया है। 1990 के दशक से भारत का निरंतर बढ़ता हुआ जीडीपी न केवल उसे वैश्विक आर्थिक शक्ति बना रहा है, बल्कि इसने पाकिस्तान की सैन्य दुस्साहसिकताओं की प्रभावशीलता को भी सीमित कर दिया है। पाकिस्तान में बार-बार सत्ता में आए सेना समर्थित शासन और आतंक के समर्थन ने उसकी अर्थव्यवस्था को गहरे संकट में डाल दिया है। चीन के साथ किया गया 'फाउस्टियन समझौता', जिसमें आर्थिक सहायता के बदले सुरक्षा वचन देना पड़ा, यह दिखाता है कि पाकिस्तान अब एक स्वायत्त राष्ट्र के बजाय एक गहरे कर्ज़ में डूबा हुआ भू-राजनीतिक उपकरण बनता जा रहा है। इसके विपरीत, भारत ने चीन और अमेरिका दोनों के साथ संतुलित आर्थिक संबंध बनाए रखे हैं। दिल्ली की 'रणनीतिक स्वायत्तता' की नीति इसे उस स्थिति में रखती है जहाँ वह दोनों शक्तियों से अपने हितों के अनुरूप लाभ ले सकता है।

भारत को यदि पाकिस्तान और चीन जैसे दोहरे मोर्चे पर प्रभावी ढंग से सामना करना है, तो उसे अपने सैन्य ढांचे की समीक्षा करनी होगी। कारगिल युद्ध के बाद गठित कारगिल समीक्षा समिति (KRC) ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए थे, जैसे कि इंटेलिजेंस एजेंसियों का समन्वय, सीमा पर निगरानी व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण आदि। किंतु आज, जब भारत ने 2016, 2019 और 2025 में पाकिस्तान के साथ और 2017 व 2020 में चीन के साथ सैन्य संकटों का सामना किया है, तो यह आवश्यक हो गया है कि एक नई समीक्षा की जाए। खुफिया तंत्र की मज़बूती, आधुनिक हथियारों में निवेश, और सशस्त्र सेनाओं के बीच तकनीकी व रणनीतिक समन्वय को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

22 अप्रैल की दुखद घटनाओं और उसके बाद की सैन्य कार्रवाई के बीच, भारतीय समाज में दिखी एकता एक बड़ी उपलब्धि रही है। राजनीतिक दलों, सामाजिक समूहों और आम नागरिकों ने एक स्वर में सरकार के निर्णयों का समर्थन किया। यह एकता ही वह शक्ति है जो आतंकवादियों और उनके समर्थकों के मनसूबों को असफल करती है। भारत जैसे विविधता से भरे देश में यह एकता असाधारण है, और इसे बनाए रखने के लिए राजनीतिक वर्ग और नागरिक समाज को निरंतर प्रयासरत रहना होगा। भारत की प्राथमिकताएं अब भी आर्थिक प्रगति, तकनीकी नवाचार, रक्षा आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में केंद्रित हैं। ऐसे में किसी भी बाहरी टकराव को इन लक्ष्यों से भटकने नहीं देना चाहिए।

आज का भारत केवल एक क्षेत्रीय शक्ति नहीं, बल्कि वैश्विक संतुलन का एक प्रमुख स्तंभ बन चुका है। अमेरिका, रूस, यूरोप और मध्य-पूर्व की शक्तियाँ भारत के साथ घनिष्ठ संबंध चाहती हैं। ऐसे में भारत को न केवल पाकिस्तान जैसे 'रोगग्रस्त राज्य' से निपटना है, बल्कि अपनी वैश्विक भूमिका को भी और स्पष्टता से परिभाषित करना होगा। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जैसे नेताओं की सोशल मीडिया टिप्पणियाँ महज़ तमाशा हैं; भारत की विदेश नीति अब इन बातों से प्रभावित नहीं होती। दिल्ली की स्पष्ट शर्तें हैं– आतंकवाद का खात्मा, लोकतांत्रिक व्यवस्था का सम्मान, और द्विपक्षीय संवाद की नीति। यदि पाकिस्तान इन शर्तों को मानता है, तभी कोई सार्थक बातचीत संभव है।

आज के युग में युद्ध केवल सीमा पर बंदूकें चलाने तक सीमित नहीं है। सूचना का उपयोग कर विरोधी देश की जनता, सैनिकों और नेतृत्व की मानसिकता को प्रभावित करने का जो प्रयास किया जाता है, उसे सूचना युद्ध या इन्फॉर्मेशन वॉरफेयर कहते हैं। भारत और पाकिस्तान के संबंधों में यह एक ऐसा छिपा हुआ मोर्चा है, जहाँ बिना पारंपरिक युद्ध के भी राष्ट्रों की नीति, धारणा और वैश्विक छवि को गहराई से प्रभावित किया जा सकता है। पाकिस्तान की एजेंसियाँ लंबे समय से सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म्स, फर्जी वेबसाइट्स और 'बॉट नेटवर्क्स' के ज़रिए भारत के खिलाफ झूठे नैरेटिव फैलाने का प्रयास करती रही हैं। इनका उद्देश्य भारत की आंतरिक सामाजिक संरचना में दरार डालना, धार्मिक उन्माद फैलाना और राष्ट्रवाद को बदनाम करना रहा है। इसके लिए भारत को अब एक दीर्घकालिक रणनीति की आवश्यकता है, जिसमें साइबर सुरक्षा, फैक्ट-चेकिंग नेटवर्क, सार्वजनिक कूटनीति (Public Diplomacy) और जन मानस की डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना शामिल हो। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को यह उजागर करना चाहिए कि पाकिस्तान कैसे आतंकवाद और प्रचार तंत्र के समन्वय से विश्व शांति को खतरे में डाल रहा है।

भारत और पाकिस्तान के बीच इंडस वॉटर ट्रीटी (सिंधु जल संधि), जो 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई थी, अब एक नए भू-राजनीतिक संदर्भ में पुनः विचारणीय हो गई है। इस संधि के तहत, भारत ने दशकों तक प्रतिबद्धता निभाई है, यहां तक कि तब भी जब पाकिस्तान भारत के खिलाफ आतंकवाद को प्रायोजित करता रहा। हालांकि, हाल के वर्षों में भारत ने इस संधि को लेकर अपने रुख में परिवर्तन के संकेत दिए हैं। विशेष रूप से जब पाकिस्तान ने बार-बार आतंकवाद को बढ़ावा दिया, तब भारत सरकार ने 'पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते' जैसे बयान देकर यह संकेत दिया कि सिंधु जल संधि को कूटनीतिक दबाव के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस संधि को अस्थायी तौर पर स्थगित रखना भारत की एक निर्णायक रणनीति के रूप में देखा गया। जल कूटनीति का यह पहलू भारत को एक नैतिक और वैधानिक बढ़त देता है, क्योंकि संधि के तहत भारत को इन नदियों पर सीमित नियंत्रण पहले से प्राप्त है। यदि पाकिस्तान युद्ध या आतंकवाद का मार्ग चुनता है, तो भारत के पास यह विकल्प रहता है कि वह जल-प्रवाह को नियंत्रित कर वैश्विक मंच पर पाकिस्तान की अस्थिरता को उजागर करे, वो भी बिना युद्ध के।

अध्यात्म

## मौन से शांत हो सकता मन और खत्म हो सकते हैं सवाल



अशांत में कई तरह के प्रश्न चलते रहते हैं। जब तक इन प्रश्नों के जवाब नहीं मिल जाते हैं, मन को शांति नहीं मिलती है। मन को शांत करने का सबसे सटीक तरीका है मौन धारण करना। इस संबंध में गौतम बुद्ध का एक प्रेरक प्रसंग प्रचलित है। जानिए ये प्रसंग...

कथा- एक दिन गौतम बुद्ध से मिलने एक व्यक्ति पहुंचा। वह व्यक्ति बुद्ध से बोला कि मैं आपसे कुछ प्रश्न पूछना चाहता हूं। कृपया आप मेरे प्रश्नों के उत्तर दीजिए। बुद्ध ने देखा कि वह व्यक्ति बहुत अशांत लग रहा है। उन्होंने कहा कि मैं तुम्हारे सभी प्रश्नों के उत्तर दे दूंगा, लेकिन तुम्हें एक साल तक मौन धारण करना होगा। उसके बाद तुम जो भी कुछ पूछना चाहते हो, पूछ सकते हो। मैं अपनी बात का पक्का हूं, एक साल बाद तुम्हें सारे प्रश्नों के उत्तर जरूर मिल जाएंगे। व्यक्ति ने बुद्ध की बात मान ली और मौन व्रत धारण कर लिया। अब वह पूरे समय मौन रहने लगा। कुछ ही दिनों में मौन की वजह से वह ध्यान में उतरने लगा था। उसका मन शांत होने लगा।

मौन और ध्यान की वजह से उसके सभी प्रश्न खत्म होने लगे। इस तरह एक साल बीत गया। अब वह एकदम शांत और प्रसन्न रहने लगा था। समय पूरा होने पर बुद्ध ने उस व्यक्ति से कहा कि मैंने तुम्हें एक साल बाद प्रश्न पूछने के लिए कहा था, आज एक साल पूरा हो गया है। अब तुम अपने सभी प्रश्न मुझसे पूछ सकते हो।ये बात सुनकर व्यक्ति प्रसन्न होकर बोला कि आज मेरे पास आपसे पूछने के लिए कोई प्रश्न नहीं है। बुद्ध उस व्यक्ति से बोले कि जब तुम यहां आए थे, तुम्हारा मन अशांत था। जब किसी व्यक्ति का मन शांत नहीं रहता है तो उसके मन में प्रश्न उठते रहते हैं। अशांत मन परेशानियों का कारण बनता है। हमारे मन की दो अवस्थाएं हैं। एक में प्रश्न होते हैं और दूसरी अवस्था में उत्तर होते हैं। मौन की वजह से हमारा मन दूसरी अवस्था में पहुंच जाता है, जहां हमारे प्रश्न खत्म हो जाते हैं और हमारे पास उत्तर ही उत्तर होते हैं।

# पूर्वजों की शानदार, जानदार, पानीदार रचना

**सम्पूर्ण विश्व मे जल की अपनी महत्ता है, बिना जल के किसी प्राणी के जीवन की कल्पना नही की जा सकती, प्राणवान में मनुष्यों, पशु पक्षियों के साथ पेड़, पौधे व फसले भी शामिल है, आज विश्वभर में जलसंकट का खतरा मंडरा रहा है, तो हमें अपने इतिहास और पूर्वजो को देखना होगा, उन्होंने पानी के लिये इतनी शानदार जानदार और पानीदार रचना की जो आज भी अस्तित्व में होकर आमजन के उपयोग में आ रही है, सालो पहले पानी तक पहुंच के लिये रास्ते बनाये गये, साधनों और सुविधा के चलते सीढ़िया बनाई गई जिसे विश्वपटल पर स्टेपवेल के नाम से जाना गया, क्षेत्र के अनुसार आम बोलचाल की भाषा मे वाव, वावड़ी, बावड़ी कहलाई गई, बावडिया एक मंजिल से लेकर सात मंजिल तक बनाई गई है, जिसमे पथिक जलपान एवं आराम भी कर सकता है, राजशाही के समय की इन बावडियों में गुप्त सुरंग व रास्ते भी बने हुए है।**

**राजेन्द्र जोशी**

भारत मे बावड़ियों का उन्नत इतिहास रहा है जब 'रानी की वाव' पाटन का ज़िक्र होता है,तो कहा जाता है कि 'वाव में वाव रानी की वाव बाकी सब वावड़िया',जी हाँ जब बावड़ियों की बात होती है तो उत्तर गुजरात के पाटन में स्थित रानी की वाव पहले नम्बर पर आती है। अपनी बनावट,नक्काशी और विशालता के चलते इसे यूनेस्को ने अपने संरक्षित स्मारकों में स्थान दिया है तो भारतीय रिजर्व बैंक ने सौ रुपये के नोट पर इसके चित्र को स्थान दिया,इसी के बगल वाले जिले बनासकांठा के पालनपुर में 8 वी शताब्दी की वाव है जिसे मिठ्ठी वाव के नाम से जाना जाता है।

रानी की वाव - पाटण को पहले 'अन्हिलपुर' के नाम से जाना जाता था, जो गुजरात की पूर्व राजधानी थी। कहते हैं कि रानी की वाव (बावड़ी) वर्ष 1063 में सोलंकी शासन के राजा भीमदेव प्रथम की प्रेमिल स्मृति में उनकी पत्नी रानी उदयामति ने बनवाया था। सीढ़ी युक्त बावड़ी में कभी सरस्वती नदी के जल के कारण गाद भर गया था। यह वाव 64 मीटर लंबा, 20 मीटर चौड़ा तथा 27 मीटर गहरा है। यह भारत में अपनी तरह का अनूठा वाव है। वाव के खंभे सोलंकी वंश और उनके वास्तुकला के चमत्कार के समय में ले जाते हैं। वाव की दीवारों और स्तंभों पर अधिकांश नक्काशियां, राम, वामन, महिषासुरमर्दिनी, कल्कि, आदि जैसे अवतारों के विभिन्न रूपों में भगवान विष्णु को समर्पित हैं। सात मंजिला यह वाव मारू-गुर्जर शैली का साक्ष्य है। ये करीब सात शताब्दी तक सरस्वती नदी के लापता होने के बाद गाद में दबी हुई थी। इसे भारतीय पुरातत्व सर्वे ने वापस खोजा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने सायआर्क और स्कॉटिस टेन के सहयोग से वाव के दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन भी कर लिया है। मिठ्ठी वाव - मीठी वाव भारत के गुजरात के बनासकांठा जिले के पालनपुर शहर में स्थित है, इसे शहर में परमार शासन का एकमात्र जीवित स्मारक माना जाता है । इसका निर्माण 8 वीं शताब्दी के आसपास हुआ था। यह पालनपुर के तीन बत्ती क्षेत्र में स्थित है, कभी पाँच मंजिला रही यह बावड़ी अब मात्र तल मंजिल तक रह गई है.वाव में पश्चिम से प्रवेश किया जा सकता है। इसकी स्थापत्य शैली के आधार पर, यह माना जाता है कि इसका निर्माण मध्यकाल के अंत में हुआ होगा, लेकिन दीवारों में टँकीट मूर्तियाँ पहले के काल की हो सकती हैं। मूर्तियों में गणेश, शिव, अप्सराएँ, नृत्य करती आकृतियाँ, पूजा करने वाले जोड़े और पुष्प या ज्यामितीय पैटर्न शामिल हैं। बाईं दीवार में लगी एक मूर्ति पर पाया गया एक घिसा हुआ शिलालेख स्पष्ट रूप से पढ़ा नहीं जा सकता है। मप्र पुरातत्व संचालनालय ने प्रदेश के 20 से अधिक जिलों की 80 बावड़ियों को पुनर्जीवित करने के लिए चिह्नित किया है। इसमें धार के किले में स्थित परमार कालीन बावड़ी सबसे पुरानी है। इसके अलावा 11वीं



शताब्दी में भोपाल के पास स्थित समसगढ़ की बावड़ियां हैं। वहीं ग्वालियर की जौहर कुंड बावड़ी भी 11वीं शताब्दी में बनाई गई थी। इसके अलावा 15वीं शताब्दी में बनी चंदेरी की भी एक दर्जन से अधिक बावड़ियों को इसमें शामिल किया गया है। मांडू की चम्पा बावड़ी, बड़वानी के नजदीक 1857 के क्रांतिकारी आदिवासी योद्धा योद्धा भीमा नायक की 04 बावडिया, भीमा नायक ने अपने जीचन काल में धाबाबावडी में 4 बावडियो का निर्माण करवाया था,जो कि क्रमशः धाबाबावडी,दमडी बावडी,झाला बावडी और गुफा बावडी के नाम से जान जाती है,आज धाबाबावडी और झाला बावडी में पानी है जबकि दमडी बावडी मिटटी गाद से भर गई है,वही गुफा बावडी जंगलो के बीच विलुप्त है। बड़वानी जिले के जलगोन में स्थित तीन ताल की बावड़ियों के अतिरिक्त कई नगरों कस्बो में बावडिया स्थित है, विगत 2 वर्षो से मप्र सरकार जल गंगा संवर्धन अभियान नाम से सतही जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार एवं गहरीकरण करवा रही है,आने वाले समय मे हमे और कई बावडियों की जानकारी हो सकती है।

बावड़ियां किसे कहते -- बावडिया या वाव कुएं का वह रूप है जिसमे पानी तक पंहुचने के लिये सिढीया होती है,जिसे अंग्रेजी में स्टेपवेल भी कहां जाता है,भारत में बावडियो को इतिहास मोहन जोदडो और धोलावीरा के समय से प्रकाश में आया है। गुजरात राज्य में बावडियो या वाव का इतिहास 600 ईस्वी के आसपास किया गया था,यहां पर इनकी अनुमानित संख्या 125 से अधिक हो सकती है।गुजरात के बाद राजस्थान और उत्तर पष्चिम में इनके निर्माण होने का विवरण मिलता है,मप्र के अनेक स्थानों पर बावडिया है,कई आज भी सुरक्षित है तो कई बावड़िया जमीदोज हो गई या कर दी गई है।

गुजरात के राजकोट जिले के ढांक में सबसे पुरानी बावड़ियाँ पाई गई हैं ये चालुक्य काल से पहले की बताई जाती हैं। एलेच पहाड़ियों में बोचावडी नेस के पास बोचावडी बावड़ी ढांक में दो अन्य बावड़ियों से थोड़ी पुरानी है। ये झिल्लानी बावड़ी हैं जो 600 ई. की हैं और मंजुश्री बावड़ी जो सौराष्ट्र शैली की वास्तुकला के आधार पर सातवीं शताब्दी की शुरुआत की हैं

अंग्रेजी राज के दौरान 1860 मे इसकी शुरुआत हुई, जब अहमदाबाद के इसनपुर में सिंचाई के लिये जेठाभाई की बावड़ी बनकर तैयार हुई,वही वाकनेर राजमहल परिसर की बावड़ी का निर्माण 1930 में तत्कालीन राजपरिवार के लिये किया गया था, इसमे में भी पानी की सप्लाय हेतु मोटर पम्प प्रणाली उपयोग में लाई गई। कहते है सफेद बलुआ पत्थर का यह आखरी स्मारक है,यह महल परिसर देश का पहला हेरिटेज होटल है जो अब रॉयल आयसिस के नाम से जाना जाता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को बड़ा पद मिल सकता है। अपनी योजनाओं को प्राथमिकता दें। किसी प्रिय व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है।

**वृषभ**
नव विवाहित आज काफी रोमान्टिक पल बितायेंगे। कार्यक्षेत्र में आप फोकस बनाये रखें। भाई-बहनों के साथ हँसी-मजाक का आनन्द उठायेंगे।

**मिथुन**
व्यक्तिगत कार्यों को लेकर बड़ा जोखिम न लें। विपरीत लिंग के लोग आपसे काफी आकर्षित हो सकते हैं। समाज के कार्यों में योगदान की प्रशंसा करेंगे।

**कर्क**
भावनाओं के बजाय समझदारी से काम करना आपके लिये हितकर होगा। शब्दों की मर्यादा का ध्यान रखें। किसी प्रिय मित्र से परेशानी का अनुभव कर सकते हैं।

**सिंह**
अपने से बड़ो की बातें ध्यान से सुनें। अफवाहों से बचने का प्रयास करें। सोशल मीडिया पर सावधानी पूर्वक व्यवहार करें। करियर को लेकर नये मार्ग खुल सकते हैं।

**कन्या**
नौकरीपेशा लोग जातक धन की आवक को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। निवेश के लिये समय अच्छा है। भविष्य को लेकर योजना बनायेंगे।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में काम का दबाव रहेगा। जो आपके चेहरे पर भी दिखलाई देगा। अपने जीवनमूल्यों को लेकर काफी गौरव की अनुभूति कर सकते हैं।

**वृश्चिक**
कुछ नकारात्मक प्रकृति के लोग आपको लक्ष्य से भटका सकते हैं। अपने अधिकारों का गलत उपयोग करने के कारण अपमान झेलना पड़ सकता है।

**धनु**
कार्यक्षेत्र में आपका प्रभुत्व रहेगा। प्रेमी जन के साथ बहुत अच्छा समय बितायेंगे। आप नया कारोबार शुरू कर सकते हैं। किसी निकटस्थ व्यक्ति से शुभ समाचार मिलेगा।

**मकर**
आपको सामाजिक नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिये। घर में लोगों के चहेते बने रहेंगे। प्रशासन से जुड़े लोग अपनी जिम्मेदारियों को लेकर काफी निष्ठावान रहें।

**कुंभ**
आपके भीतर आन्तरिक ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा। कार्यक्षेत्र में काफी तीव्रता के साथ काम करेंगे। आपका स्वास्थ्य बहुत ही अच्छा रहेगा।

**मीन**
दूसरों के दोष दर्शन में अपना समय व्यर्थ न करें। नौकरी पेशा लोगों को सावधानी से काम करना चाहिये। अति आत्मविश्वास के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं।

# हथियार, मैगजीन व औजार के साथ अंतर्राज्यीय कार चोर गिरोह का पर्दाफाश

## गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने की कार्रवाई, एक धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**समस्तीपुर।** बुधवार को कई कांडों में फरार, कार चोरी के अन्तर्राजीय गिरोह के शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इस बाबत जानकारी देते हुए एएसपी संजय पाण्डेय ने बताया कि उनके पास से 01 मैगजीन सहित पिस्टल, 06 राउंड जिंदा गोली एवं वाहन चोरी करने वाला उपकरण बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि बुधवार की शाम संध्या गश्ती के दौरान मुसरीघरारी थाना को तीन अपराधकर्मी को क्रेटा कार से ताजपुर से मुसरीघरारी की ओर आने का सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए मुसरीघरारी के एनएच-28 स्थित बस स्टैंड के पास सड़क पर वाहन चेकिंग शुरू किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान ताजपुर के तरफ से आते चार पहिया वाहन क्रेटा को रूकने का इशारा करने पर गाड़ी से दो व्यक्ति उतरे और फायरिंग करते हुए अंधेरा का लाभ उठाकर भाग गये। गाड़ी के चालक अपराधकर्मी रवि कुमार उर्फ गोलू पिता-जितेन्द्र पाण्डेय सा0-हॉस्पीटल रोड वार्ड स0-06, थाना- फारबिसगंज, जिला-अररिया वर्तमान पत्ता रहीमपुर पंवकुटी यार्ड स0-11, थाना मुफ्फसिल, जिला-खगडिया को 01 पिस्टल, 01 मैगजीन एवं 05 जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। तालाशी के क्रम में क्रेटा गाड़ी से हुण्डई कंपनी का क्रेटा कार-01, 2-देशी पिस्टल 01. 3 मैगजीन-01, 4-जिंदा गोली 05, 5 मोबाईल-01 6-ऑटोमैटिक कटर मशीन-02, 7-स्कैनर का वायर-01, 8-महिन्द्रा कंपनी के गाड़ी का चाभी-02, 9-ड्राईविंग लाईसेंस-02. 10-डेविट कार्ड-01 11-रिंच-04 12-स्क्रु ड्राईवर-01 बरामद किया गया है। पुछताछ के क्रम में ज्ञात हुआ कि गिरफ्तार अभियुक्त रवि कुमार उर्फ गोलू अपने अन्य दो साथी के साथ मिलकर गाड़ी चोरी करने एवं लूटने का काम करता था। पूर्व में भी ये चोरी एवं लूट के कंाड में जेल जा चुके है। ये अंतरराज्यीय गिरोह के सक्रिय एवं पेशेवर घोर है। इनके विरुद्ध पश्चिम बंगाल के करणदिग्धी एवं सीलीगीडी थाना में 01-01 कंाड, काली चंक थाना में 03 कंाड, नरपत गंज थाना में 01 कंाड, सहला थाना में 01 कंाड, बेगुसराय फुलवरिया थाना में 01 एवं बरौनी में 01 कंाड, लखीसराय सुरजगढ़ थाना में 01 कंाठ एवं पटना सलीमपुर थाना में 01 कंाड तथा खगड़िया थाना के चित्रगुप्त नगर थाना में 01 कांड दर्ज है। पूछताछ में रवि ने फायरिंग करते हुए भागने वाले अपने दोनों साथियों के बारे में भी जानकारी दी। श्री पाण्डेय ने बताया कि समस्तीपुर जिला के अन्य सीमावर्ती जिला से भी गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। पूछताछ के आधार पर गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों को चिन्हित किया गया है, जिनके गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है। अनुसंधान के क्रम में आये साक्ष्यों के आधार पर अग्रत्तर कार्रवाई की जायेगी। छापामारी दल में पु0अ0नि0 फैजूल अंसारी, धानाध्यक्ष मुसरीघरारी थाना, पु0अ0नि0 सिकेन्द्र कुमार, स0अ0नि0 रिंकु कुमार, पी0टी0सी0 कारे दास, सिपाही नवलेश कुमार, प्रमोद लालदेव, बुद्धिनाथ कुमार, बबलु पासवान, शामिल थे।

## बिजली की लुका छिपी से लोग परेशान

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गर्मी व उमस से परेशान लोगों के पिछले एक सप्ताह से आम लोगों के लिए चुनौती भरा चल रहा है। आपको बता दें बिजली के गति से दोपहर बाद जब सूरज आग उगल रहे होता तो बिजली भी लोगों के साथ खूब खिलवाड़ करती रहती। हर घंटे दो घंटे पर आने जाने का सिलसिला लोगों को सालता रहता मगर विभागीय जिम्मेदार चुप्पी साधे रहते। ऐसे तो बिजली की आपूर्ति यूं तो कागजों में मंगलवार को 20 से 24 घंटे रहते, मगर इन दिनों धरातल पर स्थिति बेहद दयनीय है। इसका कारण चाहे जो भी हो मगर आम लोगों को बिजली ने रुला दे रहा है। शहर से लेकर गांव तक बिजली के लिए त्राहि-त्राहि मची रहती है। भोर में आपूर्ति तो ठीक रहती है, जब सूर्य देव अपने रौद्र रुप आते हैं फिर बिजली अपना लुका छिपी करना शुरू कर देते। बखरी विद्युत एसडीओ राजीव रंजन ने बताया कि इधर कई दिनों से बखरी फिडर में मेंटेनेंस का चल रहा है इसी को लेकर विद्युत आपूर्ति में दिक्कत हो रही थी। लगभग यह समस्या समाप्त हो गई अब बखरी क्षेत्र वासियों को विद्युत आपूर्ति में दिक्कतें नहीं होगी।

## भीषण गर्मी में पानी के लिए किया सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** नगर परिषद बीहट वार्ड नंबर 7 सदा टोला असुरारी में भीषण गर्मी मैं पानी के लिए तरस रहे हैं 3 दिन से पानी बंद पड़ा हुआ है। एक चापाकल टोला में नहीं है। हम लोग 3 दिन से काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आक्रोशित होकर अवध तिरहुत रोड को जाम कर दिया। आधा घंटा तक सड़क जाम रहा। महिलाएं और बच्चे लोटा बाल्टी गमला बबीता देवी ने बताया कि दूसरे के चापाकल पर भी जाते हैं तो हमें वहां से भगा दिया जाता है। अमरूद फुलवारी में चापाकल चल रहा है वहां भी भगा दिया जाता है। सड़क जाम की सूचना बरौनी थाना अध्यक्ष रंजन कुमार ठाकुर को सूचना मिलने के बाद एसआई नवीन झा 112 महिला पुलिस बल निशा भारती पुरुष पुलिस बल ओमजीत कुमार ड्राइवर चुनचुन कुमार वहां पहुंचे तो सभी लोग सड़क जाम किए हुए थे तो समझा बुझा कर सड़क जाम को क्लियर करवाएं पीएचडी के एसडीओ महेश प्रसाद सिंह से बात की गई उन्होंने बताया कि संवेदक नंदिनी देवी की काफी शिकायत मिली है। और पंप चालक को 3 साल से पेमेंट नहीं हुआ है। पंप चालक डेली आते हैं। लेकिन पानी नहीं चला रहे हैं। पेमेंट होने के बाद ही पानी चलाया जाएगा सात नंबर वार्ड पानी का पाइप बिछाया गया था। लेकिन नल में पानी नहीं गिर रहा है।

## भोजपुर जिला में अब तक 168 मीट्रिक टन गेहूं की हुई अधिप्राप्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स (धान/गेहूं) की अधिप्राप्ति से संबंधित समीक्षा बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। इस दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अब तक भोजपुर जिले में 168 मीट्रिक टन गेहूं की अधिप्राप्ति की जा चुकी है तथा कुल 1177 किसानों ने गेहूं अधिप्राप्ति के लिए निबंधन कराया है। जिलाधिकारी ने सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेष कैंप लगाकर एवं डोर-टू-डोर संपर्क के माध्यम से निबंधित किसानों से संपर्क स्थापित किया जाए तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अधिप्राप्ति सुनिश्चित करते हुए 48 घंटे के भीतर किसानों को भुगतान करना अनिवार्य किया जाए। धान अधिप्राप्ति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि अब तक अधिप्राप्त धान के अनुपात में 64.33% सीएमआर (चावल) की आपूर्ति की जा चुकी है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि एसटीआर निर्गत होने के तीन दिनों के अंदर सीएमआर आपूर्ति नहीं करने वाले मिलरों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए तथा अधिक क्षमता वाले मिलरों को प्रतिदिन 10 लॉट सीएमआर (चावल) आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही कार्यपालक अभियंता को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि मीलों को अबाधित रूप से विद्युत आपूर्ति प्राप्त हो। पीरो, तरारी एवं जगदीशपुर के सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों के पास एसटीआर लंबित होने के कारण उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी-आरा, जगदीशपुर एवं पीरो तथा जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## योग्य किसानों के सत्यापन में लायें तेजी : तनय सुल्तानिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बिहार राज्य फसल सहायता योजना से संबंधित एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक गुरुवार को हुई, जिसमें खरीफ-2024 के अंतर्गत योग्य किसानों की पहचान, सत्यापन एवं सहायता राशि अनुमोदन की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी ने जानकारी दी कि जिले के 13 प्रखंडों के कुल 107 ग्राम पंचायतों में 35,233 किसानों की फसल सहायता राशि की अनुमान्यता पाई गई है। योग्य किसानों के दस्तावेजों एवं आवेदनों का सत्यापन कार्य प्रखंड स्तर पर नामित कर्मियों- किसान सलाहकार, समन्वयक/ सहायक तकनीकी प्रबंधक तथा प्रखंड तकनीकी प्रबंधक द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी नामित कर्मी निर्धारित समय-सीमा के भीतर सत्यापन कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें। सत्यापन कार्य में तेजी लाने के लिए जिला सहकारिता पदाधिकारी को अधिकृत किया गया कि वे डाटा की अधिकता को देखते हुए अपने अधीन सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों एवं कार्यपालक सहायकों को उनके नियमित कार्यो के अतिरिक्त भिन्न-भिन्न पंचायतों में प्रतिनियुक्त कर सत्यापन कार्य शीघ्रता से संपन्न कराएं। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी (आरा, पीरो, जगदीशपुर), जिला प्रबंधक- राज्य खाद्य निगम एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संत पॉल तेघरा बना जिले का टॉपर हब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**तेघड़ा।** सीबीएसई की बारहवीं बोर्ड परीक्षा में संत पॉल पब्लिक स्कूल तेघड़ा ने एक बार फिर जिला में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर अपनी उत्कृष्टता को सिद्ध किया है। लगातार कई वर्षों से जिले में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला यह विद्यालय इस वर्ष भी शीर्ष पर रहा। इस वर्ष विद्यालय के कुल 127 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया जिनमें से 13 ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। कॉमर्स स्ट्रीम में किशन कुमार शर्मा ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं साइंस स्ट्रीम से आशीष आनंद ने 92 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय को गौरवान्वित किया। उल्लेखनीय है कि सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। जिसमें शिवानी कुमारी (91 प्रतिशत), आयुष राज गुप्ता (90.5), और गोपाल जी अकेला (90प्रतिशत) प्रमुख रहे। विद्यालय के निदेशक सुनील कुमार सिंह ने इस सफलता का श्रेय प्राचार्य की कुशल नेतृत्व क्षमता, शिक्षकों की निष्ठा, विद्यार्थियों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग को दिया। संत पॉल एजुकेशनल सोसाइटी के सचिव रामबली सिंह ने कहा यह सफलता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक ठोस कदम है। प्राचार्या तनु सौरभ ने विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा यह परिणाम हम सभी की सामूहिक मेहनत का फल है। वहीं उप-प्राचार्य संजीव कुमार मिश्रा, जो अंग्रेजी के शिक्षक भी हैं। ने किशन शर्मा और अन्य विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता जताई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण श्री रंजीत कुमार, राम कुमार मिश्रा, राम कुमार, अविनाश कुमार मिश्रा, दीपक कुमार, गुंजन मिश्रा, संजीव कुमार सिंह, भीम कुमार, सुरेंद्र कुमार सिंह, राकेश कुमार, एस. रामचंद्रन, कंचन कुमारी, प्रेम माधुरी, अविनाश कुमार एवं शिक्षकेतर कर्मचारी तथा अनेक अभिभावक उपस्थित थे।

## करेह, कमला और कोशी के संगम पर आयोजित महाकुंभ में दूसरे शाही स्नान को लेकर उमड़ रहा जनसैलाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**समस्तीपुर/बिथान।** मिथिलांचल की हृदय स्थली समस्तीपुर जिला अन्तगर्त बिथान प्रखंड के जगमोहरा स्थित करेह, कमला व कोशी त्रिवेणी संगम तट जगमोहरा में भव्य और दिव्य हरित मिथिला महाकुंभ का उत्साह चरम पर है। 10 मई से 20 मई तक आयोजित इस ग्यारह दिवसीय महाकुम्भ में पहला शाही स्नान 12 मई को धूमधाम से संपन्न हो गया। अब दूसरे शाही स्नान की तैयारी की जा रही है। जो 20 मई को आयोजित है। इस दौरान स्नान करने वाले श्रद्धालूओं को हरित मिथिला महाकुंभ का प्रतीक चिह्न पौधै प्रदान किये गये। मिथिला महाकुंभ सेवा समिति के संयोजक और परिकल्पनाकर्ता पिंटू परदेशी ने बताया कि इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण का प्रचार प्रसार ग्राम स्तर तक पहुचें। उन्होंने बताया कि करीब ढाई साल से वे हरित मिथिला महाकुंभ का प्रचार प्रसार करते आ रहे हैं। जिसका परिणाम है कि आज कुंभ स्नान के लिए जनसैलाब त्रिवेणी संगम घाट जगमोहरा पहुंच रहे हैं। हरित मिथिला महाकुंभ के संयोजक श्री परदेशी ने बताया की मिथिला महाकुंभ मेला आयोजन का उद्देश्य मिथिला में पर्यटन विकास व सांस्कृतिक विकास से रोजगार सृजन, प्राकृतिक चिकित्सा के द्वारा स्वास्थ्य पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करना है ताकि क्षेत्र में युवाओं केलिए रोजगार की संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त हो सके। बताते चलें कि विगत 10 मई को हसनपुर विधानसभा के पूर्व विधायक सुनील कुमार पुष्पम ने त्रिवेणी संगम तट जगमोहरा में मिथिला महाकुम्भ का भ्रमण व निरीक्षण किया था। वहीं 12 मई को बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने मिथिला महाकुम्भ जगमोहरा में सिरकत कर संयोजक पिंटू परदेशी एवं महाकुम्भ आयोजन में सम्मिलित लोगों का अभिवादन करते हुए हौसला अफजाई किया।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा आश्रित हितलाभ का किया गया भुगतान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक, सीए. निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स सेविका ज्वेलर्स प्रा. लि. के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति अशोक कुमार जो पटना में हाउस कीपर के पद पर कार्यरत थे उनकी आश्रिता पत्नी- रेखा देवी, पुत्री-वंदना कुमारी एवं रंजना कुमारी को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. अशोक कुमार की मृत्यु दिनांक 05-12-2024 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जाँच की गयी तथा ईएसआईसी द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 296 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु. 8,880/- आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग रु.44400-/ रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवासस्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को इएसआई कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को ईएसआई योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है।

## कांग्रेस ने किया शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को सदर प्रखंड रजौड़ा स्थित स्तुति उत्सव महल में शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम सदर बेगूसराय की पूर्व विधायक अमिता भूषण के नेतृत्व में आयोजित की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सोलापुर महाराष्ट्र की सांसद परिणीति सुश्री शिंदे थी। युवाओं और महिलाओं की बड़ी उपस्थिति के बीच कार्यक्रम अनुशासित और निर्धारित प्रारूप से चला। राजनैतिक औपचारिकताओं के पश्चात प्रणीती शिंदे ने दर्जनों युवाओं के शिक्षा संबंधी कौतुहल और उनके संशय का जवाब देते हुए उनसे संवाद किया। युवाओं ने जहां बिहार में शिक्षा की दयनीय स्थिति, रोजगारपरक शिक्षा का अभाव, आधारभूत संरचनाओं की कमी जैसे मुद्दे उठाये वहीं जीविका से जुड़ी महिलाओं, सफाई कर्मचारी आदि ने अपने वेतनमान का मुद्दा उठाया। जाती जनगणना से जुड़े मुद्दे भी उठे जिसका जवाब सुश्री शिंदे ने बेहतर तरीके से दिया। श्रीमती भूषण भी कार्यक्रम कि सफलता से उत्साहित दिखी और सुश्री शिंदे सहित उपस्थित लोगों के प्रति अपना आभार जताया। सुश्री शिंदे ने बिहार और बिहार के युवाओं की जीभरकर तारीफ की और कहा की हमारे महाराष्ट्र में बिहार से जुड़े ढेरों पदाधिकारी मिलते हैं। यहां के लोगों से मिला स्नेह अद्भुत है। संवाद कार्यक्रम के पाश्चात अम्बेदकर नगर भर्रा गाँव में सुश्री शिंदे ने दलित संबाद भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीकांत राय ने की जबकि संचालन जावेद जाफरी और मुकेश प्रियदर्शी ने किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अभय कुमार सर्जन, पूर्व जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह, अभिषेक सिंह, बृजेश कुमार प्रिंस, प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, धर्मराज सहनी, अभास झा, महिला अध्यक्ष गायत्री देवी, रजनी देवी, जय प्रकाश सह, नीरज तांती, हारुन रशीद, रामानंद सिंह, नंद किशोर सिंह, नारायण सिंह, युवा अध्यक्ष राहुल कुमार,विजय राय, हरे राम सिंह, डॉ अजित, सहित तांती, भोला चौधरी, गुलशन आरा, गुनगुन कुमारी, सोनम, गोविंद, बृजेश सहनी,शशिभूषण, लक्ष्मी कुमारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहते हुए संवाद किया।

## एक नजर

### प्रमाण पत्र का वितरण

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के अपग्रेडेड+2 स्कूल सैदपुर विष्णुपुर में प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन गुरुवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक संजीत कुमार महतो ने की। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर में दिसंबर 24 में 24 दिवसीय आत्म रक्षार्थ प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। इसमें नवमी कक्षा से बारहवीं कक्षा के 49 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। ट्रेनर सुधांशु कुमार ने जुडो की बारिकियों को सिखाया। उसने कहा कि बालिकाओं को विषम परिस्थितियों से निपटने का यह कारगर हथियार है। जिसके सहारे वे किसी भी विषम परिस्थितियों से डटकर मुकाबला कर अपनी रक्षा करने में सक्षम हो सकती है। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर हौसला आफजाई किया। मौके पर सहायक शिक्षक हरिहर सहनी, श्रवण कुमार, अजय कुमार, सुरभि कुमारी, स्वाति कुमारी, जमील अहमद आदि मौजूद थे।

### किसान की मौत

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भीषण गर्मी में वीरपुर थाना क्षेत्र के सहुरी तीन कोना गांव वार्ड संख्या 8 निवासी करीब अड़तालिस वर्षीय किसान मोहम्मद एहसान की खेत देखने के दौरान लू लगने से खेत में ही मौत हो गई। जिसकी जानकारी देते हुए मृतक के भाई सनाउल ने बताया कि इनकी मौत की सूचना ग्रामीणों ने घर आकर परिजनों को दी। खबर की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं शव को खेत से उठाकर घर लाया गया। सूचना मिलते ही वीरपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बेगुसराय सदर अस्पताल भेज दिया।

### पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बखरी थाना क्षेत्र में फरार चल रहे आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कड़ा रुख अपनाते हुए सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। न्यायालय के आदेश पर गुरुवार को पुलिस टीम ने ढोल-नगाड़े के साथ इलाके में घूमकर फरार अभियुक्तों के घरों पर इश्तेहार चिपकाए और जनता को इसकी जानकारी दी। यह कार्रवाई थाना कांड संख्या 78/18 एवं 388/24 के तहत की गई, जिसका नेतृत्व अनुसंधानकर्ता एएसआई उमेश यादव ने किया। उन्होंने बताया कि मौजी हरिसिंह पंचायत के वार्ड संख्या-2 निवासी रामविलास तांती के पुत्र मुन्ना तांती तथा शीतल रामपुर वार्ड संख्या-8 निवासी बब्लू महतो के पुत्र नीरज कुमार एवं उसकी पत्नी फुलो देवी के घरों पर इश्तेहार चिपकाया गया है।थानाध्यक्ष फैसल अहमद अंसारी ने बताया कि ये सभी आरोपी लंबे समय से फरार हैं और गिरफ्तारी से बचते फिर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि आरोपी 30 दिनों के भीतर न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो उनके विरुद्ध कुर्की-जप्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### कार्यालय की खिड़की तोड़ अभिलेख की चोरी

**समस्तीपुर/उजियारपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के उजियारपुर प्रखंड में इन दिनों चोरों का बोलबाला देखने को मिल रहा है। अभी दो दिन पहले ही अंचल कार्यालय का गेट तोड़कर कई सामान की चोरी की गई, जिसकी खोज में उजियारपुर पुलिस जुटी ही है इसी बीच एक और घटना को अज्ञात चोरों ने रात्रि के अंधेरे में अंजाम दे कर पुलिस के सामने नई चुनौती पेश कर दी। इस ताजा मामले के बारे में मिली जानकारी के अनुसार उजियारपुर मनरेगा कार्यालय के पिछले खिड़की को तोड़कर अज्ञात चोर अंदर घुस आए और अलमारी में रखें कई अभिलेख ले भागे जिसे लेकर अधिकारियों की गतिविधि पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकार सूत्रों की माने तो प्रखण्ड के चैता पंचायत में मनरेगा सहित कई योजनाओं का जांच किया जाना है। इस जांच की मांग को लेकर 17 मई से अमरण अनशन पर बैठने की घोषणा कुछ लोगों ने कर रखी है। यह चोरी का खेल उक्त जांच में लीपापोती अभियान के तहत खेला जा रहा है। बरहाल यह मामला जांच का विषय है।

### पंचायत में लग रहा सीसीटीवी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय पंचायत के तेरह वार्डों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य अंतिम चरण पर है। मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने बताया कि पंचायत के हर कोने की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से होगी। इससे असामाजिक तत्वों पर निगरानी रहेगी। यह कार्य प्रथम चरण में समाप्त होते ही दूसरे चरण में नावकोठी के जनवितरण प्रणाली की दुकानों पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने की योजना है। उन्होंने बताया कि जन वितरण प्रणाली की निरंतर शिकायतें मिल रही हैं। इसी के मद्देनजर दूसरे चरण में पंचायत के सभी जनवितरण प्रणाली दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने का निर्णय लिया गया है। इससे लाभुकों को उचित माप तौल के साथ सही समान मिल सकेगा। किसी भी लाभुकों को परेशानी न हो यह प्राथमिकता है।

### आशा कार्यकर्ताओं की बैठक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के पीएचसी नावकोठी के सभागार में आशा कार्यकर्ताओं की बैठक गुरूवार को आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी ने किया। उन्होंने जननी बाल सुरक्षा कार्यक्रम में गिरते ग्राफ पर असंतोष जाहिर किया। इसमें वृद्धि लाने के तकनीक को बताया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं की शतप्रतिशत भागीदारी एवं जांच कराने पर बल दिया। बीएमसी गोपाल शर्मा ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य परिवार कल्याण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए एफपीएलएमआई एप के उपयोग के बारे में दक्ष बनाना है। अब आशा कार्यकर्ताओं को अपना कार्य इसी एप के माध्यम से संपादित करना है। यह एप उन्हें अपने कार्य क्षेत्र में परिवार कल्याण से संबंधित डेटा को आसानी से दर्ज करने और उसका विश्लेषण करने में मदद मिलेगी। परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत दो बच्चों के बीच अंतराल रखने के अस्थायी साधन माला, छाया, अंतरा, कंडोम आदि का इंडेंट इसी एप पर ही करना होगा। इनकी आवश्यकता की पूर्ति करने में आसानी होगी। बी सीएम उषा कुमारी तथा बीएमईए संदीप चंद्र ने उपस्थित आशा कार्यकर्ताओं ने मोबाइल फोन पर इस एप को इंस्टाल कर संचालन की विधि को बताया। मौके पर बीएचएम आनंद ईश्वर, फ़ेसिलेटर संगीता कुमारी, लक्ष्मी देवी आशा कार्यकर्ता नीलू कुमारी, रेणु कुमारी, डेजी कुमारी, अर्चना कुमारी, धर्म शीला कुमारी, उषा कुमारी आदि ने हिस्सा लिया।

# 3780 ईवीएम और 3778 वीवीपैट की जांच पूरी, विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों के तहत पूर्वी चम्पारण जिले में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) का कार्य तेजी से चल रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने मंगलवार को अपने कार्यालय में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों और सचिवों के साथ बैठक कर इसकी प्रगति की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने बताया कि 2 मई से शुरू हुए ईवीएम और वीवीपैट की जांच का कार्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त 17 अभियंताओं की देखरेख में किया जा रहा है। अब तक 3780 ईवीएम और 3778 वीवीपैट की जांच पूरी हो चुकी है। प्रतिदिन 300 मशीनों की जांच की जा रही है और यह कार्य 24 मई 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। जिले में कुल 7209 ईवीएम और 6058 वीवीपैट उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान खराब पाए गए सिस्टम को रिजेक्ट कर अलग रखा जा रहा है, जबकि ठीक मशीनों का उपयोग आगामी चुनाव में किया जाएगा। इनकी पूरी सूची राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जाएगी। बिहार निर्वाचन विभाग के दो प्रेक्षकों ने इस कार्य का निरीक्षण किया है, और 17 मई को भारत निर्वाचन आयोग के आयुक्त डॉ. विवेक जोशी सुबह 9 बजे स्वयं इसकी समीक्षा करेंगे। सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को इस दौरान उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है।

**बिहटा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रचंड गर्मी को मद्दे नजर रखते हुए, बिहटा प्रखंड स्थित जी. जे. कॉलेज प्रधानाचार्य अरविंद कुमार सिन्हा को।छात्र संघ द्वारा पीने का पानी को लेकर ज्ञापन दिया गया। पिछले कई दिनों से पीने के पानी को लेकर कॉलेज में छात्र छात्राओं में बहुत ज्यादा परेशानी का सामना करना पर रहा था। छात्र संघ ज्ञापन के द्वारा प्रधानाचार्य से नम्र निवेदन किया, प्रधानाचार्य के द्वारा आश्वासन दिया गया कि महाविद्यालय में पीने की पानी की समस्या जल्द दूर होगी ।समस्या का समाधान नहीं होने पर छात्र संघ के द्वारा व्यापक तौर पर आंदोलन किया जाएगा। जिसमें संटू कुमार,पवन कुमार, सुरेश कुमार, शुभम कुमार, राहुल कुमार ,छोटू कुमार ,केतन कुमार, उपस्थित रहे।



### धनरूआ में महिला सशक्तिकरण के लिए अरमल-गांव में 'महिला संवाद' का आयोजन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड जीविका के तत्वाधान में धनरूआ के अरमल गांव में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन शक्ति जीविका महिला ग्राम संगठन के द्वारा किया गया। जहां इस महिला संवाद कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई, साथ ही योजनाओं के प्रति जागरूकता अभियान भी चलाया गया।बीपीएम ने बताया की इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जिसमें महिला सशक्तिकरण, महिला का आर्थिक शक्तिकरण, सामाजिक, और राजनैतिक विकास पर जोर दिया जा रहा है साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी देना है। आयोजन के दौरान उपस्थित महिलाओं से योजनाओं में सुधार हेतु सुझाव भी लिया गया। इस आयोजन के लिए बिहार सरकार द्वारा महिला संवाद वैन के जरिए वीडियो चला कर योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सामुदायिक समन्वयक नेहा कुमारी , प्रखंड परियोजना प्रबंधक पंकज कुमार ,एवं सभी परियोजना के कार्यरत कैडर इस महिला संवाद में शामिल हुए।



### तीन माह के राशन का उठाव एक साथ

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान सदन में राशन कार्ड, मनरेगा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि विभाग की योजनाएं व विकास योजनाओं आदि पर विस्तृत चर्चा किया गया। प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी ने कहा कि सबका साथ सबका विश्वास और सबका विकास के मूल मंत्र पर प्रखंड का विकास किया जाएगा। बीडीओ दीपक राम ने कहा तीन माह का राशन का उठाव लाभुक एक ही बार कर सकते हैं। बैठक में प्रमुख सुशीला देवी उप प्रमुख खुर्शीद आलम बीडीओ दीपक राम सीओ आशीष आनंद बीपीआरओ गोवींद कुमार पीओ अंजनी कुमार सिन्हा सीडीपीओ पुष्पा कुमारी मैनाटांड थानाध्यक्ष राणा प्रसाद मवेशी चिकित्सा पदाधिकारी डा अवधेश कुमार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विजय कुमार चौधरी एम ओ सुप्रीया कुमारी एजीएम मुखिया अमरेंद्र यादव रामदेव भगत आदी जनप्रतिनिधि मौजूद रहें।



### डेढ घंटा एल एस ने किया इंतजार तब खुला आंगनबाडी केन्द्र

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पंचायत के कपूर्री आश्रम परिसर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 68 के बंद रहने से गुरुवार को आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले छात्रों के अभिभावकों ने काफी रोष प्रकट किया। अभिभावक केंद्र पर लटके ताला को दिखाते हुए जमकर हंगामा किया। अभिभावकों में सुबाष दास, विकास दास, मनोज राम, रसूल खान, सोनू महतो, आदि ने बताया कि यह आंगनबाड़ी महीना में करीब बीस दिनों तक बंद रहता है। हम सब बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र पर पढ़ाने के लिए लाते हैं और केंद्र बंद रहने से इसी परिसर में स्थित सरकारी विद्यालय में हम अपने बच्चों को पढ़ने के लिए छोड़ देते हैं। केंद्र पर कभी भी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ बच्चों को नहीं दिया जाता है। सेविका कभी भी समय पर नहीं आती है। वे किसी को कुछ नहीं समझती हैं। केंद्र संख्या 68 की सेविका रंभा देवी ने बताया कि अभिभावकों द्वारा लगाया गया सभी आरोप बेबुनियाद है। वे प्रतिदिन नियमित समय पर केंद्र का संचालन करती हैं। आज कुछ जरूरी कार्य से देरी से केन्द्र खुला है। वही पर्यवेक्षिका निधी पाण्डेय ने बताया कि केन्द्र बंद रहने की जानकारी के बाद मै केन्द्र पर पहुंची तो केन्द्र बंद पाया डेढ घंटा इंतजार करने के बाद केन्द्र खुला। शिकायत जब विभागीय ग्रुप पर डाला तो सीडीपीओ ब्रजेश कुमार भी मौके पर पहुंचे। सीडीपीओ ने बताया कि मै जब केन्द्र पर पहुंचा तो केन्द्र खुला था कुछ बच्चे कम थे जिनके पोषाहार की राशि से कटौती करने का आदेश दे दिया गया है।

# स्टार्टअप पॉलिसी 2022 पर एक कैम्पस आउटरीच कार्यक्रम आयोजित

**मुजफ़्फरपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लंगट सिंह कॉलेज में एलएन मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट स्टार्टअप सेल और उद्योग विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में बिहार स्टार्टअप पॉलिसी 2022 पर एक कैम्पस आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया. आचार्य कृपलानी सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो ओमप्रकाश राय ने की. प्रो राय ने अपने संबोधन में कहा कि यह पॉलिसी बिहार में स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने और उन्हें समर्थन प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है. बिहार स्टार्टअप पॉलिसी 2022 का उद्देश्य बिहार में स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करना और उन्हें आवश्यक सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करना है, ताकि वे अपने विचारों को वास्तविकता में बदल सकें. प्रो राय ने कहा कि कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने हर क्षेत्र में अपना परचम लहराया है तथा अब जरूरी मार्गदर्शन तथा सरकार के




सहयोग से उद्यमिता में भी नाम रौशन करेंगे. प्रो राय ने आगे कहा की निरंतर कठिन परिश्रम एवं लगन जीवन के किसी भी लक्ष्य को को सफलता पूर्वक हासिल करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं चाहे वह शिक्षा हो या स्टार्टअप के माध्यम से स्वरोजगार की शुरूआत करना हो. प्रो राय ने कहा कि राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार द्वारा स्टार्टअप को बढ़ावा देने के उद्देश से व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं. अब बिहार की प्रतिभाएं स्टार्टअप के जरिये रोजगार प्रदाता बनेंगे, साथ ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने में भागीदार हो सकेंगी. उन्होंने कहा कि बिहार स्टार्टअप पॉलिसी राज्य सरकार द्वारा नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए लागू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है. इस पॉलिसी का उद्देश्य बिहार के युवाओं को स्टार्टअप्स स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना और आवश्यक संसाधनों, तकनीकी सहायता, और वित्तीय सहयोग प्रदान करना है. एलएनएमसीबीएम स्टार्टअप सेल के फैकल्टी इंचार्ज डॉ किशोर पार्थ ने उन्होंने प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों के स्टार्टअप से जुड़े प्रश्नों और शंकाओं का समाधान भी किया. जिला स्टार्टअप कोऑर्डिनेटर कुणाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार स्टार्टअप पॉलिसी छात्रों और युवा उद्यमियों को अपनी प्रतिभा और नवाचार दिखाने का अवसर देती हैं. मौके पर कार्यक्रम समन्वयक चौधरी साकेत कुमार, डॉ आलोक कुमार, डॉ नवीन कुमार, डॉ महेश कुमार, गीतांजलि, राज, सौरभ, सुजीत कुमार, ऋषि कुमार, सत्येन्द्र कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### 13 हजार नगदी समेत आभूषण की चोरी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के संघत पर मोहल्ले में बगल के ही एक युवक ने घर में घुसकर बक्सा खोलकर 13 हजार नगदी समेत कुछ आभूषण चुरा लिए हैं। इस संदर्भ में पीड़ित शोभा कुमारी पति रंजन कुमार ने थाने में लेकर शिकायत दर्ज करते हुए कहा है कि जब हम घर में नही थे तब हमारे मुहल्ले का एक युवक हमारे घर में घुसकर हमारे बक्से में रखें ₹13000 नगद और सोने का आभूषण चुरा लिया है जब इस बात की जानकारी उसके माता-पिता के दिए तो हम से ही उलझ पड़े और मारपीट कर गाली-गलौज कर हमारे अभद्र व्यवहार किए हैं। इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ मसौढ़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें रिंकू कुमार पिता स्वर्गीय लक्ष्मण साव उसकी पत्नी और बेटा मिलकर मारपीट किए हैं इस मामले में थाने में आवेदन देकर कारवाई की मांग की है,फिलहाल पुलिस जांच मे जुटी है।

### बगीचे में मिला अज्ञात महिला का शव

**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को बिहटा के आईआईटी थानाक्षेत्र के कंचनपुर गांव के बगीचा के एक अधेड़ अज्ञात महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है।घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची है। मिली जानकारी के अनुसार आईआईटी अमहारा थाना के कंचनपुर गांव के ग्रामीणों को जानकारी मिली कि बगीचा में एक अधेड़ महिला का शव सरा गला स्थिति में पड़ा हुआ है जिसके बाद पुलिस की सूचना दी गई महिला के शरीर पर हरा रंग का साड़ी है और कुछ नहीं।फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए अपस्ताल भेजा गया है। थानाध्यक्ष शिव शंकर कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिली कि कंचनपुर गांव के बगीचा में एक महिला का शव पड़ा हुआ है जिसका चेहरा साफ नहीं है। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची है फिलहाल घटना की जानकारी पटना एफएसएल टीम को दिया गया है साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।साथ ही मृतक महिला की पहचान में पुलिस की टीम लगी हुई है।

### उच्च गुणवत्ता वाले चैनल एवं सीढ़ी घाट का हो रहा निर्माण

**भागलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के सुल्तानगंज स्थित प्रसिद्ध धार्मिक केन्द्र अजगैबीनाथ मंदिर के पास गंगा नदी के दायें तट पर उच्च गुणवत्ता वाले चैनल एवं सीढ़ी घाट का निर्माण किया जा रहा है। 164.57 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त इस परियोजना का उद्देश्य श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और धार्मिक आस्था के इस केंद्र को संरक्षित एवं सुव्यवस्थित रूप देना है। नदी की पुरानी उत्तरवाहिनी धार को पुनर्जीवित करते हुए जलप्रवाह सुनिश्चित किया जा रहा है। इस हेतु लगभग 2 किलोमीटर लंबाई एवं 30 मीटर चौड़ाई में एक चैनल का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी गहराई न्यूनतम जलस्तर से 0.5 मीटर नीचे तक होगी।

# मसौढ़ी के कराय गांव में बना पटना जिले का पहला ग्रामीण हाट बाजार

**दूर शहर जाने की नहीं पड़ेगी जरूरत**


**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना जिला का पहला ग्रामीण हाट बाजार मसौढी के कराय गांव में बना है।दरअसल ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों को एक छत के नीचे स्थापित किया जाना इसका मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए गांवों में हॉट बाजार का निर्माण कराया जा रहा है। इससे न केवल दुकानदारों को व्यवस्थित स्थान मिलेगा, बल्कि बाजार में होने वाले अतिक्रमण से भी निजात मिलेगी। मनरेगा की ओर से फिलहाल पुरे पटना जिले में यह पहला हाट बाजार का निर्माण कराया गया है। मनरेगा पदाधिकारी राकेश नंदन ने बताया की मनरेगा योजना से करीब 25 लाख रुपये की लागत से 1 एकड़ भूमि में जिले का पहला हॉट बाजार बनाया जा रहा है। बाजार में 35 दुकानें बनाई लगेगी । इसके अलावा महिला व पुरुष शौचालय, बिजली का कनेक्शन, वाहन खड़ा करने के लिए पार्किंग आदि सुविधाएं हैं। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी दुकान उपलब्ध कराई जाएगी। ग्राम सभा से विचार विमर्श के बाद दुकान आवंटन की प्रक्रिया निर्धारित है। वही कराय पंचायत के मुखिया पिंकू कुमार सिंह ने बताया कि पटना जिला का यह पहला हाट बाजार कराय गांव




में बना है, जिससे न केवल कराय पंचायत के ग्रामीण बल्कि बगल के नौबतपुर प्रखंड के भी लोग यहां पर बाजार करने आते हैं, एक ही छत के नीचे सारे दुकानदारों को सुविधा मिल रही है। इसके अलावा गुरुवार के दिन बृहद पैमाने पर यहां पर बाजार लगता है, जिसे दूर-दूर से लोग यहां पर खरीदारी करने आते हैंस हाट बाजार बनने से लोगों को काफी सुविधा मिल रही है, और लोगों में खुशी का माहौल भी है,की अब बाजार करने के लिए दूर शहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## ऐपवा की महिला अदालत महिलाओं के न्याय अधिकारों के प्रति किया जागरूक, विधायक हुई शामिल

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकार की झूठी घोषणाएं और वादा खिलाफी के खिलाफ एपवा का महिला अदालत कार्यक्रम महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने और उन्हें न्याय दिलाने को लेकर पंचायत स्तर पर कार्यक्रम किया जा रहा है मसौढ़ी प्रखंड के खरांट पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पर मसौढ़ी विधायक रेखा देवी समेत कई लोग शामिल हुए, जहां विधायक रेखा देवी ने बताया कि यह कार्यक्रम महिलाओं को सशक्त बनाने में भी मदद करता है। वही अपवाह के राज्य कमेटी सदस्य शाह प्रखंड सचिव



उमा यादव ने कहा कि नीतीश कुमार की सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं है घर से बाहर जाने में आज भी महिला असुरक्षित है। भले ही नितिश कुमार महिलाओं के नाम पर कई कार्यक्रम चलाकर ढोल पीट रहे हैं लेकिन सच्चाई यही है की महिला सुरक्षित नहीं है। आज भी कई घटनाएं घट रहे हैं। जिससे महिलाओं में एक बार फिर से डर समा गया है, न जाने कितनी घटनाएं उदाहरण स्वरुप है, इसलिए एपवा उन तमाम महिलाओं की ताकत बनकर सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठा रही हैं। महिलाओं के न्याय उनके अधिकार के प्रति उन्हें जागरूक कर रही है। मौके पर धर्मशिला देवी और जिला कमेटी सदस्य सावित्री देवी, कुंती देवी आदी शामिल रही।

### एसएमडी कॉलेज मे एनसीसी कैडेट्स की हुई विदाई

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार बटालियन एनसीसी एसएमडी .कॉलेज, श्रीपालपुर ,पुनपुन में एनसीसी इकाई के तरफ से पासिंग आउट कैडेट्स के फेयरवेल का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में 29 बिहार बटालियन के एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अमित कुमार उपस्थित हुए एनसीसी कैडेट्स के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया!इस समारोह में उपस्थित, महाविद्यालय के बर्सर प्रो डॉ मधुरेंद्र ,एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार, प्रो डॉक्टर सविता ब्रह्मचर्य ,डॉक्टर सुरुचि स्मिता, मोहम्मद मेराज हुसैन ,अंडर ऑफिसर हर्ष राज,अंडर ऑफिसर अभिषेक कुमार,सार्जेंट शुभम कुमार एनसीसी के सीनियर कैडेट्स एवं जूनियर कैडेट्स उपस्थित हुए।

**इबीसी छात्रों के लिए बड़ी सौगातः**

## पचरुखी में खुला जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास, मिलेगी मुफ्त सुविधाएं

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार सरकार द्वारा अत्यंत पिछड़ा वर्ग (इबीसी) के छात्रों के लिए पचरुखी में जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास की स्थापना की गई है। इस छात्रावास का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधन और वातावरण प्रदान करना है। जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने बताया कि यह छात्रावास 100 छात्रों के रहने के लिए तैयार किया गया है और इसे सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। इसमें वाई-फाई, पुस्तकालय, मेस की सुविधा, प्रशिक्षित रसोइया, कंप्यूटर लैब और ऑनलाइन कक्षाओं की व्यवस्था भी की गई है ताकि छात्रों को पढ़ाई में किसी प्रकार की असुविधा न हो।



**छात्रों को मिलेंगी आर्थिक और पोषण संबंधी सुविधाएं**

यहां रहने वाले छात्रों को सरकार द्वारा प्रतिमाह ₹1000 की छात्रवृत्ति दी जाएगी ताकि वे अपनी पढ़ाई से जुड़ी छोटी-बड़ी आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। इसके अतिरिक्त प्रत्येक छात्र को प्रतिमाह 15 किलोग्राम खाद्यान्न भी दिया जाएगा, जिससे उनके पोषण का विशेष ध्यान रखा जा सके।

**मॉक टेस्ट और करियर गाइडेंस का मिलेगा लाभ**

जिलाधिकारी ने बताया कि इस छात्रावास में समय-समय पर करियर गाइडेंस से जुड़े सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं सफल अभ्यर्थी छात्रों को परीक्षा की तैयारी, विषय चयन एवं अन्य मार्गदर्शन देंगे। साथ ही अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी की निगरानी में सामान्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मॉक टेस्ट की व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे छात्रों को वास्तविक परीक्षा का अनुभव मिल सके।

## दिल से संबंधित बीमारियों के मरीजों के लिए अच्छी खबर

**अनुमंडलीय अस्पताल में मरीजों के लिए ईसीजी की सुविधा मिलेगी**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडलीय अस्पताल मसौढ़ी में अब मरीजों के लिए ईसीजी की सुविधा मिलेगी।अनुमंडलीय अस्पताल में इसीजी मशीन उपलब्ध कराया गया है. अब सिर्फ इसीजी टेक्नीशियन को अनुमंडलीय अस्पताल में नियुक्त करते ही मरीजों की सुविधा मिलने लगेगी। गौरतलब है की अनुमंडलीय अस्पताल में सीने में दर्द और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत लेकर आने वाले मरीजों की जांच ईसीजी से नहीं हो पाता था. मरीजों को जांच के लिए अस्पताल के बाहर जाना पड़ता था. इसके कारण उनके हार्ट संबंधी बीमारी को पता लगाने में देरी की आशंका रहती है.कई बार गंभीर हालत में आने वाले मरीज के परिजन ईसीजी नहीं होने को लेकर हो हल्ला भी करते थे. हालांकि अस्पताल में एक्स-रे, पैथोलॉजी में समेत कई मशीन उपलब्ध है. अस्पताल प्रभारी डॉ संजीता रानी ने कहा कि ईसीजी टेस्ट आमतौर पर दिल तक रक्त पहुंचाने वाली रक्त वाहिकाओं में परेशानी, सीने में तेज दर्द या सूजन, सांस लेने में तकलीफ, हार्ट अटैक के लक्षणों और दिल से जुड़ी अन्य समस्याओं का पता लगाने के लिए किया जाता है. धमनियों और हृदय से निकलने वाली तरंगों या दिल की धड़कन के जरिए डॉक्टर दिल की बीमारियों को पता लगाते हैं। अस्पताल में ईसीजी मशीन उपलब्ध करा दिया गया है. इसको लगाने की भी तैयारी शुरू कर दिया गया है.

### कार्यपालक मुकेश पर करवाई तय, डीपीआरओ को लिखा पत्र

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजपुर तुमकड़िया पंचायत के कार्यपालक सहायक मुकेश कुमार द्वारा बिना सूचना के पंचायत कार्यालय से अनुपस्थित रहने और प्रखंड के समीक्षात्मक बैठक में अनुपस्थित रहने तथा वरीय अधिकारि के पत्र का जवाब नही देने को लेकर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी विवेक आर्य ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए कार्यपालक पर कार्रवाई को लेकर जिला पंचायती राज पदाधिकारी को पत्र लिखा है। बीपीआरओ श्री आर्य ने बताया है कि राजपुर तुमकड़िया पंचायत के कार्यपालक सहायक मुकेश कुमार 19 अप्रैल से बिना सूचना के पंचायत कार्यालय अनुपस्थित है। जिसके कारण पंचायत के आरटीपीएस समेत अन्य महत्वपूर्ण कार्य बाधित है। इसको लेकर पंचायत के मुखिया संतोष कुमार साह और पंचायत सचिव मो. जलालुद्दीन ने संयुक्त रूप से पत्र लिखकर करवाई की मांग भी की है।

## आरपीएस रेसिडेंशियल स्कूल के छात्रों ने वर्ग-दशम में फिर लहराया परचम

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वर्ग - 10वीं एवं 12वीं का परिणाम 13 मई 2025 को घोषित हुआ जिसमें आरपीएस रेसिडेंसियल स्कूल, न्यू बेली रोड, पटना के विज्ञान और वाणिज्य दोनों ही संकायों में छात्रों ने अच्छा प्रदर्शन किया। कुल उपस्थित छात्रा-75 छात्रा जिसमें सभी उतीर्ण हुए। प्रथम-अगम कुमार-98 द्वितीय-आंचल कुमारी- 94 तृतीय-योग्या यजत-90 चतुर्थ-शाल्वी कुमारी - 87

**वर्ग - 12वीं में पटना के विज्ञान और वाणिज्य दोनों ही संकायों में छात्रों ने अच्छा पद्रर्शन किया**

कुल उपस्थित छात्रा-61 छात्रा जिसमें सभी उतीर्ण हुए। प्रथम-समीरा अफरीन- वाणिज्य- 92 द्वितीय-स्वस्तिका कुमारी- जीव विज्ञान-89 तृतीय-श्रेयस - गणित- 87.4 तृतीय-प्रियमराज शौर्या -गणित- 87.4।




## पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली के पुनर्स्थापन कार्य की बिंदुवार समीक्षा

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल की अध्यक्षता में सिंचाई भवन के सभाकक्ष में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सीवान परिक्षेत्राधीन 50 करोड़ रुपये से अधिक लागत की योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। विशेष तौर पर पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली (सारण मुख्य नहर एवं वितरण प्रणाली) के पुनर्स्थापन योजना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। प्रधान सचिव ने बताया कि यह योजना राज्य के आठ नहर प्रमंडलों में सक्रिय रूप से क्रियान्वित की जा रही है। योजना के पूर्ण होने पर करीब 4.78 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे क्षेत्र के किसानों को भारी लाभ होगा और कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी सुनिश्चित होगी। बैठक में कटैया शाखा नहर, छपिया उप शाखा नहर, दुलारपुर वितरणी, गोपालगंज वितरणी, मढ़ौरा शाखा नहर, चांदपुर वितरणी, हथुआ शाखा नहर एवं महाराजगंज उप शाखा नहर सहित नौ प्रमुख प्रणालियों के कार्यों की प्रगति पर बिंदुवार समीक्षा की गई। प्रधान सचिव ने कार्यों की धीमी प्रगति पर कई संवेदकों से स्पष्टीकरण तलब किया और स्पष्ट कहा कि यदि समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं हुआ तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी दोहराया कि



**सीवान परिक्षेत्र की 50 करोड़ से अधिक की योजनाओं पर उच्चस्तरीय बैठक, 4.78 लाख हेक्टेयर भूमि को मिलेगी सिंचाई सुविधा**

अनावश्यक विलंब किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा और भविष्य में समयावृद्धि की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने अधिकारियों एवं संवेदकों से कहा कि वे समर्पण एवं जवाबदेही की भावना से कार्य करें। योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग और रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस अहम बैठक में अपर सचिव पवन कुमार सिन्हा, मुख्य अभियंता (योजना एवं मॉनिटरिंग) ब्रजेश मोहन, मुख्य अभियंता (सिंचाई सृजन) एजाज कलीम, विभागीय पदाधिकारीगण, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता, एवं सभी संबंधित संवेदक उपस्थित थे। सभी से योजनाओं की प्रगति, समस्याएं और समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई।

## पुनपुन में अंचलाधिकारी के खिलाफ पंचायत समिति सदस्यों का फूटा गुस्सा

**बैठक में नहीं रहने पर हुआ बहिष्कार**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन में गुरुवार को आयोजित पंचायत समिति की बैठक में अंचलाधिकारी ममता कुमारी के अनुपस्थित रहने पर पंचायत प्रतिनिधियों के बीच गुस्सा फूट पड़ा और इसके खिलाफ पंचायत समिति सदस्यों ने बैठक का बहिष्कार कर बाहर निकल आये, और प्रखंड कार्यालय के समक्ष घंटो विरोध प्रदर्शन करते हुए अंचलाधिकारी के खिलाफ नारेबाजी की। दरअसल गुरुवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक प्रखंड प्रमुख गुड़िया देवी की अध्यक्षता में आहूत की गई थी, जहां उप प्रमुख मधु कुमारी समेत सभी पंचायतो के पंचायत समिति सदस्य एवं बीडीओ मानेनद्र सिंह समेत अन्य सभी पदाधिकारी मौजूद थे, लेकिन अंचलाधिकारी बैठक से गायब थी। जिसको लेकर पंचायत समितियो में गुस्सा पनप उठा और जहाँ पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि आज की पूरी बैठक में अंचलाधिकारी पर ही पूरा मामला है, वही गायब है ऐसे में सदन का बहिष्कार करते हुए सभी लोग बाहर निकल आए और अंचलाधिकारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए सदन से उनके खिलाफ कार्रवाई करने का प्रस्ताव लिया, प्रखंड प्रमुख गुड़िया देवी ने कहा की लगातार कई बैठक में सीओ ममता कुमारी कोई न कोई बहाना करके गायब रहती है, वहीं उप प्रमुख मधु कुमारी और मुखिया संघ अध्यक्ष पिंकी कुमारी ने भी कई आरोप लगाए हैं। विरोध प्रदर्शन में पंचायत समिति सदस्यों में रामानुज प्रसाद, मुख्य संघ अध्यक्ष पिंकी देवी, मुखिया सत्येंद्र दास, संजय चौधरी, धर्मेंद्र पासवान, रंजय सिंह, राखी देवी समेत कई लोग शामिल थे।



## संक्षिप्त समाचार

### युवक की चाकू मारकर हत्या

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कुमारबाग थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव स्थित वार्ड 04 निवासी प्रदीप बैठा के पुत्र रतन कुमार (18) को कतिपय लोगों चाकू घोंप कर हत्या कर दी। घटना गुरुवार की दोपहर की है। जानकारी के मुताबिक रतन कुमार लुधियाना में मजदूरी करता था। वह विगत दस दिन पहले घर आया था। जीएमसीएच अस्पताल में उपस्थित उसी गांव के लड्डू कुमार ने आरोप लगा हैं कि गुरुवार को गांव के ही सुमित पटेल उसे घर से बुलाकर बबर राय चौक पर ले गया। जहां मृतक के पट्टीदार हिमांशु कुमार व सुमित कुमार दोनों मिलकर उसके साथ मारपीट करने लगें। सुमित ने पहले मारा, फिर हिमांशु ने चाकू से वार करते हुए उसके बायें गाल, होंठ व बायें कमर के नीचे चाकू मार दिया। जिससे उसकी घटना स्थल पर उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया । वही एफएसएल एवं तकनीकी टीम ने भी पहुंच कर जांच की।

### 'पोषण भी, पढ़ाई भी' प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

**इसुआपुर (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाल विकास परियोजना कार्यालय के तत्वावधान में 'पोषण भी, पढ़ाई भी' विषयक छह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन बीडीओ बीणा पाणी द्वारा किया गया। शिविर की अध्यक्षता सीडीपीओ चंद्रकांति कुमारी ने की। प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास- संज्ञानात्मक, शारीरिक, भाषा, रचनात्मक, सामाजिक एवं मानसिक- के लिए आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षित करना है। मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रखंड समन्वयक एवं महिला पर्यवेक्षिकाएं कार्य करेंगी। मौके पर आरडीओ आकांक्षा, एमओ निकिता कुमारी, अभय कुमार सिंह, सचिन कुमार, अनु कुमारी एवं पिंकी कुमारी मौजूद रहीं।

### एनएच 227ए पर बह रहा नाले का गंदा पानी

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के महावीर चौक स्थित एनएच 227ए रामजानकी पथ, एसएच 90 और एसएच 73 के किनारे बने नाले की निकासी व्यवस्था ठप हो जाने के कारण नाले का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इससे राहगीरों और दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नाला निकासी के मुंह बंद पड़े हैं, जिससे बरसात में हालात और बिगड़ सकते हैं। चेयरमैन सोहन महंतों ने बताया कि नाले की निकासी के लिए प्रस्ताव लाया गया है और जल्द समाधान किया जाएगा। स्थानीय दुकानदारों ने जेसीबी से निकासी कराने की मांग की है। पेट्रोल पंप के पास रहने वाले मुन्ना साह ने कहा कि आधा दर्जन घरों के आगे नाले का निर्माण अत्यावश्यक है। लोगों में नगर पंचायत प्रशासन के प्रति नाराजगी है।

### पकड़ी बाजार में दो दुकानों में चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पकड़ी बाजार स्थित शिव मंदिर के पास दो दुकानों में चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने दुकानों की छत का करकट उखाड़ लाखों रुपये के सामान की चोरी कर ली। खजुरी गांव निवासी आलू-प्याज दुकानदार राजकुमार और पान-सामान दुकान संचालक मदन कुंवर ने बताया कि कुछ दिन पूर्व पकड़ी गांव के राहुल कुमार से विवाद हुआ था, जिसके बाद धमकी भी दी गई थी। चोरी की घटना को लेकर दोनों ने मशरक थाना में नामजद आवेदन दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### सेराज बने जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मगुरहां गांव निवासी मो. शौकत अली के पुत्र सेराज अहमद को जनता दल यूनाइटेड के मशरक प्रखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जिला अध्यक्ष इम्तेयाज परवेज ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी।

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक के मुन्नी मोड़ पर एसएच 73 पर बाइक दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। घायल उमेश कुमार (पुत्र एकबाल प्रसाद, बंगरा गांव) एवं बच्चा प्रसाद (पुत्र ढ़ोढा प्रसाद) तरैया से लौटते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गए। दूसरी घटना में महाराणा प्रताप चौक पर एक वृद्ध अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गया। घायल की पहचान सलेमपुर गांव निवासी 60 वर्षीय रामाधार महंतों के रूप में हुई। सभी घायलों का इलाज सीएचसी मशरक में किया गया।

### बिना आधार का भी विद्यालय में होगा नामांकन : बीडीओ

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के प्राथमिक एवं माध्यमिक विधालयों में बिना आधार कार्ड के भी छात्रों का नामांकन होगा। बीडीओ दीपक राम ने कहा जिस विधालय के एचएम विधालय में छात्रों का नामांकन आधार के आभाव में नहीं कर रहे है तो उन एचएम के खिलाफ विधि संवत करायी जाएगी। बीडीओ ने बताया कि यह जानकारी सामने आई कि कई स्कूलों में आधार कार्ड नहीं होने पर बच्चों का नामांकन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड की अनिवार्यता नहीं है। इसके बावजूद जो एचएम नामांकन में आना कानी करेंगे उनके खिलाफ विधि संवत कार्रवाई तय है।

### वर्षो से फरार महिला नक्सली गिरफ्तार

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वर्षो से फरार चल रही नक्सली मीनाक्षी को एसटीएफ व गोबरहिया थाने की पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए लौकरिया थाना क्षेत्र के सुंदरपुर गांव  से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली मीनाक्षी पर कई गंभीर मामला दर्ज है। जिस पर पुलिस के द्वारा आरोप पत्र भी दायर हो चुका था। लेकिन वह पुलिसिया गिरफ्त से लगातार फरार चल रही थी। इधर पुलिस को सूचना मिली थी कि नक्सली मीनाक्षी जो गोवर्धन थाना क्षेत्र के चंपापुर गांव की निवासी है अपने मायके  लौकरिया थाना के सुंदरपुर गांव में रह रही है। मिली सूचना पर एसटीएफ, गोबरहिया एवं लौकरिया थाने की पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। जिसमें नक्सली मीनाक्षी को उसके मायके सुंदरपुर से गिरफ्तार किया गया। गोबरहिया थानाध्यक्ष रामानंद प्रसाद ने बताया कि नक्सली पर कोर्ट से वारंट था। इसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस द्वारा कुर्की जब्ती व इस्तहार का भी तामिला किया जा चुका था। इधर कोर्ट के द्वारा उस पर वारंट निर्गत किया गया था। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मीनाक्षी की गिरफ्तारी की है। एक मामला में 27 नक्सलियों पर गोवर्धना थाना में एफआईआर दर्ज हुआ था। जिसमें पुलिस मीनाक्षी की तलाश कर रही थी।

### शैल पुत्री हॉस्पिटल में मुफ्त लिवर फंक्शन टेस्ट शिविर का आयोजन



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चकिया रोड स्थित मां शैल पुत्री हॉस्पिटल में गुरुवार को एक दिवसीय मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक लोगों का लिवर फंक्शन टेस्ट निःशुल्क किया गया। साथ ही मरीजों को जरूरी दवाइयां भी मुफ्त में उपलब्ध कराई गईं। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. पुनीत राज सिंह ने बताया कि लिवर फंक्शन टेस्ट आमतौर पर जांच केंद्रों पर काफी महंगा होता है, लेकिन इसे जनकल्याण के उद्देश्य से इस शिविर में बिल्कुल मुफ्त कराया गया। उन्होंने कहा कि यह टेस्ट लिवर की स्थिति और संबंधित बीमारियों की पहचान में अत्यंत सहायक होता है। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को लिवर संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूक करना और समय रहते जांच एवं उपचार की दिशा में प्रेरित करना था। शिविर में लिवर से ग्रसित रोगियों की जांच कर उन्हें विशेषज्ञ परामर्श भी दिया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में हॉस्पिटल के सम्पूर्ण मेडिकल स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी निभाई और मरीजों की सेवा में सहयोग किया।

### एसपी ने किया थाना का निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

**दरौली/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरुवार दोपहर एसपी अमितेश कुमार ने दरौली थाना परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की सफाई, आगंतुक कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, और अपराधियों की सूची सहित विभिन्न पंजियों और रजिस्टरों की जांच की गई। एसपी ने केस डायरी अपडेट रखने, लंबित मामलों की शीघ्र जांच और वारंट-कुर्की मामलों के निष्पादन को लेकर सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, एसआई अनोज कुमार, एसआई अमितोष कुमार, एसआई अजय कुमार, एएसआई क्षत्रपति शिवाजी सिंह, एएसआई मनोज कुमार, एएसआई परमानंद यादव और एसआई विद्यासागर शाह समेत सभी कर्मी मौजूद थे।

### संस्कारदीप इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**इसुआपुर (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड स्थित संस्कारदीप इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड की 10वीं परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है। विद्यालय के छात्र दानिश रजा ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।

# अधेड़ की सिर कुचल कर हत्या

## बथान से मिला खून से लथपथ शव, दो हिरासत में



**दरौली (सीवान)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के दरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरहर गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां 52 वर्षीय नंदलाल राम की सिर कुचलकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। खून से लथपथ शव जब उनके बथान पर पड़ा मिला तो पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि हत्या किसी भारी और नुकीले हथियार से की गई है, क्योंकि उनके सिर, आंख, नाक, गले और होठों पर गहरे जख्म के निशान पाए गए हैं।

**बथान पहुंचते ही दिखा खौफनाक मंजर, चीखने लगे परिजन**

सुबह जब परिजन रोज की तरह बथान पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि नंदलाल राम खून से सना हुआ बिस्तर पर पड़ा है। यह दृश्य देखकर उनकी चीख निकल गई। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर इकट्ठा हो गए। हर किसी की आंखों में डर और आक्रोश था। पत्नी हेमा देवी बार-बार बेहोश हो रही थीं, जबकि तीनों बच्चे झ अमरजीत, इंद्रजीत और निशा झ शव से लिपटकर फूट-फूटकर रो रहे थे। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

**हत्या में नुकीले हथियार के इस्तेमाल की आशंका, फॉरेंसिक टीम करेगी जांच**

परिजनों का कहना है कि हत्या में किसी भारी और नुकीली वस्तु का प्रयोग किया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पहुंचे एसडीपीओ चंदन कुमार, थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, एसआई अनोज कुमार, अमितोश कुमार और अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है, ताकि साक्ष्यों के आधार पर हत्याकांड की सच्चाई सामने लाई जा सके।

**पुलिस ने दो को लिया हिरासत में, पूछताछ जारी**

प्रभारी थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि हत्या के मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। परिजनों से भी लगातार जानकारी ली जा रही है। पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है। गांव में एहतियात के तौर पर पुलिस कैंपिंग कर रही है ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह या अशांति ना फैले।

**हत्या की वजह अब तक साफ नहीं, ग्रामीणों में दहशत का माहौल**

फिलहाल हत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। नंदलाल राम का किसी से कोई विवाद था या नहीं, यह भी पुलिस जांच का विषय है। इस निर्मम हत्या ने पूरे डुमरहर गांव को सदमे में डाल दिया है। ग्रामीणों में भय का माहौल है और लोग जल्द से जल्द दोषियों को गिरफ्तार कर सजा दिलाने की मांग कर रहे हैं।

**नंदलाल राम की बेरहमी से हत्या मामले में दो गिरफ्तार, एसपी नेकी जांच**

दरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरहर गांव में 52 वर्षीय नंदलाल राम की सिर कुचलकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस जघन्य हत्याकांड की जांच के लिए पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार गुरुवार को स्वयं मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। हत्याकांड का खुलासा करने के लिए फोरेंसिक टीम भी दरौली पहुंच गई है। पुलिस ने इस मामले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है और जांच जारी है।

# नीतीश कुमार जातिवाद नहीं, जमातवाद के समर्थक : डॉ. सीबी मिश्रा

## बड़हरिया से ब्राह्मण समाज को टिकट मिलने की जताई संभावना, सभी वर्गों का मिल रहा समर्थन



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जदयू चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सीबी मिश्रा ने एक बयान में कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जातिवाद नहीं, बल्कि जमातवाद यानी सर्वसमावेशी विकास के पक्षधर हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों की जमकर प्रशंसा की और कहा कि नीतीश सरकार के मॉडल का अनुकरण आज कई राज्य कर रहे हैं।

**महिलाओं को मिला सबसे ज्यादा लाभ**

डॉ. मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में महिलाओं को सबसे अधिक सशक्त किया गया है। उन्हें न केवल आरक्षण का लाभ मिला, बल्कि शिक्षा, नौकरी और पंचायतों में भी उनकी भागीदारी सुनिश्चित की गई। उन्होंने यह भी जोड़ा कि यह सामाजिक समरसता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। बातचीत के दौरान डॉ. मिश्रा ने संकेत दिया कि आगामी विधानसभा चुनाव में बड़हरिया विधानसभा क्षेत्र से जदयू ब्राह्मण समाज को टिकट दे सकती है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज एकमात्र ऐसा वर्ग है जो सभी जातियों और समुदायों को साथ लेकर चलता है और सामाजिक समरसता में अग्रणी भूमिका निभाता है। डॉ. मिश्रा ने अंत में कहा कि जदयू की नीति हमेशा से समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का विकास मॉडल समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने वाला है और पार्टी इसी सिद्धांत पर काम कर रही है।

# मैं भी राजेंद्र प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को मिला सम्मान

## ई. प्रमोद कुमार मल्ल ने छात्रों को बताया भविष्य का निर्माता

**सीवान/जिरादेई/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजेंद्र फाउंडेशन द्वारा हाल ही में आयोजित 'मैं भी राजेंद्र प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता' में प्रतिभाग करने वाले तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के निदेशक इंजीनियर प्रमोद कुमार मल्ल ने सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान ई. प्रमोद कुमार मल्ल ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा, "जिरादेई के युवा प्रतिभाशाली हैं और यही युवा आने वाले समय में क्षेत्र की तस्वीर बदलने का सामर्थ्य रखते हैं।" उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल हुए सभी विद्यार्थियों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक प्रतियोगिताएं न केवल ज्ञान बढ़ाने का माध्यम हैं, बल्कि छात्रों में आत्मविश्वास भी जगाती हैं। फाउंडेशन द्वारा दिए गए प्रशस्ति-पत्र को लेकर छात्रों में विशेष उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले छात्रों को मंच प्रदान किया गया, जिससे उन्हें आगे और बेहतर करने की प्रेरणा मिली। समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय अभिभावक, शिक्षकगण और समाजसेवी उपस्थित थे। सभी ने राजेंद्र फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना की और आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होता रहेगा।

# शहीद रामबाबू सिंह की शहादत : सीवान ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई

## जम्मू-कश्मीर में सीजफायर उल्लंघन में सीवान के लाल ने गंवाई जान



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूत, बड़हरिया प्रखंड के वसिलपुर गांव निवासी शहीद रामबाबू सिंह का पार्थिव शरीर जब  सिवान पहुंचा, तो हर आंख नम हो गई। सैकड़ों की संख्या में लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। गांव में शोक का माहौल है, लेकिन साथ ही यह गर्व भी है कि उनके गांव का बेटा मातृभूमि की रक्षा करते हुए शहीद हुआ।

**चार महीने पहले हुई थी शादी**

महज चार महीने पहले ही शहीद रामबाबू सिंह की शादी हुई थी। उनकी पत्नी इस समय गर्भवती हैं और जल्द ही उनके बच्चे को जन्म देने वाली हैं। पति की शहादत ने उन्हें गहरे सदमे में डाल दिया है। उनका कहना है कि अब उनके जीवन में कोई सहारा नहीं बचा है। उन्होंने सरकार से एक नौकरी की मांग की है ताकि वह अपने बच्चे का पालन-पोषण स्वाभिमान के साथ कर सकें। तरवारा से वसिलपुर गांव तक शहीद रामबाबू सिंह का पार्थिव शरीर सैनिक सम्मान के साथ जुलूस में ले जाया गया। इस दौरान पूरे रास्ते में "शहीद अमर रहें" और "भारत माता की जय" के नारों से वातावरण गूंज उठा। हजारों की संख्या में ग्रामीण, समाजसेवी, और जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि दी। समाजसेवी अर्जुन यादव की उपस्थिति विशेष रही।

**प्रशासनिक अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि, गांव में पसरा मातम**

शहीद को श्रद्धांजलि देने के लिए जिला प्रशासन की ओर से डीएम मुकुल कुमार गुप्ता, एसपी अमितेश कुमार सहित कई वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे। शहीद के पिता स्व. रामविचार सिंह हरिहरपुर पंचायत के उप मुखिया रह चुके थे। उनके भाई अखिलेश सिंह हजारीबाग में लोको पायलट हैं। शहीद के ससुर, परिजन और गांव के लोग गहरे शोक में हैं, लेकिन उन्हें अपने बेटे की शहादत पर गर्व भी है। रामबाबू सिंह की शहादत केवल एक परिवार का नहीं, पूरे देश का बलिदान है। अब यह सरकार और समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है कि शहीद के परिवार को आर्थिक सहायता, सम्मान और भविष्य की सुरक्षा प्रदान की जाए ताकि उनकी पत्नी और संतान को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

# ज्ञान की धरती बिहार बनी पलायन की धरती: अखिलेश

## कांग्रेस के शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम का आयोजन




**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व सीडब्ल्यूसी के सदस्य पूर्व मंत्री अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा है कि जो बिहार की धरती ज्ञान की धरती थी आज पलायन की धरती हो गई है। आज देश का नेतृत्व इतना कमजोर साबित हो रहा है कि पाकिस्तान के साथ सीजफायर की घोषणा अमेरिका करता है और अपनी दादागिरी को घोषित करता है। उन्होंने बिहार की बात करते हुए कहा कि बिहार नीति आयोग जो भारत सरकार जारी करती है उसके रैंकिंग में स्वास्थ्य सेवा में 28 में से 27वे पायदान पर और उच्च शिक्षा में 28 में पायदान पर पहुंच गया है। एनडीए सरकार की गलत नीतियों के कारण आज युवाओं का यह हाल है कि उन्हें पलायन के लिए मजबूर होना पड़ता है। वे आज यहां कपूरी छात्रावास के समक्ष कांग्रेस की ओर से आयोजित शिक्षा न्याय संवाद को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उपस्थित छात्रों ने भी उनसे कई सवाल पुछा। उन्होंने कहा कि जब वह केंद्रीय मंत्री थे तब उन्होंने बापू के कर्मभूमि से लेकर बापू के जन्म भूमि तक ट्रेन को चलवाया था। गरीब रथ से लेकर कई तरह की ट्रेने उपलब्ध कराई गई थी। आने वाले विधानसभा चुनाव में यदि जनता मौका देती है तो यहां से पलायन को रोका जाएगा। इंडस्ट्री लगाई जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी के निर्देश पर पूरे राज्य में 70 जगह पर शिक्षा न्याय संवाद हो रहा है। जिससे कि हम युवाओं की समस्याओं को समझ सकते हैं। मौके पर पूर्व विधायक मदन मोहन तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष भारत भूषण दुबे, मंजू राम, विनय शाही, अनुराग सिंह, जयेश मंगल सिंह, मोहम्मद हसन, विनय यादव, मोहम्मद एजाज आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन समीक्षा शर्मा ने किया।

# अक्ष फाउंडेशन ने किया कैलगढ़ के मेधावी छात्रों का सम्मान, डिजिटल शिक्षा को मिली नई उड़ान



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में अक्ष फाउंडेशन ने एक प्रेरणादायक पहल करते हुए श्रीकृष्ण उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज, कैलगढ़ के टॉप 11 छात्रों को सम्मानित किया। बुधवार को विद्यालय प्रांगण में आयोजित एक भव्य समारोह में इन विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र, टी-शर्ट और सम्मान चिन्ह प्रदान किए गए। इस अवसर पर अक्ष फाउंडेशन की ओर से छात्रों को "लर्निंग अक्ष" ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफॉर्म के ₹15,000 मूल्य के निःशुल्क स्टडी पास भी वितरित किए गए। यह प्रयास ग्रामीण छात्रों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**समारोह में जुटे विशिष्ट अतिथि**

समारोह में अक्ष फाउंडेशन के निदेशक निरंजन तिवारी, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका लीलावती कुमारी, सीबीआई अधिकारी अभिषेक प्रकाश, शिक्षकगण विपिन मिश्रा, प्रेम कुमार शर्मा, सत्येंद्र तिवारी, दीपक आनंद, राजेश पंडित, भूपेंद्र प्रसाद समेत बड़ी संख्या में अभिभावकगण मौजूद रहे।

**सम्मानित छात्र-छात्राएं**

समारोह में खुशी कुमारी, आर्यन कुमार, गोल्डी कुमारी, अंकित, युवराज सहित कुल 11 मेधावी छात्रों को मंच पर सम्मानित किया गया।

**सीबीआई अधिकारी ने छात्रों को किया प्रेरित**

विद्यालय के पूर्व छात्र एवं वर्तमान में सीबीआई अधिकारी अभिषेक प्रकाश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, डिजिटल शिक्षा आने वाले युग की रीढ़ है। ग्रामीण छात्रों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अक्ष फाउंडेशन इस दिशा में बेहद सराहनीय कार्य कर रहा है।

**छात्रों को मिली ऊर्जा और दिशा**

निदेशक निरंजन तिवारी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा, यह सम्मान आपकी मेहनत और लगन का प्रतिफल है। अक्ष फाउंडेशन भविष्य में भी छात्रों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।

**समापन रहा आध्यात्मिक और प्रेरणादायक**

समारोह का समापन शिक्षक सत्येंद्र मिश्रा द्वारा प्रस्तुत एक प्रेरक संस्कृत श्लोक के साथ हुआ, जिसने कार्यक्रम को एक आध्यात्मिक ऊँचाई दी। समारोह के अंत में उपस्थित छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने अक्ष फाउंडेशन की इस पहल को छात्रों के भविष्य के लिए संजीवनी बूटी की संज्ञा दी और इसके लिए गहरा आभार जताया। यह आयोजन न केवल मेधावी छात्रों के लिए सम्मान का अवसर था, बल्कि ग्रामीण शिक्षा के डिजिटलीकरण की दिशा में एक प्रेरणास्पद कदम भी साबित हुआ।

# जमीनी आकांक्षाएं नीति निर्माण की बनेंगी आधारशिला: जिलाधिकारी



**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सारण जिले में संचालित महिला संवाद कार्यक्रम अब महिला सशक्तिकरण और जनसरोकार से जुड़ी मांगों को उठाने का प्रभावी मंच बनता जा रहा है। जिले के 18 प्रखंडों में अब तक कुल 989 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित हो चुके हैं, जिसमें 2.4 लाख से अधिक महिलाओं और युवतियों ने भाग लिया है। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने और उन्हें उनसे जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। हर आयोजन स्थल पर जागरूकता रथ के माध्यम से बिहार सरकार द्वारा महिलाओं के हित में चलाई जा रही योजनाओं पर आधारित वीडियो फिल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी लीफलेट के माध्यम से सरल भाषा में दी जा रही है। जिससे जमीनी स्तर पर महिला सशक्तिकरण को बल मिल रहा है। गुरुवार को जिला समाहरणालय सभागार में प्रभारी मंत्री सुमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति एवं मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी अमन समीर ने महिला संवाद कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से जो जमीनी आकांक्षाएं सामने आ रही हैं, वे न केवल व्यावहारिक हैं, बल्कि भविष्य की नीतियों के निर्धारण में सहायक भी हो सकती हैं। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी इन आकांक्षाओं को राज्य स्तरीय नीति निर्माण में शामिल किए जाने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने सहमति जताते हुए कहा कि इन सुझावों को राज्य स्तर पर अनुशंसा के लिए भेजा जाएगा।

# मोबाइल चोरी के आरोप में किशोर की बेरहमी से पिटायी मामले में एक गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चनपटिया के एक गांव में एक नाबालिग को मोबाइल चोरी का आरोप लगा पेंड़ से लटकाकर बेरहमी से पिटाई करने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वही नाबालिग की मां कोशिला देवी की शिकायत पर दो नामजद समेत 3 अज्ञात लोगों के विरुद्ध चनपटिया थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। एसडीपीओ विवेक कुमार दीप ने बताया कि  नाबालिग किशोर पर चोरी का आरोप लगाकर गांव वालों ने दोनों हाथ बांध उसे नीम के पेड़ में लटकाकर पिटाई की थी। बुधवार की सुबह घटी इस घटना का वीडियो वायरल होने पर यह मामला पुलिस के संज्ञान में आया। पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए घटना में शामिल कर्णपट्टी गांव निवासी शेख जानेसार (36) को गिरफ्तार कर लिया है।

# सही मार्गदर्शन से मिलती है सफलता की दिशा: अर्जुन सिंह

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सही समय पर सही दिशा मिल जाए, तो मंज़िल तक पहुंचने में देर नहीं लगती! यह कहना है छपरा के मशहूर कैरियर मेंटर अर्जुन सिंह का, जो युवाओं को समय पर उचित करियर मार्गदर्शन देने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकतर छात्र जीवन के सबसे महत्वपूर्ण मोड़—10वीं और 12वीं के बाद—बिना उचित जानकारी, दबाव या भीड़ के पीछे चलकर गलत दिशा में बढ़ जाते हैं और फिर 30 से 35 साल की उम्र में पछताते हैं कि करियर की दिशा गलत थी। उन्होंने कहा कि यदि छात्रों को सही समय पर सही मार्गदर्शन मिल जाए, तो उनका जीवन रॉकेट की तरह ऊंचाइयों को छू सकता है। लेकिन मार्गदर्शन के अभाव में वही छात्र वर्षों बाद यह सोचने को मजबूर होते हैं- "अब क्या करूं?" इसलिए यह जरूरी है कि हर छात्र को स्कूल के बाद ही उचित काउंसलिंग और करियर गाइडेंस मिले। उन्होंने बताया कि उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए अब पैसे की कमी बाधा नहीं बनेगी। बिहार सरकार की 'स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड' योजना के माध्यम से राज्य के छात्र देश के टॉप कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में प्रवेश ले सकते हैं। अर्जुन सिंह ने सभी छात्रों व अभिभावकों से अपील की कि वे करियर का चुनाव सोच-समझ कर करें। क्योंकि यही चुनाव उनके जीवन की दिशा तय करेगा।

# पूर्व मंत्री डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं में भरा जोश

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व, ऑपरेशन सिन्दूर व तिरंगा यात्रा पर दिया विस्तृत वक्तव्य



**बनियापुर (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बनियापुर विधानसभा क्षेत्र के सिसई गांव में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय कार्यकताओं की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक को भाजपा के वरीय नेता एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह ने संबोधित किया। अपने ओजस्वी भाषण से उन्होंने कार्यकताओं में जोश भरते हुए पार्टी के विचारों को बूथ स्तर तक पहुंचाने का आह्वान किया। डॉ. सिंह ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मोदी जी के निर्णायक नेतृत्व ने भारत को वैश्विक मंच पर सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। विदेश नीति, रक्षा, अर्थव्यवस्था व मानवीय मूल्यों के क्षेत्र में भारत आज विश्वगुरु की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि बिहार की धरती से मोदी जी ने ऐलान किया था कि आतंकवादियों को संरक्षण देने वालों को मिट्टी में मिला देंगे, और उन्होंने यह कर दिखाया। उन्होंने ऑपरेशन सिन्दूर का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल सैन्य सफलता नहीं, बल्कि भारत की महिलाओं के सम्मान और नागरिकों की सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह अभियान भारत की संप्रभुता, संवेदना और कूटनीति का संगम है। बैठक में डॉ. सिंह ने बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि संगठन को गांव-टोला तक सक्रिय किया गया है और युवा, महिला व किसान मोर्चो के माध्यम से संगठन में नई ऊर्जा आई है। जिसका परिणाम आगामी चुनावों में देखने को मिलेगा। उन्होंने देश भर में चल रही तिरंगा यात्रा को राष्ट्रभक्ति का उत्सव बताते हुए कहा, ह्यह यात्रा भारत की आत्मा, संविधान और शहीदों की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। सभी कार्यकताओं को चाहिए कि वे पूरे उत्साह व अनुशासन के साथ इस यात्रा में भाग लें। बैठक में क्षेत्र के दर्जनों गांवों से आए कार्यकताओं ने भाग लिया। राष्ट्रगान व वंदे मातरम् के साथ राष्ट्रध्वज को नमन किया गया। कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि वे आगामी चुनावों में भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाने के लिए दिन-रात मेहनत करेंगे। बैठक में मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, सरपंच योगेन्द्र ठाकुर, सुदर्शन महतो, राजेश कुशवाहा, पप्पू सिंह, विजय मिश्रा, राधा सिंह समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

